अधिकतम 38 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम
सूर्यादय 5.20
सूर्यास्त 7.22
सोना 24 कैरेट: 1,55,880.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,75,000
सेंसेक्स : 74,238.56
अमेरिका : 94.95
कैनेडियन : 68.41
आस्ट्रेलिया : 67.76

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 41 | चंडीगढ़, शनिवार, 06 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष : षष्ठी, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 155 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12





## ‘मुख्यमंत्री मांवा-धीयां सत्कार योजना’ की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

# पहली जुलाई से महिलाओं को मिलेगी वित्तीय सहायता : सीएम मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

- पंजाब सरकार ने ‘मुख्यमंत्री मांवा-धीयां सत्कार योजना’ के लिए 9,300 करोड़ रुपए किए आवंटित
- सभी श्रेणियों की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह और अनुसूचित जाति की महिलाओं को मिलेंगे 1,500 रुपए प्रति माह

**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ‘मुख्यमंत्री मांवा-धीयां सत्कार योजना’ के क्रियान्वयन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य की पात्र महिलाओं को पहली जुलाई से वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करना और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत पंजाब की प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने की पात्र होंगी।



### 97 प्रतिशत महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना

भगवंत मान ने बताया कि इस योजना से पंजाब की करीब 97 प्रतिशत महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है। इसके लिए राज्य सरकार ने बजट में 9,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगी। महिलाओं की आर्थिक मजबूती से परिवारों की स्थिति बेहतर होगी, लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और सामाजिक व आर्थिक निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

### महिलाओं को स्वाभिमान प्रदान करेगी यह योजनाः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि यह वित्तीय सहायता महिलाओं को अमीर नहीं बनाएगी, लेकिन यह उन्हें स्वाभिमान अवश्य प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं सबसे अधिक सम्मान की हकदार हैं क्योंकि वे स्वयं जीवन का स्रोत हैं। माताओं और बहनों के आशीर्वाद दुनिया की हर चुनौती को पार करने में मदद कर सकते हैं। परिवार की भलाई में सुधार, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और सामाजिक तथा आर्थिक निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करना बहुत आवश्यक है।

### प्रदेश भर में शुरू हो चुका है पंजीकरण

पंजीकरण प्रक्रिया की प्रगति का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में पंजीकरण पहले ही शुरू हो चुका है और हर रोज लाखों महिलाओं के नाम दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति श्रेणी से संबंधित महिलाओं को इस योजना के तहत 1,500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करने की जिम्मेदारी लगभग दो लाख ‘महिला सत्कार सखियों’ को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बताया कि ये पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों, सेवा केंद्रों और संबंधित जिलों में डिप्टी कमिश्नरों द्वारा विशेष रूप से निर्धारित अन्य स्थानों के माध्यम से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल पंजाब भर में महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने में बहुत सहायक सिद्ध होगी कि वे सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सकें।

## चंडीगढ़ में नायब सैनी व दिल्ली के एलजी की मुलाकात

# दिल्ली में पानी संकट पर हुई चर्चा हरियाणा 1000 क्यूसक दे रहा पानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह तन्नू से मुलाकात की। इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन बैठक में हरियाणा, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर चर्चा होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा दिल्ली में चल रहे पानी के संकट पर भी चर्चा हुई। अभी हरियाणा दिल्ली को 1000 क्यूसक पानी दे रहा है, इससे दिल्ली में जल संकट के बीच बड़ी राहत पहुंची है। सूत्रों के अनुसार बैठक में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बुनियादी ढांचा विकास, जल प्रबंधन, ई-गवर्नेंस और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने जैसे विषय प्रमुख रहे।

**दिल्ली के बढ़ते शहरीकरण पर भी चर्चा:** हरियाणा सरकार पहले से ही विजन-2047, शहरी अवसंरचना विस्तार और तकनीक आधारित प्रशासनिक सुधारों पर काम कर रही है, जबकि दिल्ली प्रशासन भी शहरी सेवाओं और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर जोर दे रहा है। बैठक के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच बेहतर समन्वय, निवेश आकर्षित करने, परिवहन नेटवर्क और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना जताई है।



### दिल्ली-हरियाणा के बीच बढ़ेगा सहयोग

हाल के महीनों में मुख्यमंत्री नायब सैनी विभिन्न अंतरराज्यीय विषयों, विशेषकर जल संसाधन, निवेश और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लेकर लगातार उच्चस्तरीय बैठकों में सक्रिय रहे हैं। राजनीतिक जानकार इस मुलाकात को हरियाणा और दिल्ली प्रशासन के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम मान रहे हैं। हालांकि बैठक के बाद कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन इसे दोनों प्रशासनिक इकाइयों के बीच संवाद और समन्वय मजबूत करने की पहल के तौर पर देखा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया पौधारोपण

# योग हमारी सनातन संस्कृति का अनमोल उपहार है: सीएम सैनी

मुख्यमंत्री ने 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र कम मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा

कुरुक्षेत्र, 5 जून-हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग हमारी सनातन संस्कृति का वह अनमोल उपहार है, जो हमारे ऋषियों-मुनियों ने पूरी मानवता के कल्याण के लिए दिया है। भारत की हजारों वर्षों पुरानी योग परंपरा आज पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। एक समय था जब योग केवल आश्रमों और गुरुकुलों तक सीमित माना जाता था, लेकिन आज विश्व के लगभग हर देश में योग किया जा रहा है। यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण और महिला छात्रावास के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण किया। इसके साथ ही सभी गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों व आम नागरिकों ने भी लगभग 101 पौधे रोपित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र कम मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन किया और करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुमंजिला महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने आयुष युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के स्टाइफंड को जल्द बढ़ाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के गीत को लॉच किया, विश्वविद्यालय की रिसर्च जनरल, पीएचडी शोध कार्य से संबंधित शोध गंगा पोर्टल सहित दो पुस्तकों का विमोचन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयुष विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के उपरांत अखंड गीता पीठ साश्वत सेवाश्रम ट्रस्ट में महामंडलेश्वर डा. स्वामी शाश्वत नंद गिरी महाराज द्वारा आयोजित संपूर्ण सुंदर कांड पारायण एवं प्रवचन समारोह में हिस्सा लिया।



### कुरुक्षेत्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यह वह भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र को कर्म, ज्ञान और योग का अमर संदेश दिया था। उन्होंने गीता में योग के बारे में कहा है कि योगः कर्मसु कौशल अर्थात् योग से कर्मों में कुशलता आती है। इसलिए योग की चर्चा जब कुरुक्षेत्र की धरती पर होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखा गया है। यह थीम आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि हमारे यहां वृद्धों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और प्रदेश में सरकार ने नशा मुक्त योग युक्त थीम को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र की महासभा में अपने पहले ही उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की पुरजोर पैरवी की थी। उन्हीं के भगीरथ प्रयासों से वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उस समय 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और आज 200 से भी अधिक देशों में योग दिवस आयोजित होता है। इस प्रकार, एक बार फिर योग लोगों की जीवन शैली का हिस्सा बन गया है।




## कैप्टन अमरिंदर की कांग्रेस में वापसी पर वड़िंग ने तोड़ी चुप्पीः बोले-

# कैप्टन-हुड्डा सीएम रहे हैं दोनों की अच्छी बॉन्डिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत पार्टी छोड़ चुके नेताओं की वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हालिया बयान के बाद कैप्टन की कांग्रेस में वापसी की अटकलें और बढ़ गई हैं। इस बीच कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बयान ने भी इन चर्चाओं को हवा दी है। वड़िंग ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह और भूपेंद्र सिंह हुड्डा दोनों मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उनके बीच अच्छे संबंध हैं। दोनों पुराने मित्र हैं और लंबे समय तक साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संभव है दोनों के बीच बातचीत हुई हो, लेकिन उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।




वहीं, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा के लिए दोबारा नामित नहीं किए जाने पर राजा वड़िंग ने दावा किया कि भाजपा में बिट्टू का राजनीतिक भविष्य कमजोर पड़ गया है। इसी कारण भाजपा ने उन्हें राज्यसभा के लिए दोबारा मौका नहीं दिया। इसके अलावा राजा वड़िंग ने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू और सुनील जाखड़ को क्क्क जल्द श्ङ्ग (पूर्व) कर दिया है।




# 3,440 गांवों तक पहुंचा मान सरकार का ई-रिक्शा अभियान, पंजाब में जमीनी स्तर पर 'युद्ध नशों विरुद्ध' आंदोलन को मिली और मजबूती

**ई-रिक्शे जागरूकता फैलाने, नशा पीड़ितों को पुनर्वास से जोड़ने तथा गुप्त रूप से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देकर नशों के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत बना रहे हैं: डॉ. बलबीर सिंह**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान को भगवंत मान सरकार की ई-रिक्शा आधारित जागरूकता पहल से नई गति मिली है। गांव-गांव पहुंचकर जागरूकता फैलाने, नशा पीड़ितों को पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने और नशा तस्करों के संबंध में गोपनीय जानकारी जुटाने का कार्य कर रहे ये ई-रिक्शे अब तक राज्य के 3,440 गांवों तक पहुंच चुके हैं। यह संख्या पंजाब के कुल गांवों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है।

यह पहल राज्य के 86 विधानसभा क्षेत्रों में संचालित की जा रही है। पायलट परियोजना के तहत पंजाब के 23 जिलों में से प्रत्येक जिले से एक विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया है। प्रत्येक चयनित क्षेत्र में एक विशेष ई-रिक्शा तैनात किया गया है, जो औसतन 40 गांवों को कवर कर रहा है। इन मोबाइल जागरूकता इकाइयों का उद्देश्य नशों के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना, नशा मुक्ति सेवाओं की जानकारी देना और नशा तस्करी से संबंधित सूचनाएं सुरक्षित एवं गोपनीय तरीके से एकत्र करना है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा अभियान मान सरकार की नशा विरोधी मुहिम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। उन्होंने बताया कि ये ई-रिक्शे उन इलाकों तक भी पहुंच रहे हैं, जहां सामान्य जागरूकता कार्यक्रमों की पहुंच सीमित रहती है। गांवों में जाकर यह अभियान न केवल नशों के सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर चर्चा कर रहा है, बल्कि नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों को उपचार और पुनर्वास सुविधाओं से जोड़ने का भी कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि लोगों से सुरक्षित और गोपनीय तरीके से जानकारी प्राप्त करने की व्यवस्था के कारण ग्रामीणों का भरोसा बढ़ा है। यही वजह है कि नशा तस्करी और नशे से जुड़े मामलों की जानकारी अब अधिक संख्या में सामने आ रही है। डॉ. बलबीर सिंह के अनुसार स्थानीय लोगों ने इन मोबाइल इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में विशेष रुचि दिखाई है, जिससे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है।

इस अभियान की सफलता में विलेज डिफेंस कमेटियों (वीडीसी) की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गांव स्तर पर गठित ये समितियां अभियान की निगरानी करने, स्थानीय समस्याओं की पहचान करने और सरकार तक फीडबैक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। विभिन्न जिलों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार ई-रिक्शों की तैनाती के बाद जागरूकता कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी बढ़ी है, गांव स्तर की बैठकों में उपस्थिति अधिक हुई है और ग्रामीणों तथा प्रशासन के बीच संवाद मजबूत हुआ है।

अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए जून माह में चरणबद्ध बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पहले सप्ताह में विधानसभा स्तर की बैठकों में विधायक, एसडीएम, डीएसपी, एसएचओ और वीडीसी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। दूसरे सप्ताह में ब्लॉक एवं गांव स्तर की बैठकों में शिकायतों और कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। तीसरे सप्ताह में मंत्री तथा सिविल एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अभियान की स्थिति का मूल्यांकन करेंगे, जबकि अंतिम सप्ताह में मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वयं 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। पंजाब सरकार का मानना है कि नशों के खिलाफ लड़ाई केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई से नहीं जीती जा सकती, बल्कि इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। जागरूकता, जनसहभागिता और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही को केंद्र में रखकर शुरू की गई ई-रिक्शा पहल इसी दिशा में एक प्रभावी और परिणामदायी कदम साबित हो रही है।

## श्वास संबंधी बीमारियों से पीड़ित 3000 से अधिक मरीजों को भगवंत मान सरकार की 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत मिला कैशलेस इलाज

**कोई भी परिवार पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे, 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' इस उद्देश्य को कर रही है साकार: डॉ. बलबीर सिंह**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' श्वास संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। योजना के तहत अब तक निमोनिया, दमा (अस्थमा), क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और सांस लेने में कठिनाई जैसी बीमारियों से पीड़ित 3,000 से अधिक मरीजों का कैशलेस उपचार किया जा चुका है। इन उपचारों पर सरकार द्वारा लगभग 86 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि योजना के तहत अब तक श्वास संबंधी रोगों से जुड़े 3,019 उपचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि योजना शुरू होने के बाद पिछले पांच महीनों में करीब 46 लाख लोग स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के तहत पंजीकृत हो चुके हैं। यह योजना प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को समय पर उपचार मिल रहा है।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि श्वास संबंधी बीमारियां समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर और जानलेवा रूप धारण कर सकती हैं। पहले कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण अस्पताल जाने में देरी कर देते थे, जिससे बीमारी बढ़ जाती थी और इलाज का खर्च भी अधिक हो जाता था। अब मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के माध्यम से मरीज बिना किसी वित्तीय चिंता के तुरंत चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में बदलते मौसम और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण श्वास संबंधी रोग अस्पताल में भर्ती होने के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। खांसी, बुखार और सांस लेने में परेशानी जैसी शुरुआती समस्याएं समय पर उपचार न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती हैं। योजना के तहत 2,300 से अधिक प्रक्रियाओं और उपचारों की कैशलेस सुविधा उपलब्ध है, जिससे लोग बीमारी के प्रारंभिक चरण में ही इलाज कराने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं।

पटियाला स्थित माता कौशल्या सरकारी अस्पताल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जोरावर सिंह ने कहा कि श्वास रोगों के उपचार में देरी आज भी एक बड़ी चुनौती है। उनके अनुसार अधिकांश मामलों में शुरुआती चरण में उपचार अधिक प्रभावी होता है, लेकिन आर्थिक कारणों से कई मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत उपलब्ध कैशलेस सुविधा इस समस्या को काफी हद तक दूर कर रही है।

# सीमा पार संचालित हथियार, नशा और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़; अफगान नागरिक सहित छह व्यक्ति 1 किलो हेरोइन, 5 पिस्तौल और 5 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार

**नेटवर्क माझा और दोआबा क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा था: गौरव यादव**

**गिरफ्तार आरोपी बाज़ मोहम्मद, अंकुश बर्थवाल और देश राज आदतन अपराधी: गुरप्रीत भुल्लर**



**आरोपी अंकुश बर्थवाल हाल ही में युगांडा से भारत लौटा था**

पुलिस आयुक्त ने कहा कि जांच में पता चला है कि आरोपी अंकुश बर्थवाल हाल ही में युगांडा से भारत लौटा था, जहां वह नौकरी कर रहा था। विदेश में उसके एक सहकर्मी ने उसकी मुलाकात बाज़ मोहम्मद से करवाई थी। भारत लौटने के बाद अंकुश ने बाज़ मोहम्मद के साथ मिलकर नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी एवं सप्लाई का काम शुरू कर दिया। इस संबंध में अमृतसर के छावनी थाना में शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) की धारा 25 (6,7,8) तथा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21-सी और 29 के तहत एफआईआर संख्या 91 दिनांक 24-05-2026 दर्ज की गई है।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 5 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक अफगान नागरिक और दो नाबालिगों सहित छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सीमा पार संचालित हथियार, नशा और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.035 किलोग्राम हेरोइन, पांच आधुनिक पिस्तौल और 5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाज़ मोहम्मद (62), जो अफगानिस्तान का नागरिक है और पहले हरियाणा के सोनीपत में रह रहा था तथा हाल ही में नई दिल्ली के लाजपत नगर में रहने लगा था; नवांशहर की गुरु अंगद देव कॉलोनी निवासी अंकुश बर्थवाल (33); जालंधर के गांव भट्टियां निवासी देश राज उर्फ विक्की (32); तथा लोपोके के गांव रणिया निवासी राजनदीप सिंह उर्फ राजा (26), जो वर्तमान में अमृतसर के सन्नी एन्क्लेव में रह रहा है, के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए बाज़ मोहम्मद, अंकुश बर्थवाल और देश राज उर्फ विक्की आदतन अपराधी हैं और उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। बरामद किए गए हथियारों में तीन 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), एक .30 बोर जिगाना पिस्तौल, एक .30 बोर पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी साथियों के साथ मिलकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से स्थापित संपर्कों के जरिए अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त करते थे और फिर अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर उन्हें आगे सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि यह नेटवर्क माझा और दोआबा क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा था।

डीजीपी ने कहा कि नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान करने तथा और अधिक जानकारी जुटाने के लिए मामले की आगे और पीछे की कड़ियों की जांच की जा रही है। कार्रवाई के संबंध में जानकारी साझा करते हुए अमृतसर के पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि प्रारंभिक चरण में पुलिस टीमों ने दो नाबालिगों को एक ग्लॉक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार किया था। उनके खुलासों के आधार पर 500 ग्राम हेरोइन और एक अन्य पिस्तौल भी बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीमों ने बाज़ मोहम्मद, अंकुश बर्थवाल और देश राज उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से तीन पिस्तौल, 535 ग्राम हेरोइन और 5 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की। आगे की पूछताछ के दौरान उनके एक अन्य साथी राजनदीप सिंह उर्फ राजा को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### खाद्य सुरक्षा और पोषण को मजबूत बनाने पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग की समीक्षा बैठक

## चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और अंतर-विभागीय समन्वय पर दिया गया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 के तहत राज्य में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक में स्कूलों में पोषण संबंधी बगीचों, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रमों और जन-जागरूकता अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक के दौरान सरकारी स्कूलों में स्थापित न्यूट्रिशनल गार्डन की स्थिति और उपयोगिता की समीक्षा की गई। चेयरमैन ने कहा कि ये बगीचे केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों को पोषण, टिकाऊ कृषि और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी व्यावहारिक शिक्षा देने का माध्यम बनें। उन्होंने इन गतिविधियों को स्कूल पाठ्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया।

बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिड-डे मील व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को रसोईघरों की स्वच्छता बनाए रखने, भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और रसोइयों को नियमित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए।

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच, बच्चों की वृद्धि की निगरानी और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का भी मूल्यांकन किया गया। बाल मुकंद शर्मा ने कुपोषण की समय रहते पहचान और उसके समाधान के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई।

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। आयोग ने पाया कि पात्र लाभार्थियों तक उनके अधिकारों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी पहुंचाने के लिए और अधिक प्रयासों की जरूरत है। इसके लिए जिला अधिकारियों को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां तेज करने तथा स्थानीय मीडिया, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में चेयरमैन ने जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों और समयबद्ध रिपोर्टिंग पर बल दिया। उन्होंने घोषणा की कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शीर्ष तीन स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोग के सदस्य विजय दत्त, जसवीर सिंह सेखों और सदस्य सचिव कनू थिंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सी.ई.ओ. पंजाब ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी आई.टी. मॉड्यूलों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जून।** भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) द्वारा मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत आज यहां पंजाब, हरियाणा तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के चुनाव अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए एक बड़े स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान के दौरान अधिकारियों को स्थापित की जा रही सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों तथा सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों से भली-भांति परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्रक्रियागत समझ में एकरूपता लाना, आई.टी. तैयारियों को मजबूत करना तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

मुख्य चुनाव अधिकारी (सी.ई.ओ.) पंजाब, अनिंदिता मित्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास है कि अंतिम मतदाता सूचियां पूर्णतः सही, समावेशी और अद्यतन हों। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पूर्ण अखंडता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित कार्मिकों की उपलब्धता तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी का रणनीतिक उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

तकनीकी सत्रों का संचालन भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों और आई.टी. विशेषज्ञों द्वारा किया गया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रमुख प्रतिभागियों एवं संचालकों में डॉ. सीमा खन्ना तथा तकनीकी विशेषज्ञों की एक विशेष टीम शामिल थी। सत्र के समापन पर पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को पूर्णतः पेशेवर, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित तरीके से लागू करने के प्रति राज्य के चुनावी अमले की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

## वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने पी.एस.टी.सी. की समीक्षा बैठक की; व्यापारियों की शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निपटारा करने के निर्देश

**मुख्यमंत्री मान और आप संयोजक केजरीवाल अगले सप्ताह से व्यापारियों की बैठकों की व्यक्तिगत रूप से अध्यक्षता करेंगे: चीमा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज पंजाब भवन में पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन (पी.एस.टी.सी.) की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें व्यापारियों की सभी शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। राज्य के व्यापारिक माहौल को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल अगले सप्ताह से व्यापारियों के साथ होने वाली बैठकों की व्यक्तिगत रूप से अध्यक्षता करेंगे, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक तेज तथा प्रभावी बनाया जा सके।

समीक्षा बैठक की शुरुआत एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रस्तुति से हुई, जिसमें पिछली पी.एस.टी.सी. बैठकों के प्रमुख बिंदुओं तथा इन मंचों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई।

पी.एस.टी.सी. के चेयरमैन के रूप में बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित पोर्टल की निरंतर निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का सात दिनों के भीतर पूर्ण समाधान किया जाए। प्रशासनिक देरी को समाप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने आयोग के सदस्यों को सचिव-स्तरीय अधिकारियों के साथ सक्रिय व्हाट्सऐप संचार चैनल स्थापित करने तथा सभी संबंधित राज्य विभागों के मुख्यालयों में समर्पित नोडल अधिकारियों की तत्काल नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

व्यापारी भाईचारे के सामने आने वाली सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए वित्त मंत्री ने स्पेशल डी.जी.पी. (कानून एवं व्यवस्था) को उनके कार्यालय में एक विशेष राज्य स्तरीय शिकायत सेल स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, यह समर्पित सेल सुनिश्चित करेगा कि व्यापारियों को प्रभावित करने वाले कानून-व्यवस्था संबंधी मामलों में तत्काल और उच्च-स्तरीय प्रशासनिक हस्तक्षेप हो, ताकि ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान किया जा सके।

इसके अलावा वित्त मंत्री चीमा ने व्यापारी भाईचारे के साथ मजबूत संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए पी.एस.टी.सी. को निर्देश दिए कि जिला स्तरीय बैठकों की सूचना पर्याप्त समय पहले जारी की जाए। उन्होंने कहा, ÷जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए इन बैठकों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। विशेष रूप से मुख्यमंत्री की ओर से भेजे जाने वाले निमंत्रण पत्र निर्धारित बैठकों से कम-से-कम एक सप्ताह पहले संबंधित व्यापारियों तक पहुंचने चाहिए।

इससे पहले बैठक के दौरान पी.एस.टी.सी. के वाइस चेयरमैन अनिल ठाकुर तथा आयोग के विभिन्न सदस्यों ने जमीनी स्तर से प्राप्त महत्वपूर्ण फीडबैक और सुझाव साझा किए।

इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिनमें वित्तीय आयुक्त (कर) अजीत बालाजी जोशी, स्पेशल डी.जी.पी. (कानून एवं व्यवस्था) पी. के. सिन्हा, निदेशक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति बी. श्रीनिवासन, कर आयुक्त जतिंदरा जोरवाल, पी.एस.टी.सी. के सचिव पुनीत गोयल, निदेशक स्थानीय निकाय ए. एस. बराड़, विशेष सचिव (श्रम) रविंदर सिंह तथा विभिन्न राज्य विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक मिलनी के दौरान डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करवाया

**लोगों की समस्याओं को उनके घरों के निकट ही हल करने के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्ध: डिप्टी स्पीकर**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गढ़शंकर, 5 जून।** पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर स जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने शेर-ए-पंजाब मैरिज पैलेस, गांव पदराना में एक विशेष लोक मिलनी का आयोजन किया। इस लोक मिलनी में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं, मांगें तथा विकास से संबंधित मुद्दे डिप्टी स्पीकर के ध्यान में लाए। लोक मिलनी के दौरान डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने प्रत्येक शिकायत और मांग को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू किए गए 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घरों के निकट ही करने के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्ध है। लोक मिलनियों का उद्देश्य आम लोगों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना तथा लोगों को तत्काल राहत प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। स रौड़ी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों के निपटारे के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रौड़ी ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र गढ़शंकर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाई जा रही हैं और आने वाले समय में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और वे हमेशा क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने स रौड़ी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की लोक मिलनियों से आम लोगों को अपनी बात सीधे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनती है।

इस लोक मिलनी के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, पार्टी नेता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब भर के सड़क विकास कार्यों का लिया जायजा, मॉनसून सीजन से पहले सख्ती से निगरानी करने के दिए निर्देश

**लोक निर्माण मंत्री ने सभी सड़क परियोजनाओं की रोजाना आधार पर निगरानी और समय सिर पूरा करने के दिए आदेश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने पीआरबीडीबी कार्यालय, एसएएस नगर (मोहाली) में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान राज्यभर में चल रहे सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मॉनसून सीजन शुरू होने से पहले सभी परियोजनाएं समय पर पूरी करने और उनकी सख्त निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य में करीब 45,000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण का कार्य करवा रही है। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधीन राज्य मार्गों और लिंक सड़कों पर चल रहे कार्यों की हल्का और मंडलवार समीक्षा की गई। हरभजन सिंह ईटीओ ने इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह को सभी परियोजनाओं की रोजाना निगरानी करने और प्रत्येक कार्य के लिए दैनिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री, विशेष रूप से लुक और अन्य संसाधनों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बारिश के मौसम में कार्य प्रभावित न हों। गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष जोर देते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, निर्माण गुणवत्ता की जांच करने तथा साइन बोर्ड, लेन मार्किंग और अन्य तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने यह भी कहा कि फंड से संबंधित लंबित मांगों और भुगतान मामलों का तत्काल निपटारा किया जाए, ताकि परियोजनाओं की गति प्रभावित न हो।

# हरित क्रांति की तरह बागवानी एवं एग्री-बिजनेस क्रांति का अब नेतृत्व करेगा हरियाणा : नायब सैनी

मुख्यमंत्री ने 2,738 करोड़ रुपये की सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का किया शुभारंभ, हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर की रखी आधारशिला

हरियाणा में 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस बनेंगे, बागवानी के किसान होंगे मालामाल

जापान के कोची विश्वविद्यालय से हरियाणा के किसानों को मिलेगी अनुसंधान की विश्वस्तरीय तकनीक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से 'जाईका वित्तपोषित- सतत बागवानी संवर्धन परियोजना- हरियाणा' का शुभारम्भ करते हुए। साथ में हैं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा। **फोटो : अजीत कौशल**

**पंचकूला, 5 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में किसान, युवा, महिलाएं और आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हरियाणा को बागवानी, एग्री-बिजनेस, कोल्ड चेन, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि निर्यात के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर कृषि को अधिक टिकाऊ, आधुनिक और लाभकारी बनाने, जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 2,738 करोड़ रुपये की लागत से जाईका वित्तपोषित सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का शुभारंभ तथा हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर का शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं न केवल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, बल्कि हरियाणा की कृषि व्यवस्था को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के साथ इस दौरान प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे। दोनों ने इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया, साथ ही बागवानी विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीआईसीए के मुख्य प्रतिनिधि श्री टाकेची टकूरो, फर्स्ट सेकेरट्री फूड एंड एग्रीकल्चर श्री टाकेहिको हयासे तथा ब्रिटिश डिप्टी हाईकमीश्नर ऐलबा स्मीरिग्लयो मौजूद थे। तीनों ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार द्वारा किसान हित में उठाये गये कदमों की तारीफ की।

उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन केवल दो परियोजनाओं के शुभारंभ का नहीं, बल्कि हरियाणा के कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक नई दिशा तय करने का दिन है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा एक बार फिर देश को नई राह दिखाएगा और हरित क्रांति की तरह बागवानी एवं एग्री-बिजनेस क्रांति का नेतृत्व भी करेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ने देश को हरित क्रांति दी थी, लेकिन बदलती जलवायु, गिरते भूजल स्तर, बढ़ती कृषि लागत और छोटी जोत जैसी चुनौतियों को देखते हुए अब कृषि क्षेत्र में नए विकल्प अपनाने की आवश्यकता है। बागवानी, फल, सब्जियां, मसाले, औषधीय पौधे, फूल, मशरूम और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों में किसानों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में जलभराव एवं सेम की समस्या के समाधान के लिए बायोड्रेनेज तकनीक का उपयोग करते हुए इस वर्ष 1,000 हेक्टेयर जलभराव प्रभावित भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा, जिससे भूमि पुनः कृषि योग्य बन सकेगी। इसके साथ ही भूमिगत जल संरक्षण के लिए शिवालिक एवं अरावली क्षेत्रों में 25 नए जल भंडारण बांध बनाए जाएंगे तथा 25 पुराने बांधों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

इस दौरान गृह सचिव श्री सुधीर राजपाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विजयेंद्र कुमार, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री विनय प्रताप सिंह, बागवानी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री अर्जुन सैनी, मेयर श्री श्याम लाल बंसल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### हरियाणा में 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस बनेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में फलों और सब्जियों का 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा खेत से बाजार तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाता है। इस चुनौती का समाधान सतत बागवानी संवर्धन परियोजना के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना के तहत 400 बागवानी क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, 500 उत्पादक समूहों को संगठित एवं सशक्त बनाया जाएगा, 402 पैक हाउस, 4 लीड पैक हाउस, 3 फुलफिलमेंट सेंटर तथा 44 रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 1,000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा तथा 65,000 एकड़ क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना खेत से बाजार तक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगी तथा आधुनिक कोल्ड चेन नेटवर्क किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में सहायक होगा। परियोजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वास्तविक समय निगरानी प्रणाली, मिट्टी एवं जल विश्लेषण, डिजिटल कृषि सलाह, इंटरनेट ऑफ प्लांट्स, भू-स्थानिक तकनीक, ई-मार्केटिंग और आधुनिक पैकेजिंग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल तथा जापान के कोची विश्वविद्यालय के बीच ज्ञान एवं अनुसंधान के आदान-प्रदान से किसानों को विश्वस्तरीय तकनीकी सहायता उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कृषि अब केवल खेती तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक बड़ा व्यवसाय बन चुकी है, जिसमें ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, स्मार्ट सेंसर, डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स जैसी तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### नौकरी देने वाले बने युवा

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नौकरी मांगने के बजाय एग्री-बिजनेस, कृषि प्रसंस्करण, खाद्य उद्योग और निर्यात आधारित उद्यमों के माध्यम से रोजगार सृजनकर्ता बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बागवानी, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हरियाणा के निर्माण में महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा एग्री बिजनेस एंड कोल्ड चेन सेंटर किसानों, एफपीओ, उद्यमियों, स्टार्टअप्स और कृषि विशेषज्ञों के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे 3 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में 75 प्रतिशत से अधिक सुधार होगा तथा कटाई के बाद होने वाले नुकसान में 10 से 15 प्रतिशत तक कमी आएगी। जीएपी, जीएमपी, जीएचपी तथा एचएससीसीपी जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाकर कृषि निर्यात को भी नई गति मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंटिंग के माध्यम से दिया शुद्ध पर्यावरण का संदेश



**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सुमेश चंद्र ट्रस्ट के द्वारा बच्चों बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत उन्हें पर्यावरण को बचाने के संदर्भ में जागरूक किया गया। साथ ही एक नारा आओ मिलकर लें यें प्राण .. बचाना है हमें पर्यावरण लगवाया गया। इस मौके पर ट्रस्ट से जुड़ी इंदु कपूर ने सबको पर्यावरण बचाने तथा पेड़ लगाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर बच्चों द्वारा पर्यावरण से संबंधित अच्छी-अच्छी पेंटिंग बनाई गई जो कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दे रही थी। इस शपथ समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पूर्व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को ट्रस्ट की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे भी बेहद खुश दिखाई दिए और उन्हें पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई गई ताकि भविष्य में वह पर्यावरण रक्षक बन सके।

### चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल लिमिटेड व किसान खाद भंडार ने लगाई छबील



**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** उपमंडल के गांव उगाला में भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल लिमिटेड व किसान खाद भंडार के सौजन्य से भीषण धूप और बढ़ते तापमान के बीच ठंडा शर्बत मिलने से लोगों के चेहरों पर संतोष दिखाई दिया। राहगीरों और वाहन चालकों ने कहा कि ऐसा सेवा कार्य गर्मी के मौसम में लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल लिमिटेड के मैनेजर शुभम वर्मा व किसान खाद भंडार के विपिन जैन, युगम जैन ने कहा कि गर्मी के दिनों में प्यासे लोगों को ठंडा पेय पदार्थ उपलब्ध कराना समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। छबील पर सुबह से लेकर दोपहर तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, यात्रियों और वाहन चालकों ने शर्बत का सेवन किया और इस सेवा अभियान में सहयोग करने वालों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। उन्होंने शर्बत तैयार करने से लेकर वितरण तक की व्यवस्था संभाली और पूरे दिल से सेवा कार्य में जुटे रहे।

## भाजपा का नायाब मंत्र, मैं नहीं हम, हुआ कारगर साबित : रणवीर पाराशर

कहा- वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल मांगो के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेगा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 5 जून।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला बार एसोएिशन के पूर्व अध्यक्ष तथा अन्तर्राष्ट्रीय न्यायविद परिषद के हरियाणा चैप्टर महासचिव अधिवक्ता रणवीर पाराशर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा के नायाब मंत्र, मैं नहीं हम, को कारागर साबित कर जनभावनाओं का सम्मान किया है। अपने मुख्यमंत्रीत्व काल के 27 महीनों में हर वर्ग के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया है। कैथल में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में हर हरियाणवी की सक्रिय भागेदारी से मुख्यमंत्री उत्साहित हैं और उनका दृढ़ निश्चय और पक्के इरादों के कारण ही समाज के आम कमजोर तबके के लोगों में यह उम्मीद जगी है कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं वही करते हैं। पाराशर ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मनोहर नीतियों से जिस प्रकार प्रदेश में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देने का जो सिलसिला शुरू हुआ, मुख्यमंती सैनी ने उस नीति की व्यापकता पर अमल करते हुए बेरोजगार युवकों के लिए स्वर्णिम अवसर पैदा किए हैं यही कारण है कि वे सभी वर्गों में लोकप्रिय है। रणवीर पाराशर ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश भर के वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल उनकी मांगो के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेगा।

## एआई का उपयोग कर युवा कर सकते हैं नए स्टार्टअप और व्यवसाय शुरू : साहिल

### एआई विशेषज्ञ ने छात्रों को किया प्रेरित, ऐप और वेबसाइट बनाना सिखाया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 5 जून।** अंबाला रोड स्थित हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। सेंटर हेड डा. बलविंद्र ढुल ने उद्यमी एवं टेक्नोलॉजिस्ट साहिल ढुल का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साहिल का परिचय कराते हुए एआई के प्रभावी उपयोग और इसके माध्यम से एप्लीकेशन व वेबसाइट विकसित करने के तरीकों की जानकारी दी। साहिल ढुल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था कानपुर से कंप्यूटर साइंस में स्नातक हैं। उनके नाम मशीन लर्निंग और ह्यूमन कंप्यूटर इंटरैक्शन क्षेत्र में एक शोध पत्र और पेटेंट भी दर्ज है। लगभग नौ वर्षों के अनुभव के साथ उन्होंने एडोब रिसर्च और कोहेसिटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भारत और अमेरिका के बे एरिया में कार्य किया है। इसके बाद उन्होंने अपनी स्टार्टअप की स्थापना की। वर्तमान में वे एआई युग के लिए योग्य इंटरफेस पर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान साहिल ढुल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में तकनीक से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा ही सबसे महत्वपूर्ण है, बाकी सब केवल बहाने हैं। सत्र की विशेष बात यह रही कि उन्होंने केवल मुफ्त में उपलब्ध टूल्स जैसे चैटजीपीटी और क्लाउड का उपयोग करते हुए लाइव डेमो दिया। बिना किसी पेड सब्सक्रिप्शन के उन्होंने कुछ ही मिनटों में एक कार्यशील एप्लीकेशन और वेबसाइट तैयार कर दिखाया। इस प्रदर्शन ने छात्रों को यह समझाया कि आज के दौर में केवल प्राकृतिक भाषा और वॉयस कमांड के माध्यम से भी सॉफ्टवेयर विकसित किया जा सकता है।

साहिल ढुल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने तकनीकी क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। अब कोई भी व्यक्ति अपनी रचनात्मक सोच और एआई टूल्स की मदद से ऐप, वेबसाइट और विभिन्न प्रकार का डिजिटल कंटेंट तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि नए विचारों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एआई का उपयोग कर युवा नए स्टार्टअप और व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। डा. बलविंद्र ढुल ने साहिल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जेड किंग ग्रुफ आफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर पूजा ढुल, नरेश राविश, सेंटर मैनेजर मोहिनी कांसल, कोआर्डिनेटर खुशबू अरोड़ा सहित सेंटर का तमाम स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को रहे समर्पित : देवेंद्र अत्री

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 5 जून।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलायत विधानसभा संयोजक एवं उचाना के विधायक देवेंद्र चतुरभुज अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा द्वारा सफल संयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है और आज देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। एसआईआर अभियान के माध्यम से मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने तथा नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी एवं पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पारदर्शी और जनहितकारी शासन प्रदान कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पर्यावरण को शुद्ध रखना हमारा दायित्वः मनोज चहल

हरियाणा पीडब्ल्यूडी कांट्रैक्टर एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान मनोज चहल कोटड़ा ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते है, मिट्टी की शक्ति को बरकरार रखते हैं। हम सबका दायित्व है कि अपने पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

## शिव कॉलोनी के पास ड्रेन में तैरता मिला बुजुर्ग का शव

**कैथल (अप्रस)।** शहर की शिव कॉलोनी के पास स्थित ड्रेन के किनारे लगभग 60 वर्ष के एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ पाया गया। राहगीरों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर मिले आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस से मृतक की पहचान रमेश कुमार के रूप में हुई है और दस्तावेज़ों के अनुसार वह कैथल की जनकपुरी कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस कागजात के आधार पर परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। सिविल लाईन थाना प्रभारी रमेश चंद ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या किसी प्रकार के आघात के निशान नहीं दिखे, लेकिन घटना के कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी व गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर माता बाला सुंदरी मंदिर में हुआ पौधारोपण

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 5 जून।** हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के मार्गदर्शन में माता बाला सुंदरी मंदिर, मुलाना में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना रहा। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ÷एक पृथ्वी - एक संकल्प - सकारात्मक जलवायु कार्यवाही÷ रखी गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मोनिका कालरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एवं ब्लॉक प्रेसिडेंट महिला विंग ने शिरकत की। उन्होंने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पौधे लगाकर उन्हें बड़ा करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला कोऑर्डिनेटर विवेक नरवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा में जागरूकता अभियान, सेमिनार एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम में सरपंच प्रवीन कुमार , मंदिर पुजारी अरविंद शर्मा, फॉरेस्ट गार्ड राजकुमार तथा गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजीव गांधी सनातन धर्म सह-शिक्षा महाविद्यालय, नरवाना में इको यूथ क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पीपल, बरगद, नीम, आंवला, कदम तथा त्रिवेणी जैसे पर्यावरण एवं औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा क्लब सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.एम. राजकीय महाविद्यालय, नरवाना के रसायन विज्ञान विभाग के प्रवक्ता एवं पर्यावरण प्रेमी जयपाल आर्य ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपने जीवनकाल में सैकड़ों लोगों को जीवनदायी ऑक्सीजन प्रदान करता है तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बबीता गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की दैनिक जिम्मेदारी है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है तो आज से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना होगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

इको क्लब के प्रभारी मोहित आर्य एवं संजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों कनिका, सीमा, राजेश, मंदीप तथा रामकुमार सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचत और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संस्था प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) नरवाना जगदीश चंद्र ने अपना संदेश साझा करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी सुरक्षा और उन्हें बड़ा करने की जिम्मेदारी भी सभी को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## पेड़ों की पीड़ा बनी मिशन, लक्ष्य जनहित सोसायटी ने 3100 पेड़ों को ट्री गार्ड से दिलाई आजादी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 5 जून।** पर्यावरण संरक्षण के लिए सालों पहले लगाए गए ट्री गार्ड अब कई जगह पेड़ों के लिए ही नुकसान का कारण बनते जा रहे हैं। पौधों की सुरक्षा के उद्देश्य से लगाए गए लोहे के ट्री गार्ड समय रहते नहीं हटाए जाने के कारण बड़े हो चुके पेड़ों के तनों में धंस गए हैं। कई पेड़ों में लोहे की नुकीली तारें और जालियां अंदर तक घुस चुकी हैं, जिससे उनके प्राकृतिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। करनाल सहित आसपास के क्षेत्रों में ऐसे अनेक पेड़ देखने को मिलते हैं जो वर्षों पुराने ट्री गार्ड की जकड़न में फंसे हुए हैं। इस समस्या को देखते हुए करनाल की लक्ष्य जनहित सोसायटी ने सराहनीय पहल करते हुए ट्री गार्ड फ्री ट्री अभियान शुरू किया है। संस्था अब तक करनाल, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद और भिवानी में 3100 से अधिक पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त करा चुकी है। सोसायटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बख्शी ने बताया कि पौधों को पशुओं और अन्य नुकसान से बचाने के लिए शुरुआती वर्षों में ट्री गार्ड आवश्यक होते हैं, लेकिन जब पौधे बड़े होकर पेड़ बन जाते हैं तो इन्हें समय पर हटा देना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर ट्री गार्ड पेड़ों को जकड़ लेते हैं और उनके तनों में धंसने लगते हैं। कई मामलों में पेड़ों से तरल पदार्थ का रिसाव होने लगता है, मानो वे अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हों। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर ट्री गार्ड और लोगों द्वारा लगाए गए कील-तारों से छलनी पेड़ों को देखकर उन्हें गहरा दुख हुआ। इसी के चलते 1 जुलाई 2021 को ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम की शुरुआत की गई। पिछले करीब पांच वर्षों में इस अभियान के तहत हजारों पेड़ों को लोहे की जकड़न से मुक्त कराया गया है। दिनेश बख्शी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपील की कि ऐसे पेड़ों की पहचान कर समयबद्ध तरीके से ट्री गार्ड हटाने की व्यवस्था की जाए, ताकि पेड़ स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें। संस्था के सदस्य मुकेश ने कहा कि हमारा उद्देश्य पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त कराना है। पौधे जब बड़े होकर पेड़ बन जाते हैं तो कई बार ट्री गार्ड उनके तनों को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। हमने ऐसे पेड़ों की पहचान कर उन्हें ट्री गार्ड से मुक्त करने का अभियान शुरू किया है। साथ ही लोगों से भी अपील है कि अपने आसपास ऐसे पेड़ दिखाई दें तो उनकी सूचना दें, ताकि समय रहते उन्हें बचाया जा सके। टीम के अन्य सदस्य हितेश गुप्ता ने कहा कि वे लोग अभी तक 3100 पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त कर चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी सही देखभाल भी जरूरी है। कई जगह पेड़ ट्री गार्ड में फंसकर बढ़ नहीं पा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ऐसे सभी पेड़ों को मुक्त कर स्वस्थ विकास का अवसर दिया जाए। युवा प्रशांत ने कहा कि यह बहुत सराहनीय पहल है। हम अक्सर देखते हैं कि वर्षों पुराने पेड़ भी ट्री गार्ड में जकड़े रहते हैं, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। संस्था के इस अभियान से पेड़ों को नया जीवन मिलेगा और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। संस्था द्वारा किया जा रहा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और समाज के सभी लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए। गौरतलब है कि लक्ष्य जनहित सोसायटी पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाजसेवा और रक्तदान के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था को विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। स्वयं दिनेश बख्शी 139 बार रक्तदान और 108 बार प्लेटलेट्स दान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं।

# नौकरी से निकाले जाने की रंजिश में पूर्व कर्मचारी ने फूंकी दुकान, 1.5 करोड़ का नुकसान

**मनीमाजरा मोटर मार्केट की घटना; सीसीटीवी फुटेज से खुलासा, आरोपी गिरफ्तार**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** चंडीगढ़ के मनीमाजरा मोटर मार्केट में स्थित एक कार सीट कवर की दुकान में आग लगाकर करीब 1.5 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने दुकान के पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने नौकरी से निकाले जाने की रंजिश के चलते पेट्रोल डालकर दुकान में आग लगाई थी।

पुलिस के अनुसार, थाना मनीमाजरा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 326(ग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत मौली कॉम्प्लेक्स निवासी मनुदीन ने दर्ज करवाई, जो मनीमाजरा मोटर मार्केट के एससीएफ-310 के बेसमेंट में स्थित 'बेस्ट कार सीट कवर' दुकान के मालिक हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 29 मई को उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। शुरुआत में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना गया, लेकिन बाद में जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो घटना से पहले एक संदिग्ध युवक दुकान के आसपास दिखाई दिया।

फुटेज की जांच के बाद उसकी पहचान तौहीद के रूप में हुई, जो पहले इसी दुकान में कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। तौहीद करीब दो से तीन वर्षों तक दुकान में काम करता रहा था, लेकिन लगभग एक माह पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने बदला लेने की नीयत से वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने पेट्रोल और माचिस की सहायता से दुकान में आग लगाई। आगजनी की इस घटना में दुकान और उसमें रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया, जिससे करीब 1.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

पुलिस ने आरोपी तौहीद को गिरफ्तार कर लिया है। वह वर्तमान में मनीमाजरा में किराये के मकान में रह रहा था, जबकि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले की इकोना तहसील के गांव इकोना का निवासी है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और आरोपी के कबूलनामे के आधार पर मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा आगजनी से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन भी किया जा रहा है।

## पिंजौर में दिनदहाड़े व्यापारी की हत्या, बाजार में मचा हड़कंप

**स्कॉर्पियो से खींचकर बाहर निकाला, लाठी-डंडों और चाकू से किया हमला; सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**पंचकूला, 5 जून।** पंचकूला जिले के पिंजौर स्थित मुख्य बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक व्यापारी की हत्या कर दिए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हमलावरों ने व्यापारी को उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी से जबरन बाहर खींचकर लाठी-डंडों और चाकू से हमला किया। गंभीर रूप से घायल व्यापारी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय जितेश मनोचा के रूप में हुई है, जो पिंजौर की मुख्य मार्केट में मनोचा क्लॉथ हाउस नाम से कपड़ों का कारोबार करते थे। पुलिस के अनुसार वारदात उस समय हुई जब जितेश मनोचा अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो में बैठे हुए थे। इसी दौरान 5 से 6 युवक वहां पहुंचे और उन्हें गाड़ी से बाहर निकाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया तथा चाकू से भी कई वार किए।

हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल व्यापारी को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की पूरी वारदात बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में हमलावरों को व्यापारी को गाड़ी से खींचकर सड़क पर गिराने और उस पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है और व्यापारियों में रोष व्याप्त है। सूचना मिलते ही डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है और मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल जारी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने शहर की कानून-व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चंडीगढ़ बर्थडे पार्टी में युवक पर हमला

**नाबालिग समेत 9 अरेस्ट, चाकू, गंडासी और डंडे से किए वार; वारदात के बाद आरोपी धमकी देकर फरार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** चंडीगढ़ सेक्टर-56 में बर्थडे पार्टी में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डंडे-चाकू भी बरामद किए हैं। मामले में 2 आरोपियों का एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। मामला सेक्टर-56 स्थित चार मंजिला मकानों के पीछे बने पार्क का है। शिकायतकर्ता रोहित निवासी सेक्टर-56 ने पुलिस को बताया कि 3 जून की रात वह अपने साले का जन्मदिन मना रहा था। रात करीब 10 बजे शिवा, कृष, ऋषि, पीके और उनके 10 से 12 अन्य साथी वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी युवक हथियारों से लैस थे और आते ही उन्होंने पार्टी में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकू, गंडासी और डंडों का इस्तेमाल किया। शिकायत के अनुसार जब रिकी नामक युवक बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उस पर भी चाकू और गंडासी से हमला कर दिया। हमले में रिकी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल रिकी को तुरंत सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### सभी आरोपी चंडीगढ़ के रहने वाले

जांच के दौरान पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया और आठ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु उर्फ विशाल, उदय, जसबीर सिंह उर्फ संघा, हरप्रीत सिंह उर्फ शिवा, तुषार, सचिन, कृष और हरप्रीत सिंह उर्फ हरमन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों के निवासी हैं और घटना में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

### शिवा के खिलाफ पहले भी दर्ज हैं कई मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ शिवा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ शिवा और कृष को अदालत में पेश किया। अदालत से दोनों का एक दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हमले की साजिश कैसे बनाई गई, घटना में और कौन-कौन शामिल था तथा इस्तेमाल किए गए हथियार कहां से लाए गए थे।

## बंद पड़े घर से घर से गोल्ड ज्वैलरी और कीमती सामना चोरी, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 5 जून।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत शातिर चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से गोल्ड ज्वैलरी और घर का सामना लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 24 निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ 17 मई से 2 जून के बीच घूमने के लिए गए हुए थे। 2 मई को घर में पौधों की रखवाली कर रहा माली आया।तो उसने देखा कि घर की पिछली साइड की कुंडी टूटी हुई है। मामले की जानकारी तुरंत पीड़िता शिकायतकर्ता को दी गई। मामले की सूचना पाते ही तुरंत शिकायतकर्ता घर पहुंची और देखा कि दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है।और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है।घर में रखी गोल्ड ज्वैलरी और अन्य घर का सामना गायब है। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।और पुलिस अज्ञात की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खगाल रही है।

## चंडीगढ़ में आबकारी विभाग का शिकंजा कसा: नियम तोड़ने पर 7 लाख जुर्माना, सेक्टर-7 के बार का लाइसेंस रद्द

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जून।** यूटी चंडीगढ़ में आबकारी नियमों के उल्लंघन के मामलों पर आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक शराब विक्रेता पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जबकि एक बार का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई आबकारी एवं कराधान आयुक्त निशांत यादव (आईएएस) के निर्देशों के तहत की गई।

विभाग के अनुसार, हाल ही में जांच के दौरान पाया गया कि सेक्टर-9 स्थित इंटरनल मार्केट में एक खुदरा शराब लाइसेंसधारी द्वारा 'स्मिरनॉफ मिंटी जामुन वोडका' को बर्फ के गोलों (चुस्की) के साथ मिलाकर लाइसेंस प्राप्त परिसर के बाहर आम लोगों को परोसा जा रहा था। यह गतिविधि आबकारी नियमों के विपरीत पाई गई।

मामले में कलेक्टर (आबकारी) प्रद्युमन सिंह ने संबंधित लाइसेंसधारी एम/एस बजाज स्पिरिट्स प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जवाब और रिकॉर्ड की समीक्षा के बाद लाइसेंसधारी पर 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एक अन्य मामले में सेक्टर-7 स्थित एम/एस कैंदल हॉस्पिटैलिटी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 तथा उससे संबंधित नियमों के उल्लंघन के चलते प्रतिष्ठान का बार लाइसेंस रद्द कर दिया गया।

आबकारी विभाग ने कहा कि यूटी चंडीगढ़ में आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शराब की अवैध बिक्री, परोसने, भंडारण, परिवहन या दुरुपयोग में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति अथवा लाइसेंसधारी के खिलाफ भविष्य में भी कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मेयर की शक्तियों पर छिड़ी बहस में कूदे सांसद मनीष तिवारी, सौरभ जोशी का किया समर्थन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 5 जून।** चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर की सीमित शक्तियों को लेकर शुरू हुई बहस अब राजनीतिक रंग लेने लगी है। चंडीगढ़ से सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भाजपा मेयर सौरभ जोशी द्वारा उठाए गए मुद्दों का समर्थन करते हुए नगर निगम को अधिक अधिकार देने की वकालत की है। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि वर्ष 1996 में नगर निगम के गठन के बाद से ही इसे कमजोर करने के प्रयास होते रहे हैं। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में चंडीगढ़ की निर्वाचित संस्थाएं गैर-निर्वाचित अधिकारियों पर अत्यधिक निर्भर हैं, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होती है। तिवारी ने बताया कि उन्होंने लोकसभा में निजी विधेयक (प्राइवेट मेंबर बिल) पेश कर चंडीगढ़ में सीधे जनता द्वारा चुने गए मेयर को पांच वर्ष का कार्यकाल देने, मेयर-इन-काउंसिल व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा मेयर को अधिक प्रशासनिक अधिकार देने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा उन्होंने चंडीगढ़ के लिए राज्यसभा की एक सीट सुनिश्चित करने संबंधी विधेयक भी पेश किया है।

सांसद ने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि इन निजी विधेयकों को सरकारी विधेयक के रूप में अपनाया जाए, ताकि चंडीगढ़ की राजनीतिक व्यवस्था को अधिक स्वायत्तता और अधिकार मिल सकें।

### ऋषिकेश सम्मेलन में उठा था मुद्दा

मेयर की शक्तियों को लेकर विवाद की शुरुआत हाल ही में उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन से हुई थी। सम्मेलन में देशभर के करीब 60 महापौरों की मौजूदगी में सौरभ जोशी ने चंडीगढ़ के मेयर पद की सीमित शक्तियों पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि फ्रहमसे अच्छा तो कार्यालय का चपरासी है, वह काम करवा सकता है लेकिन मेयर नहीं। उन्होंने मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव, पांच वर्ष के कार्यकाल तथा नगर निगमों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार देने की मांग भी उठाई थी।

### पवन बंसल भी कर चुके हैं समर्थन

पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन कुमार बंसल भी पहले मेयर पद को अधिक शक्तिशाली बनाने की पैरवी कर चुके हैं। उनका मानना है कि यदि मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाए और उसे वित्त, कार्य तथा कर्मचारियों से जुड़े अधिकार दिए जाएं तो पद की गरिमा और जवाबदेही दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि नगर निगम अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) लिखने का अधिकार मेयर को दिया जाए, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। चंडीगढ़ में मेयर की शक्तियों, कार्यकाल और प्रत्यक्ष चुनाव को लेकर शुरू हुई यह बहस अब राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर चर्चा का महत्वपूर्ण विषय बनती जा रही है।

## यूटी पुलिस ने अपने अधिकारियों के लिए एचआईवी/एड्स अवेयरनेस प्रोग्राम पर दो दिन वर्कशॉप का आजोजन

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 5 जून।** यूटी पुलिस के एसपी हेडक्वार्टर मंजीत के दिशा निर्देशों के चलते यूटी पुलिस ने अपने अधिकारियों के लिए एचआईवी/एड्स अवेयरनेस प्रोग्राम पर दो दिन वर्कशॉप का आजोजन किया। यह वर्कशॉप सैक्टर 26 स्थित मल्टीमीडिया हॉल रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में 4 जून से 5 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे का आजोजित की गई थी।यह वर्कशॉप चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंडीगढ़ की मदद से ऑर्गनाइज़ की गई थी।और इसे दो एक्सपर्ट रिसोर्स पर्सन ने कंडक्ट किया था।प्रोग्राम शुरू होने से पहले चीफ लॉ इंस्ट्रक्टर,रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर ने एक इंट्रोडक्टरी एड्रेस दिया।असिस्टेंट डायरेक्टर जतिंद्र दहिया स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी और सुनील कुमार ने एक जानकारी देने वाला लेक्चर दिया और पार्टिसिपेंट्स को एचआईवी /एड्स से जुड़े अलग-अलग ज़रूरी पहलुओं के बारे में बताया।

वर्कशॉप के दौरान, पार्टिसिपेंट्स को इन खास एरिया के बारे में बताया गया। जैसे एचआईवी और एड्स के बारे में अवेयरनेस और एचआईवी /एड्स (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल) एक्ट, 2017 के ज़रूरी प्रोविज़न। पार्टिसिपेंट्स को एचआईवी /एड्स से पीड़ित लोगों के साथ जल्दी टेस्टिंग,इलाज और बिना भेदभाव वाले व्यवहार के महत्व के बारे में भी बताया गया।कॉन्स्टेबल से लेकर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रैंक तक के कुल 186 पुलिसकर्मियों ने ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

## पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले आरोपी को किया काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान सैक्टर 45 निवासी लक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 22.28 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियो के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस की टीम बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 45 से 45/46/49/50 चौक के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## जोबनप्रीत की रिहाई में देरी का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, पिता ने याचिका की दायर; अधिकारियों पर अवमानना का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** जोबनप्रीत सिंह की गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर तत्काल रिहाई के आदेश दिए जाने के बाद अब यह मामला एक नए कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है। जोबनप्रीत के पिता मुखवंत सिंह ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद उनके बेटे को समय पर रिहा नहीं किया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने उसकी दोबारा गिरफ्तारी की तैयारी कर ली थी। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव वशिष्ठ की अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने अवमानना याचिका को वापस लेने की छूट देते हुए खारिज कर दिया और याची को उचित राहत के लिए संबंधित इलाका मजिस्ट्रेट के समक्ष जाने की सलाह दी।

### हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को बताया था अवैध

दायर याचिका में कहा गया है कि 3 जून 2026 को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान जोबनप्रीत सिंह की गिरफ्तारी और हिरासत को संविधान के अनुच्छेद 21 और 22(1) का उल्लंघन मानते हुए अवैध घोषित किया था। अदालत ने उसकी तत्काल रिहाई के आदेश जारी किए थे। हालांकि, राज्य सरकार को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने की स्वतंत्रता भी दी गई थी।

### जेल के बाहर इंतजार करता रहा परिवार

याचिकाकर्ता के अनुसार, 4 जून को हाईकोर्ट का आदेश अपलोड होने के बाद परिवार के सदस्य केंद्रीय जेल अमृतसर के बाहर जोबनप्रीत की रिहाई का इंतजार करते रहे। आरोप है कि शाम करीब छह से सात बजे के बीच परिवार के वकील ने जेल प्रशासन को अदालत का आदेश दिखाया, लेकिन जेल सुपरिंटेंडेंट राजीव कुमार अरोड़ा ने यह कहते हुए रिहाई से इनकार कर दिया कि उन्हें आदेश की आधिकारिक प्रति प्राप्त नहीं हुई है। याचिका में कहा गया है कि जेल अधिकारियों से हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश का सत्यापन करने का अनुरोध भी किया गया, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। परिवार का आरोप है कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद जोबनप्रीत को जेल से बाहर नहीं आने दिया गया।

### दोबारा गिरफ्तारी की कोशिश का आरोप

याचिका में पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। दावा किया गया है कि इसी दौरान डीएसपी कमलमीत सिंह के निर्देश पर एसएचओ नरेश कुमार केंद्रीय जेल अमृतसर पहुंचे और जोबनप्रीत सिंह को आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार करने का प्रयास किया। याचिकाकर्ता का कहना है कि आर्म्स एक्ट की धाराएं बाद में जोड़ी गई थीं और उस समय तक पुलिस रिमांड भी समाप्त हो चुकी थी।

## हिरासत से भागने में चोरी के आरोपी की टूटी टांग

**मोहाली में गुरुद्वारे की गोलक चोरी में हुआ था गिरफ्तार, दूसरे आरोपी का तलाश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 5 जून।** मोहाली के लालड़ू पुलिस थाने के अंतर्गत आते गांव अगानपुर स्थित गुरुद्वारे में हुई गोलक (दान पेटी) चोरी के मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों (टेक्निकल इनपुट) और खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका दूसरा साथी अभी भी फरार है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, चोरी की यह घटना 1 मार्च 2026 को गांव अगानपुर के गुरुद्वारे में अंजाम दी गई थी। आरोप है कि दो युवकों ने गुरुद्वारे में दाखिल होकर वहां से दान पेटी चुराई थी। इस धार्मिक स्थल पर हुई चोरी के संबंध में कार्रवाई करते हुए थाना लालड़ू में 2 मार्च 2026 को एफआईआर नंबर 39 दर्ज की गई थी और मामले की तफ्तीश शुरू की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तकनीकी इनपुट और मानवीय स्रोतों (ह्यूमन इंटेलिजेंस) की मदद से लालड़ू क्षेत्र से गुरविंदर सिंह (पुत्र गुरमेल सिंह) को धर दबोचा, जो कि गांव जलालपुर का रहने वाला है। पुलिस का मानना है कि हिरासत में ली गई पूछताछ के दौरान इस चोरी से जुड़े कई और अहम सुराग हाथ लग सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले से जुड़ी एक बड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी गुरविंदर सिंह ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया। भागने की इस हड़बड़ाहट के दौरान वह जमीन पर गिर गया, जिससे उसकी टांग टूट गई। पुलिस टीम ने तुरंत मानवीय आधार पर उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां फिलहाल वह जेरे इलाज है।

**गृह मंत्रालय ने चंडीगढ़ प्रशासन से मांगा जवाब**

## आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण संबंधी शिकायतों पर रिपोर्ट तलब

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जून।** गृह मंत्रालय ने चंडीगढ़ प्रशासन को पत्र जारी कर सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर तत्काल कार्रवाई करने और विस्तृत रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। शिकायतों में आउटसोर्स कर्मचारियों के कथित शोषण, वेतन भुगतान में अनियमितताओं, श्रम कानूनों के उल्लंघन तथा सामाजिक सुरक्षा लाभों से जुड़े गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं।

4 जून 2026 को गृह मंत्रालय के अवर सचिव द्वारा जारी पत्र में चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव को चार शिकायतों की सूची भेजी गई है। मंत्रालय ने इन मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इनमें सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच-32 और उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख हैं।

शिकायत के अनुसार जीएमसीएच-32 में पिछले 10 से 15 वर्षों से कार्यरत ग्रुप-सी श्रेणी के कई आउटसोर्स कर्मचारी लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने कर्मचारियों को नियमित करने और 'समान कार्य के लिए समान वेतन' का सिद्धांत लागू करने की मांग की है। इसके समर्थन में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट तथा दिल्ली हाईकोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला भी दिया गया है।

वहीं, उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग के अधीन संचालित कॉलेजों में जीईएम पोर्टल के तहत जारी टेंडरों की अवधि समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान कर्मचारियों को काम से हटाया गया, उनका वेतन रोका गया तथा आर्थिक शोषण किया गया। कुछ कर्मचारियों को बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए सेवा से हटाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

गृह मंत्रालय को भेजी गई अन्य शिकायतों में समय पर वेतन न मिलने, न्यूनतम वेतन अधिनियम का पालन न करने तथा कर्मचारियों के ईपीएफ और ईएसआई अंशदान जमा न कराने के आरोप शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन अनियमितताओं का सीधा असर कर्मचारियों और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।

गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद चंडीगढ़ प्रशासन में सक्रियता बढ़ गई है। अब प्रशासन को सभी शिकायतों की जांच कर मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट सौंपनी होगी। यह मामला आउटसोर्स कर्मचारियों के अधिकारों और उनके सेवा संबंधी मुद्दों को लेकर एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है।

# 8 घंटे काम के बदले 30 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग, औद्योगिक मजदूरों का चंडीगढ़ में प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 5 जून।** चंडीगढ़ के औद्योगिक मजदूरों ने शुक्रवार को कारखाना मजदूर यूनियन के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया और असिस्टेंट लेबर कमिश्नर को मांग-पत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने 8 घंटे काम करने वाले प्रत्येक मजदूर के लिए न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, महिला और पुरुष मजदूरों को समान वेतन तथा श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण मार्च को चंडीगढ़ पुलिस ने लेबर विभाग के मुख्य कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही करीब डेढ़ से दो किलोमीटर दूर रोक दिया। इसके बाद मजदूरों ने वहीं धरना और रोष प्रदर्शन किया। मजदूरों की संख्या और एकजुटता को देखते हुए असिस्टेंट लेबर कमिश्नर आकाश मित्तल स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से मांग-पत्र प्राप्त किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में मजदूरों को बेहद कम वेतन पर काम करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश, बीमारी अवकाश तथा राष्ट्रीय अवकाश वेतन सहित प्रदान किए जाएं। साथ ही फैक्ट्रियों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कर सभी श्रम कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के चार नए लेबर कोड रद्द करने और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की।

असिस्टेंट लेबर कमिश्नर आकाश मित्तल ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि वे वेतन वृद्धि और नए लेबर कोड से संबंधित मांगों को चंडीगढ़ प्रशासन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने श्रम अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई करने तथा अन्य मांगों को जमीनी स्तर पर लागू कराने का भरोसा भी दिया।

यूनियन नेताओं ने कहा कि हाल के श्रम कानून संशोधनों के कारण श्रम विभाग के स्वतः निरीक्षण करने के अधिकार सीमित हो गए हैं। अब बिना शिकायत के श्रम अधिकारी फैक्ट्रियों में निरीक्षण या कार्रवाई नहीं कर सकते, जिससे श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। यूनियन ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए चारों नए लेबर कोड को रद्द कराने के आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की।

कारखाना मजदूर यूनियन की प्रतिनिधि निक्की ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को आज भी औसतन मात्र 6 से 9 हजार रुपये मासिक वेतन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कम वेतन, असुरक्षित कार्य परिस्थितियां, बढ़ते औद्योगिक हादसे और लंबे कार्य घंटे मजदूरों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रहे हैं। प्रदर्शन को यूनियन अध्यक्ष अंकित, निक्की, नमिता, रीना तथा नौजवान भारत सभा के पुष्पिंदर ने संबोधित किया, जबकि मंच संचालन हर्ष ने किया। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक तथा तेज किया जाएगा।

सम्पादकीय

# मोहाली में विस्फोटक के साथ आतंकियों की गिरफ्तारी बेहद गंभीर

पंजाब में आतंकी गतिविधियों में जिस प्रकार लगातार इजाफा हो रहा है, उसने देश की सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। मोहाली में गिरफ्तार किए गए दो लोगों के पास से इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस जिसे धमाके के लिए पूरी तरह से तैयार करके रखा गया था, पकड़ा जाना बेहद गंभीर बात है। पंजाब पुलिस ने समय रहते जिस प्रकार से दोनों आरोपियों को किसी वारदात से पहले गिरफ्तार किया है, उसके लिए पुलिस फोर्स सराहना की पात्र है। माना जा रहा है कि इस विस्फोटक का इस्तेमाल मोहाली में किसी सार्वजनिक स्थान पर धमाका कर जनजीवन का भारी नुकसान करना था। अब जैसा कि हर घटना में हो रहा है, विदेश में बैठे आतंकी पंजाब में अपने हैंडलरों के जरिए ऐसी वारदातों को अंजाम दिलवा रहे हैं। राज्य में हालिया दिनों में इससे पहले भी अनेक ऐसी वारदातें सामने आ चुकी हैं। जिनका एकमात्र मकसद आम जनजीवन को नुकसान पहुंचाना और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बाधित करना था। मोहाली में करीब चार वर्ष पहले खुफिया विभाग के मुख्यालय पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड से हमला किया गया था। अभी कुछ ही दिन पहले राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर भी विस्फोटक लगाकर ट्रेन उड़ाने जैसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी की गई थी लेकिन आतंकी खुद विस्फोट का शिकार हो गए थे। चंडीगढ़ में भाजपा मुख्यालय के बाहर भी विस्फोटक फेंका गया था।

**सुरक्षा एजेंसियों को मिल रहे इनपुट से सामने आ रहा है कि आईएसआई पंजाब में शांति और सुरक्षा को क्षतिग्रस्त करने के लिए काम पर जुटी हुई है। चिंताजनक यह भी कि पंजाब का युवा जोकि पहले ही नशे की जद में है, अब आईएसआई का गुर्गा बनना पसंद कर रहा है और ऐसा वह पैसे और नशे के लिए कर रहा है। यह भी खुलासा हो रहा है कि विस्फोट की वारदात में शामिल आरोपियों ने गोला बारूद सीमा पार बैठे आतंकी हैंडलरों की मदद से हासिल किए थे। बीते दिवस मोहाली में विस्फोटक के साथ पकड़े गए आतंकियों की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर उनसे यह गुनाह करवाया जा रहा था।**

राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के आरोपियों का संबंध एक सांसद से बताया गया है, जिसका संबंध खालिस्तानी आंदोलन से है। उन सांसद के ऊपर पहले से गंभीर आरोप हैं और जेल से रिहाई तक नहीं हो पा रही। केंद्र सरकार की खुफिया एजेंसियां बार-बार इसका इशारा कर रही हैं कि पंजाब में खालिस्तानी सोच को पुन: कायम करने के लिए आतंकी संगठन सक्रिय हैं और अब इन वारदातों ने यह साबित भी कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान अब हर उस तरीके पर काम कर रहा है, जिससे वह भारत को नुकसान पहुंचा सके। इस कड़ी में उसकी नजर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को और जघन्य रूप देने की है, वहीं पंजाब जोकि आईएसआई के दर्द की एक और वजह है, के जरिये देश में शांति और व्यवस्था का माहौल खराब करने की मंशा है। इसका पता इस घटना से मिलता है, जब पंजाब के ही युवाओं को आईएसआई की ओर से भेजे टैंक को भी नष्ट कर सकने की क्षमता वाले आरपीजी के साथ पकड़ा जाता है। यह घटना बीते वर्ष सामने आई थी। तब अमृतसर इलाके से पुलिस की स्पेशल सेल ने दो आतंकियों को गिरफ्तार किया था।

सुरक्षा एजेंसियों को मिल रहे इनपुट से सामने आ रहा है कि आईएसआई पंजाब में शांति और सुरक्षा को क्षतिग्रस्त करने के लिए काम पर जुटी हुई है। चिंताजनक यह भी कि पंजाब का युवा जोकि पहले ही नशे की जद में है, अब आईएसआई का गुर्गा बनना पसंद कर रहा है और ऐसा वह पैसे और नशे के लिए कर रहा है। यह भी खुलासा हो रहा है कि विस्फोट की वारदात में शामिल आरोपियों ने गोला बारूद सीमा पार बैठे आतंकी हैंडलरों की मदद से हासिल किए थे। बीते दिवस मोहाली में विस्फोटक के साथ पकड़े गए आतंकियों की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर उनसे यह गुनाह करवाया जा रहा था। ऐसी रपट सामने आ रही हैं आईएसआई बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जरिये पंजाब में दहशत फैलाने की साजिश रच रही है। बीकेआई नामक यह आतंकी संगठन दुनियाभर के तमाम देशों में फैला है और लंबे समय से सक्रिय है। यह भी सामने आ रहा है कि पंजाब में तमाम आतंकी संगठन हैं, लेकिन अब आईएसआई ने अपनी पूरी ताकत पंजाब को अस्थिर करने में लगा दी है वहीं इन सभी आतंकी संगठनों को बीकेआई के तहत संगठित कर दिया है। यानी दुश्मन का एक चेहरा नहीं है अपितु दर्जनों चेहरों के साथ वह पंजाब की खुशहाली पर नजर रखे हुए है और उसे नष्ट करने की चाल चल रहा है। पंजाब में बीते साल एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने चार सौ से अधिक गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था, जिससे यह स्पष्ट हुआ था कि संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच राज्य में तारतम्य बेहद बढ़ गया है। निश्चित रूप से देश की सुरक्षा एजेंसियां इस संबंध में सचेत हैं, हालांकि आतंकियों के मंसूबों का अंदाजा लगाना आसान नहीं है। पंजाब एवं केंद्र को यह चुनौती झेलते हुए आगे बढ़ना होगा। पंजाब की सुरक्षा सर्वोपरि है।

# एंटी–सोशल मीडिया

दैनिक अर्थ प्रकाश



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*

फेसबुक, व्हाट्सऐप, टेलिग्राम आदि सोशल मीडिया ऐप हम सब के लिए बहुत बड़ी सुविधा है। दूर-दूर बसे अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी और उनसे बातचीत इन्हीं सुविधाओं का नतीजा हैं। यही नहीं, इन माध्यमों पर अपने व्यापार का प्रचार भी संभव है जो हम सब के लिए एक बहुत बड़ी राहत है। दुकानदार को खरीदार और खरीदार को सामान पहुंचाने वाला मिलना आसान हो गया। लेकिन सिक्के के दूसरे पहलू की उपेक्षा करना भी संभव नहीं है। विज्ञान ने हमें तकनीक दी, गैजेट दिये तो परमाणु बम और मिसाइल भी दिये। जिस चाकू से डॉक्टर ऑपरेशन करते हैं उसी चाकू से कोई चोर-उचक्का किसी को घायल कर देता है या जान से ही मार डालता है।

उत्तर प्रदेश के महाराजगंज से एक बड़ी अजीब सी खबर आई है। चार बच्चों की मां, चालीस साल की एक महिला इंस्टाग्राम पर रील बनाया करती थी। उन रील्स को 14 साल के एक बच्चे ने पसंद करना शुरू किया। धीरे-धीरे दोनों में बातचीत होने लगी, दोस्ती बढ़ी और फिर महिला की पहल पर दोनों में शारीरिक संबंध भी बन गए। इस तरह 40 वर्ष की एक महिला ने एक अबोध, नाबालिग बच्चे को बरगला कर उससे शारीरिक संबंध बना लिए। उसके बाद महिला ने कहना शुरू कर दिया कि उन दोनों ने आपस में शादी कर ली है और यह बच्चा उसका पति है, तथा अब हम साथ-साथ रहेंगे। साथ रहने वाली बात पर अड़ंगा लग गया क्योंकि बच्चे ने उस महिला के साथ रहने से इन्कार कर दिया। बात तब खुली जब महिला इस इन्कार से नाराज़ हो गई और महाराजगंज के नौतनवा पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंच गई और बच्चे पर बेवफाई का आरोप लगाया। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला का सबसे बड़ा बेटा 19 साल का है, यानी यह नाबालिग लड़का उसके बेटे से 5 साल छोटा है।

मध्य प्रदेश के शहर उज्जैन की एक घटना भी ऐसी ही अजीब है। राहुल राठौर नाम के एक प्रापर्टी डीलर ने जब इंस्टाग्राम पर विज्ञापन दिया तो जवाब में कृतिका जैन ने प्रापर्टी खरीदने के बहाने राहुल को मिलने के लिए बुलाया। प्रापर्टी डीलर राहुल जब कृतिका के पास पहुंचा तो कृतिका अकेली नहीं थी, उसके साथ तीन और लड़कियां भी थीं। उन चारों ने राहुल को किडनैप करके उसके साथ शारीरिक संबंधों का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। बात पुलिस तक पहुंची तो चारों लड़कियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने कार्यवाही शुरू की।

सोशल मीडिया पर ऐसी घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है, लेकिन यह समझना बहुत आवश्यक है कि ऐसी घटनाएं लगातार क्यों हो रही हैं? दरअसल, ऐसा वातावरण एकदम से नहीं बन जाता। समाज में बदलाव बहुत धीरे आता है। आज सोशल मीडिया पर डेटिंग के बहुत से ऐप उपलब्ध हैं। टिंडर, ग्लीडेन, फ्लटर ऐसे ही कुछ नाम हैं। पहले तो यह केवल उन लोगों तक सीमित थे जो अंग्रेजी में बात करते हैं, अंग्रेजी में चैटिंग कर सकते हैं, पर अब हिंदी ही नहीं, अन्य भारतीय भाषाओं के ऐप भी आ गये हैं ताकि भाषा रुकावट न बने। गड़बड़ ये है कि ऐसे ऐप विवाहेतर संबंधों में भी सहायक हो रहे हैं। परिणाम यह होगा कि अगले कुछ सालों में हमें विवाहेतर संबंध भी 'नार्मल' लगने लगेंगे। इनके लिए नये फैंसी नाम ढूंढ़ लिए जाएंगे। नारी शक्ति का उभार, स्वतंत्रता, आदि नारे बन जाएंगे। कोई ऐतराज़ नहीं करेगा। ग्लीडेन ऐप ही चालीस लाख से ऊपर बार डाउनलोड हो चुका है। इकोनॉमिक टाइम्स में इस रुझान पर लेख और खबरें प्रकाशित हुई हैं।

अभी ऐसे संबंध लुकछुप कर बनाए जाते हैं। अभी इन्हें सामान्य नहीं माना जाता। अभी कोई खुलकर इनके बारे में बात नहीं करता। पर अब इसे व्यावसायिक रूप में प्रोमोट किया जा रहा है, नया बाजार खड़ा किया जा रहा है। नई पीढ़ी को हम जो वातावरण दे रहे हैं, इसके कारण उनकी सोच बदल रही है। रोज़ ऑफिस जाना है, रोज़ मैट्रो में, लोकल बस में, पूल की गई टैक्सी में जाना है तो मेल जोल की संभावनाएं सदा ही उपलब्ध हैं। उनसे लाभ भी लिया जा सकता है और उनका दुरुपयोग भी किया जा सकता है। समस्या यह है कि अब दुरुपयोग ही हो रहा है।

एक ज़माना था जब यह मान्यता थी कि शारीरिक संबंध शादी के बाद ही बनेंगे। अब यह धारणा टूट चुकी है। होस्टल में रहने वाली, पेइंग गेस्ट के रूप में रहने वाली बहुत सी लड़कियां अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए साथी लड़कों से संबंध बनाने लगी हैं। दूर-दराज रह रहे मां-बाप को खबर भी नहीं होती और लड़की सारी हदें पार कर लेती है। शारीरिक संबंध यूं ही नहीं बन जाते। दो विपरीत लिंगी लोगों की जरूरत होती ही है। अकेली लड़कियां ही दोषी नहीं हैं, लड़के भी तो आखिर इन संबंधों में शामिल हैं। फर्क सिर्फ यह आया है कि अब ज्यादातर मामलों में पहल लड़कियों की तरफ से होती है। जब कोई लड़की खुद पहले इशारों में और बाद में खुलकर इन संबंधों की स्वीकृति देती है तो लड़कों की हिम्मत बढ़ जाती है और खेल शुरू हो जाता है। पहले जहां ऐसे संबंधों का मतलब खराब चरित्र माना जाता था, अब जब इस पर चर्चा होगी तो बहुत से लोग ऐसे रिश्तों का समर्थन करते नज़र आयेंगे। चाहे सीमित स्तर पर ही सही, पर लिव-इन रिलेशनशिप तो पहले ही स्वीकृति पा चुका है। धीरे-धीरे वह स्थिति आ ही जाएगी जब कोई संबंध 'अवैध' नहीं रह जाएगा। वैध-अवैध का अंतर ही समाप्त हो जाएगा और इन पर ऐतराज़ करने वालों को दकियानूसी करार दे दिया जाएगा।

मनोविज्ञान के नज़रिये से कहूं तो ऐसे संबंधों में कई तरह की समस्याएं आती हैं। अक्सर यह ब्लैकमेलिंग पर समाप्त होता है, पैसे का नुकसान होता है, इज़्ज़त जाती है, जेल हो सकती है और दुनिया तमाशा देखती है। कई बार लड़कियां ऐसे रिश्तों में भावनात्मक रूप से भी जुड़ जाती हैं लेकिन रिश्ता टिकाऊ न होने के कारण ब्रेकअप हो जाता है और लड़की डिप्रेशन में चली जाती है। अक्सर दोनों पार्टनर अभी नाबालिग होते हैं, सैटल नहीं हुए होते, कमाई का कोई साधन न होने के कारण मां-बाप पर निर्भर होते हैं। रिश्ते को मां-बाप की स्वीकृति न मिले तो रिश्ता टूट जाता है। कभी जाति का बंधन, कभी स्टेटस का फर्क इन रिश्तों के टूटने का कारण बनता है। कारण कोई भी हो, ब्रेकअप से जो चोट पहुंचती है उसका इलाज होते-होते होता है।

आज हमें सोचना है कि हम अपने बच्चों को कैसा समाज देना चाहते हैं। छूट की सीमा क्या होनी चाहिए? जिन बच्चों को हम प्यार से पालते हैं उनके लिए ही वह छूट फांस बन जाती है जो या तो उन्हें नशेड़ी बना दे, जेल में पहुंचा दे, या उनका जीवन ही छीन ले। क्या हम ऐसा ही समाज चाहते हैं, या हम इसकी रोकथाम के लिए कुछ करने को तैयार हैं? इससे पहले कि सोशल मीडिया पूरी तरह से एंटी-सोशल मीडिया बन जाए, कुछ सोचिए। पर सिर्फ सोचिए ही नहीं, कुछ कीजिए भी।

# 65,000 गिरफ्तारियां, 2,950 किलो हेरोइन और 300 करोड़ की संपत्तियां जब्त

## नशा तस्करों की गिरफ्तारी हमारी शुरुआत है, उनकी आर्थिक कमर तोड़ना हमारा लक्ष्य है : डीजीपी गौरव यादव

दैनिक अर्थ प्रकाश

पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई अब केवल बरामदगी और गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं रह गई है। पिछले कुछ समय में पंजाब पुलिस ने जिस



तरह ड्रग मनी, हवाला नेटवर्क और अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसा है, उससे यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि रणनीति अब नशा तस्करी के पूरे आर्थिक ढांचे को ध्वस्त करने की है।

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत पिछले लगभग 15 महीनों में 46,000 से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं और 65,000 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान करीब 2,950 किलोग्राम हेरोइन, 792 किलोग्राम अफीम, 55 लाख से अधिक नशीली गोलियां और बड़ी मात्रा में अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 300 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज या जब्त किया गया है, जो कथित तौर पर नशा तस्करी से अर्जित की गई थीं।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव का मानना है कि केवल नशे की खेप पकड़ना पर्याप्त नहीं है। उनके अनुसार, जब तक तस्करों की आर्थिक ताकत खत्म नहीं होगी, तब तक नशे का कारोबार नए चेहरों और नए रास्तों के साथ दोबारा खड़ा हो सकता है। यही कारण है कि पंजाब पुलिस ने ड्रग मनी की ट्रैकिंग, हवाला नेटवर्क की पहचान और अवैध संपत्तियों की जब्ती को अपनी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है।




इस अभियान के दौरान 65 से अधिक हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया गया और करोड़ों रुपये की अवैध राशि जब्त की गई। यह कार्रवाई इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नशे का कारोबार केवल तस्करी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसके जरिए संगठित अपराध, हथियारों की खरीद और सीमा पार संचालित नेटवर्क भी मजबूत होते हैं।

चिंताजनक पहलू यह है कि हाल के कई मामलों में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी का सीधा संबंध सामने आया है। पाकिस्तान समर्थित मॉड्यूलों से हेरोइन के साथ-साथ आधुनिक हथियार और ड्रोन भी बरामद हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई अब कानून-व्यवस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का भी विषय बन चुकी है। हालांकि पंजाब को पूरी तरह नशामुक्त घोषित करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन आंकड़े यह जरूर बताते हैं कि पुलिस पहली बार तस्करों की कमाई, संपत्तियों और वित्तीय नेटवर्क पर उतनी ही आक्रामकता से प्रहार कर रही है जितनी नशे की खेपों पर। यदि यही रफ्तार बनी रही तो आने वाले समय में यह अभियान केवल गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि नशे के पूरे आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने का मॉडल बन सकता है।

**–दिनेश दिक्षित**
राजनीतिक विश्लेषक

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## दाखिला न देने पर जुडो करांटे इंस्टैक्टर की पिटाई

चंडीगढ़। यहां के सेक्टर 47 में 3 अज्ञात युवक एक जुडो इंस्टैक्टर की पिटाई करके फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर 47 में स्थित मकान नं. 3551 में रह रहे जुडो करांटे के इंस्टैक्टर मोहन सिंह के पास तीन अज्ञात युवक आए तथा मोहन सिंह से जबरदस्ती करने लगे कि वह उन्हें जुडो करांटे सिखाए। मोहन सिंह के यह कहने पर कि वे कल आ जाए इसी बात पर अज्ञात युवक उस पर हमला करके फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके कार्यवाही चालू कर दी है। उक्त सभी युवक 20 से 25 वर्ष के बताए जा रहे है।

### ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1748 पटियाला रियासत के महाराजा महाराजा अमर सिंह का जन्म।
1916 अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट का अधिकार दिया गया।
1919 फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1930 हिन्दी फ़िल्मि अभिनेता सुनील दत्त का जन्म।
1967 इजरायली सेना ने गाजा पर कब्जा किया।
1968 दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री तथा भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल का जन्म।
1981 बिहार की बागमती नदी में एक ट्रेन गिर जाने से क़रीब 800 लोगों की मौत।
1995 पाकिस्तान में बाल अपराधियों को कोड़े मारने अथवा उनकी फ़ांसी की सज़ा प्रतिबंधित की गई।
2004 भूतपूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का निधन।

### बोल ब्यूटीफुल



**तहसीन पूनवाला:** दिल्ली और भारत के शहरी इलाके एक टिक-टिक करते टाइम बम पर बैठे है। बुनियादी ढांचा बदहाल है और अधिकांश उपाय ठप पड़े है। पार्किंग की कमी के कारण सड़के अवरुद्ध है, जिससे बचाव दल को पहुंचने में कठिनाई होती है।

# ग्रेट निकोबार : भारत की समुद्री रणनीति का प्रमुख केंद्र

दैनिक अर्थ प्रकाश

> 'जो राज्य अपनी सीमाओं, साझेदारियों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा नहीं करता, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख सकता'– कौटिल्य

कौटिल्य की यह सीख सदियों पहले ही शासन और रणनीति की मूल सोच का हिस्सा बन चुकी थी, और आज के समय में यह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होकर सामने आई है। आज देशों की परीक्षा केवल उनकी अर्थव्यवस्था के आकार या सैन्य ताकत से नहीं हो रही, बल्कि इस बात से हो रही है कि वे भूगोल को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, भविष्य का कितना सही अनुमान लगाते हैं और अवसर के खतरे में बदलने से पहले कितनी तेजी से निर्णय लेते हैं। ग्रेट निकोबार भारत के लिए ऐसी ही एक बड़ी परीक्षा है।

यह भारतीय मानचित्र के दक्षिणी-पूर्वी छोर पर स्थित एक दूरस्थ द्वीप जैसा प्रतीत होता है। ऐसी जगह जिसे दशकों से लगभग अछूता छोड़ दिया गया है और जिसे वैसे ही रहने देना चाहिए। परंतु ग्रेट निकोबार भारत की अग्रिम समुद्री चौकी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के समीप स्थित यह द्वीप दुनिया की ओर भारत की सबसे अहम सामरिक अवसर में से एक है।

अतः ग्रेट निकोबार के प्रस्तावित विकास को केवल एक अवसंरचना परियोजना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह केवल एक बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप या बिजली संयंत्र बनाने का प्रश्न नहीं है। यह वास्तव में इस बात की सामरिक परीक्षा है कि क्या भारत अपनी इस दुर्लभ भौगोलिक बढ़त को राष्ट्रीय शक्ति में बदलने के लिए तैयार है।

सदियों से हिंद महासागर ने भारत की नियति को आकार दिया है। इसी समुद्री क्षेत्र ने हमारे व्यापार, हमारे विचारों और हमारे सभ्यतागत प्रभाव को विश्व भर में पहुंचाया, परन्तु कई बार यही हमारी कमजोरियों का कारण भी बना। तथापि, स्वतंत्रता के पश्चात् लंबे समय तक भारत की सामरिक सोच मुख्य रूप से स्थल-आधारित रही। यह निर्विवाद है कि ग्रेट निकोबार अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक स्थान है। यह अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीपों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर है। प्रस्तावित परियोजना का कुल क्षेत्रफल 166.10 वर्ग किलोमीटर है, जो सम्?पूर्ण द्वीपसमूह के कुल क्षेत्रफल का केवल लगभग 2 प्रतिशत है। इसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को परियोजना के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है, जो द्वीप समूह के कुल वन क्षेत्र का लगभग 1.82 प्रतिशत है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोम्बोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। वास्तविक सामरिक दृष्टि से देखें तो यह भारत की पूर्वी समुद्री चौकी है।

इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। कल्पना कीजिए उन जहाजों की, जो अदन की खाड़ी से मलक्का स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे हैं, ऊर्जा से भरे मालवाहक जहाज, जो पश्चिम एशिया और अफ्रीका से पूर्वी एशिया की ओर जा रहे हैं, एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने वाला कंटेनर यातायात तथा नौसैनिक संसाधन, निगरानी मंच और लॉजिस्टिक श्रृंखलाएँ, जो इन जलमार्गों से होकर गुजर रही हैं।

हिंद महासागर अब शांत समुद्र नहीं रहा। यह तेजी से एक भीड़भाड़ वाले सामरिक क्षेत्र में बदल रहा है। ऊर्जा आपूर्ति, कंटेनर यातायात, नौसैनिक तैनाती, द्वीपीय सुविधाएं, समुद्र के नीचे बिछी केबलें और समुद्री निगरानी अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुकी हैं। यह शायद मुख्य भूमि पर बैठे कई लोगों को दिखाई न दे, परन्तु देशों के भविष्य के लिए यह बेहद निर्णायक है।

हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ने वाली दशकों पुरानी कैनल परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसके स्थान पर अब लगभग 90 किलोमीटर लंबे मल्टी-मोडल लैंड ब्रिज की योजना अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। यह परियोजना टेंथ पैरेलल के साथ दो नव-डिज़ाइन किए गए गहरे समुद्री बंदरगाहों को जोड़ेगी – एक अंडमान सागर के किनारे रणोंग में और दूसरा थाईलैंड की खाड़ी के किनारे चुम्फोन में। इसके साथ दोहरी ट्रैक्स वाली उच्च गति रेल, बहु-लेन सड़क, तेल एवं गैस के लिए ऊर्जा पाइपलाइनें तथा वायु एवं डिजिटल ग्रिड भी प्रस्तावित हैं। ये सभी कारक मिलकर इंडो-



पैसिफिक व्यापार मार्गों को पूरी तरह पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति का केंद्र सीधे अंडमान बेसिन की ओर स्थानांतरित कर रहे हैं।

मलक्का स्ट्रेट विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सामुद्रिक चोकपॉइंट्स में से एक है। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है और अत्यंत मूल्यवान ऊर्जा संसाधनों (तेल और एलएनजी) तथा वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ग्रेट निकोबार की गलाथिया खाड़ी 60 चैनल से लगभग 45 किलोमीटर दूर है, जो मलक्का स्ट्रेट को अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप की ओर जाने वाले समुद्री मार्गों से जोड़ती है। अनुमान है कि हर साल लगभग एक लाख जहाज मलक्का स्ट्रेट 60 चैनल मार्ग से गुजरते हैं। मलक्का, सुंडा और लोम्बोक जैसे सामरिक चोकपॉइंट्स के निकट स्थित होने के कारण यह द्वीप भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है। कोई भी गंभीर सामुद्रिक शक्ति ऐसे भौगोलिक तथ्यों की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में अनेक शक्तिशाली देश बंदरगाहों, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, समुद्री पहुँच सुविधाओं, नौसैनिक संसाधनों, निगरानी प्रणालियों और आर्थिक गलियारों के माध्यम से निरंतर अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। भारत का उत्तर संकोचपूर्ण नहीं हो सकता। उसका उत्तर सामरिक सुदृढ़ीकरण होना चाहिए। संप्रभुता केवल मानचित्र पर सीमाएँ खींच देने से सुदृढ़ नहीं होती। वह तब सशक्त होती है जब कोई भूभाग जुड़ा हुआ, आबाद, सुविधायुक्त, उत्पादक और सामरिक रूप से उपयोगी बनता है। अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, टाउनशिप और विद्युत संयंत्र अलग-अलग परियोजनाएँ नहीं हैं। ये सभी मिलकर उस पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) का निर्माण करते हैं, जिसकी सहायता से भारत एक निर्णायक सामुद्रिक स्थान पर विश्वसनीय, सतत और बहुआयामी उपस्थिति बनाए रख सकता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने समुचित जांच-पड़ताल और आपत्तियों के निस्तारण के बाद यह स्वीकार किया कि यह परियोजना केवल द्वीप और उसके आसपास के सामरिक क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सिंगापुर केवल इसलिए एक महान सामुद्रिक केंद्र नहीं बना क्योंकि उसका भौगोलिक स्थान अनुकूल था। उसने उस स्थान के आस-पास आवश्यक क्षमताओं का निर्माण किया। भौगोलिक स्थिति ने उसे अवसर दिया, और उसके अवसंरचनात्मक विकास ने उस अवसर को प्रभाव में परिवर्तित किया। हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया एक और महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह दर्शाता है कि कोई दूरस्थ द्वीप भी, यदि उसे लॉजिस्टिक और परिचालन अवसंरचना से सुसज्जित किया जाए, तो असाधारण सामरिक महत्व प्राप्त कर सकता है। सामुद्रिक शक्ति केवल भूगोल से नहीं बनती; वह भूगोल का उपयोग करने की आवश्यक क्षमता विकसित करने से निर्मित होती है।

ग्रेट निकोबार भारत को यह सब एक संतुलित और विशिष्ट भारतीय दृष्टिकोण के साथ करने का अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार को बढ़ावा दे सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, विदेशी ट्रांसशिपमेंट केंद्रों पर निर्भरता कम कर सकता है, साथ ही भारत की सामुद्रिक पहुँच को विस्तारित कर सकता है तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक प्रवेश द्वार और व्यापक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए एक सामरिक मंच के रूप में कार्य कर सकता है। ग्रेट निकोबार में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भारत के उस सामग्री पर निर्भरता को कम कर सकता है जिसे वर्तमान में विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से ट्रांसशिप किया जाता है। इससे सप्लाई चेन सुदृढ होगी, निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और भारत को अपने सामग्री की आवाजाही पर अधिक नियंत्रण और निश्चितता प्राप्त होगी।

निस्संदेह, ग्रेट निकोबार पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इस स्तर की किसी भी परियोजना को पारिस्थितिक सावधानी, कानूनी अनुपालन, वैज्ञानिक निगरानी और वास्तविक शमन उपायों के साथ लागू किया जाना चाहिए। विकास लापरवाह नहीं हो सकता। लेकिन पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सामरिक चिंतन पर स्थायी वीटो का आधार भी नहीं बनाया जा सकता। वास्तविक चुनौती पर्यावरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच चयन करने की नहीं है। वास्तविक चुनौती यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ाया जाए।

वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सामरिक द्वीप का उत्तरदायित्व पूर्वक विकास करना चाहता है, अथवा फिर ऐसे समय में जब पूरा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पुनर्गठित हो रहा है, वह इस द्वीप को अविकसित और अपर्याप्त रूप से जुड़ा हुआ छोड़ देगा।

भारत एक कॉन्टिनेंटल और सामुद्रिक – दोनों प्रकार की शक्ति है। लंबे समय तक स्थलीय सोच ने सामुद्रिक दृष्टिकोण पर हावी रहा है। अतः ग्रेट निकोबार परियोजना कोई विलासिता नहीं, बल्कि सामरिक दूरदृष्टि का प्रतीक है। किसी राष्ट्र की नियति केवल उन खतरों से निर्धारित नहीं होती जिनका वह सामना करता है, बल्कि उन अवसरों से भी तय होती है जिन्हें वह समय रहते पहचान लेता है। ग्रेट निकोबार ऐसा ही एक अवसर है। इसकी उपेक्षा करना भूगोल की उस सामरिक शक्ति को अनुपयोगी छोड़ देना होगा, जिसे बाद में अन्य शक्तियाँ अपने अनुसार आकार दे.

**–एडमिरल डी. के. जोशी**

(लेखक वर्तमान में अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल तथा द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष हैं। वे भारतीय नौसेना के पूर्व नौसेना प्रमुख (Chief of the Naval Staff) रह चुके हैं और वर्ष 2009-10 के दौरान अंडमान तथा निकोबार कमान (A&N Command) के कमांडर-इन-चीफ भी रहे हैं।)

### राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# स्वच्छ पर्यावरण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**शिमला।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिज मैदान, शिमला से स्वच्छ पर्यावरण एवं नशामुक्त जीवन विषय पर आयोजित मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश पुलिस, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जनगणना निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मैराथन में हिमाचल प्रदेश तथा पड़ोसी राज्यों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सदस्य, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजन बड़ी संख्या में इस आयोजन का हिस्सा बने।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व को ब?ावा देना था। इस अवसर पर जनगणना विभाग द्वारा संचालित स्व-गणना अभियान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध वायु से समृद्ध राज्य है। उन्होंने भावी पी?ियों के हित में प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर और सौंदर्य के संरक्षण पर विशेष बल दिया।

राज्यपाल ने प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सहभागिता पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति ब?ती जागरूकता की परिचायक है। उन्होंने कहा कि विकास कभी भी पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं।

राज्यपाल ने नशे की ब?ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध ल?ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कविन्द्र गुप्ता ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सभी नागरिक मिलकर प्रयास करें तो हिमाचल प्रदेश को पूर्णतः नशामुक्त राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक अभियानों की सफलता में जनभागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आयोजन से जु? सभी विभागों के प्रयासों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत घर से होनी चाहिए और इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ जीवनशैली अपनाने तथा स्वस्थ एवं सतत् समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

इससे पूर्व, कविन्द्र गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्त जीवन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद भी किया तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा पर्यावरण जागरूकता को ब?ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने 'हरित हिमाचल' एवं 'चिट्टा-मुक्त हिमाचल' कैंपेन वॉल पर हस्ताक्षर कर दोनों अभियानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव सुशील कुमार सिंगला, निदेशक जनगणना संचालन दीप शिखा शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित थे।



## संवेदनशील स्थलों की पहचान कर समयबद्ध तैयारियां पूरी करें : अनुराग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 5 जून।** आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून के मद्देनज़र उपायुक्त, अनुराग चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में मानसून तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बाढ़, भूस्खलन, सड़क अवरोध, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं जोखिमपूर्ण स्थलों की पहचान कर समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालों एवं जल निकासी तंत्र की सफाई, नदियों और खड्डों के जलस्तर की निगरानी, बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता, राहत सामग्री के भंडारण तथा आपदा नियंत्रण कक्षों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, बीआरओ, जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत बोर्ड तथा अन्य संबंधित विभागों को मानसून से पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं निवारक कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से सड़कों के किनारे खड़े खतरनाक वृक्षों की पहचान एवं कटान, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय तथा अवरुद्ध मार्गों को शीघ्र बहाल करने की कार्ययोजना तैयार रखने पर बल दिया।

उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दूरदराज के क्षेत्रों में पर्याप्त राशन भंडारण सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन





अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ऊना में निदेशक सुधीर कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीडीएम नाबार्ड सबरीना राजवंशी तथा एलडीएम ऊना संजीव सक्सेना उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आरसेटी के प्रशिक्षु, ऊना ब्लॉक के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं संस्थान के कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर आरसेटी निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने पर्यावरण में हो रहे बदलावों और उनके मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि सबरीना राजवंशी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कम से कम एक छायादार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में मानव जीवन अनेक चुनौतियों का सामना करेगा। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार हो रही वृक्षों की कटाई के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, जिसके गंभीर परिणाम आने वाले वर्षों में देखने को मिल सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान डीडीएम नाबार्ड सबरीना राजवंशी एवं एलडीएम ऊना संजीव सक्सेना द्वारा संस्थान परिसर में छायादार वृक्षों का पौधारोपण भी किया गया। इसके उपरांत आरसेटी के प्रशिक्षुओं, बैंक शाखा प्रबंधकों तथा संस्थान के कर्मचारियों के सहयोग से रामपुर रोड पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पर्यावरण बचाओ रैली निकाली गई। कार्यक्रम में आरसेटी स्टाफ सदस्य आकाश भारद्वाज, श्रीमती रजनी वाला, हीना डोगरा, मीनाक्षी तथा चंचल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

## स्वर्णकार संघ ऊना ने घोषित किया ग्रीष्मकालीन अवकाश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 5 जून।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, जिला ऊना इकाई ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार जिले भर के स्वर्णकार व्यवसायी 24 जून से 28 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान जिले के आभूषण एवं स्वर्णकार से संबंधित दुकानें बंद रहेंगी। संघ के जिला प्रधान प्रिंस राजपूत, उपप्रधान श्याम हांडा तथा महासचिव रजत कोहली ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि अवकाश के दौरान स्वर्णकार वर्ग को पारिवारिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए समय मिलेगा, वहीं कारोबारी भी अपने स्वास्थ्य और आराम का ध्यान रख सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी स्वर्णकार व्यवसायियों से निर्धारित अवकाश का पालन करने का आग्रह किया है।

साथ ही ग्राहकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि जिन लोगों को विवाह, धार्मिक आयोजनों अथवा अन्य विशेष अवसरों के लिए आभूषणों की खरीदारी या मरम्मत करवानी है, वे अपने कार्य समय रहते निपटा लें, ताकि अवकाश अवधि के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रिंस राजपूत ने कहा कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश का आयोजन किया जाता है, जिससे व्यवसाय से जुड़े लोगों को कुछ समय विश्राम का अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि 29 जून से सभी दुकानें पुन~ सामान्य रूप से खुल जाएंगी और कारोबार पूर्व की भांति संचालित होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर अम्ब-गगरेट क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 5 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में उपमंडल अम्ब एवं गगरेट के विभिन्न संस्थानों में आयुष विभाग की ओर से योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी, अम्ब (भंजाल) डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक भी बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नेरियां तथा पुलिस थाना गगरेट में विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों को नियमित योगाभ्यास के महत्व तथा उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया गया।

इसके साथ ही, आज(शुक्रवार) को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईटीआई नेरियां परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संदेश देते हुए पौधे लगाए गए। उपस्थित प्रतिभागियों को प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि प्रकृति और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है तथा पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा जल एवं ऊर्जा संरक्षण को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अफीम के पौधे किए नष्ट

**कुल्लू, 5 जून (अशेष शर्मा)।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला कुल्लू पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई। जिसके तहत अफीम के कुल 25210 पौधे नष्ट किए गए। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बंजार की टीम ने सराची गाँव के समीप खेतों में उगाए गए लगभग 23,690 अफीम के अवैध पौधे बरामद कर नष्ट किए। जबकि पुलिस थाना पतलीकुहल की टीम ने थिन्चपाल (डमचीन के निकट) क्षेत्र में लगभग 1,520 अफीम के अवैध पौधे नष्ट किए।इस संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस थाना बंजार में दो तथा पुलिस थाना पतलीकुहल में एक मामला, कुल 03 अभियोग अंतर्गत धारा 18 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है तथा नशे की अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।साथ ही जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध अपनी मुहिम को निरंतर जारी रखते हुए जनता से भी सहयोग की अपील की है।

### बच्चों ने रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सोलन (यशपाल कपूर)।** सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल भोज-आंजी में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें प्रातःकाल में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद स्कूल में पर्यावरण को समर्पित संस्था सारथी वैल्फेयर सोसायटी के साथ मिलकर स्कूल में भाषण, पेंटिंग्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सारथी संस्था के अध्यक्ष रिटायर एचएएस अधिकारी सुभाष सकलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिटायर आईएफएस अधिकारी डॉ जीआर साहिबी ने विशेष रूप से शिरकत की। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल अशोक शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और पर्यावरण दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बोलते हुए सुभाष सकलानी ने कहा कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए हर दिन जागरूक रहना चाहिए। बढ़ता प्रदूषण, जंगलों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण के लिए खतरा बनता जा रहा है। डॉ जीआर साहिबी ने कहा कि प्रकृति से सीख लेते हुए वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है। भाषण प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में दीक्षिता पहले, वंशिका दूसरा और आरूषी तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में आरव पहले, तनुजा दूसरा और अंश तीसरे स्थान पर रहा। चित्रकला के सीनियर वर्ग में वंशिका प्रथम, दिव्या द्वितीय और सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में आरूषि पहले, तनुजा दूसरे और आरव तीसरे स्थान पर रहे।

## भारत की हरित क्रांति विश्व पटल पर स्थापित, जलवायु संरक्षण में भारत निभा रहा अग्रणी भूमिका : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर मुंबई के बांद्रा स्थित कार्टर रोड एम्फीथिएटर में भामला फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी), बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) तथा भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। #NowForClimate थीम पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में देश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, कलाकारों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत ने ग्लासगो में आयोजित ष्ठहक्क26 सम्मेलन में घोषित पंचामृत संकल्प को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है तथा जून 2025 में ही पेरिस समझौते के अंतर्गत निर्धारित वर्ष 2030 के 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता लक्ष्य को पांच वर्ष पूर्व प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर~ मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देशभर में 14 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने 'लाइफ' आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव अपनाने की प्रेरणा देता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मार्च 2026 तक भारत में 283 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिससे भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक आर. बाल्की के निर्देशन में तैयार जलवायु जागरूकता पर आधारित संगीत अभियान ÷भूमि नमस्कार÷ का शुभारंभ रहा। भामला फाउंडेशन द्वारा तैयार इस विशेष म्यूजिकल क्लाइमेट एंथम में श्रेया घोषाल, वरुण धवन, अभिषेक बच्चन, मलाइका अरोड़ा सहित भारतीय सिनेमा और संगीत जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी भागीदारी दी है।

अनुराग ठाकुर ने भामला फाउंडेशन द्वारा अब तक किए गए 550 से अधिक समुद्र तट एवं मैंग्रोव सफाई अभियानों, 800 से अधिक संस्थानों में 50 हजार से अधिक वृक्षारोपण तथा #BeatPlasticPollution अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ÷भूमि नमस्कार÷ केवल एक गीत नहीं बल्कि संगीत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन है। उन्होंने देशवासियों से इस एंथम को विद्यालयों, सामाजिक कार्यक्रमों तथा डिजिटल मंचों पर व्यापक रूप से साझा करने का आह्वान किया ताकि जलवायु संरक्षण का संदेश देश के हर कोने तक पहुंचे।

## शूलिनी विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में, शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने परिसर के वृंदावन गार्डन क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) एस. डी. मेहता, निदेशक संचालन, शूलिनी विश्वविद्यालय, और प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) ने किया। सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण और उनका पालन-पोषण जलवायु परिवर्तन से निपटने, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

## डीसी राहुल कुमार ने क्यारी-जबल क्षेत्र का किया दौरा

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ क्यारी एवं जबल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्यारी से जबल स?क पर भूस्खलन के कारण उत्पन्न कठिनाइयों का जायजा लिया तथा मझे? और कुटैहला के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

ग्रामीणों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि भूस्खलन के कारण स?क के क्षतिग्रस्त होने से क्यारियां गांव के लोगों को श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए लगभग 13 से 14 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना प? रहा है। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के समाधान की दिशा आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस बीच उन्होंने क्यारियां क्षेत्र में की जा रही कटिंग का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कटिंग से निकलने वाले पत्थरों को कोई व्यक्ति न उठा सके, इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

उन्होंने फोरलेन स?क कटिंग निर्माण कार्य के कारण ग्रामीणों को बिजली, पेयजल आपूर्ति सहित आ रही अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर एसडीएम धर्मपाल, डीएफओ राजीव कुमार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता, एनएचएआई के अधिकारी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष होशियार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को अभिलाषी विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं पर्यावरणीय सततता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व माननीय प्रो-चांसलर डॉ. एल. के अभिलाषी ने किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ग्रीन कैंपस कोर्स के माध्यम से पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के अभिनव प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस विशिष्ट पहल के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को अपने अध्ययनकाल के दौरान एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देती है, बल्कि विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता तथा प्रकृति के प्रति संरक्षण की भावना भी विकसित करती है।

इस अवसर पर माननीय चांसलर डॉ. आर. के.अभिलाषी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी हितधारकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया। डॉ. अभिलाषी ने वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के कल्याण के लिए स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

माननीय कुलपति प्रो. एच. के. चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति मानवता की सामूहिक जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण अभिलाषी विश्वविद्यालय की कार्यदृष्टि के अभिन्न अंग हैं तथा इस प्रकार की पहलें जागरूकता को सार्थक कार्यों में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस कार्यक्रम में डॉ. प्रोमिला अभिलाषी (उपाध्यक्ष, ए.ई.एस.) के साथ-साथ कुलसचिव, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता (डीन), निदेशक, विभागाध्यक्ष/समन्वयक, संकाय सदस्य, एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन इस सशक्त संदेश के साथ हुआ कि आज लगाया गया प्रत्येक वृक्ष एक स्वस्थ, हरित एवं सतत भविष्य में किया गया निवेश है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. देवेंद्र शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा श्री हेमंत कपूर, एन.एस.एस. समन्वयक ने विश्वविद्यालय प्रशासन, माननीय चांसलर डॉ. आर. के. अभिलाषी, माननीय प्रो-चांसलर डॉ. एल. के. अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एच. के. चौधरी, कुलसचिव डॉ. कपिल कपूर, डॉ. नर्बदा अभिलाषी (अध्यक्ष, जी.ई.एस.), डॉ. प्रोमिला अभिलाषी (उपाध्यक्ष, ए.ई.एस.) तथा सचिव श्री नरेंद्र कुमार के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया उत्साह

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

अर्थ प्रकाश /आदर्श यादव

**सुंदरनगर (मंडी) 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर द्वारा पंजाब बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं प्रभारी चमन लाल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनजीत सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। चमन लाल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026



की थीम ÷इंस्पायर्ड बाय नेचर, फॉर क्लाइमेट, फॉर अवर फ्यूचर÷ की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार के एंटी-चिट्टा अभियान के प्रति जागरूक करते हुए नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा स्वच्छ एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एल आर बी.एड. विभाग में विविध जागरूकता कार्यक्रम

**सोलन (यशपाल कपूर)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एल आर बी.एड. विभाग के प्रशिक्षुओं एवं एनएसएस वोलेंटर्स द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें सभी प्रशिक्षुओं



एवं शिक्षकों ने स्वच्छ पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर विभाग की प्रधानाचार्या डॉ. निशा एवम बी.एड विभाग के शिक्षक एवम गैर शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुरूआत एनएसएस वोलेंटर्स द्वारा एक पेड़ माँ के नाम थीम कैंपिगन से की गई।इस कैंपिग्न का उद्देश्य प्रशिक्षुयो, शिक्षकों एवम समाज की माताओं के सम्मान में एक एक पोधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण, तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी के साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं 卐बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट卐 गतिविधि का भी आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक की टीम ने प्रथम, महक चौहान की टीम ने द्वितीय तथा तंजीन की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में छोमो की टीम ने जीत अपने नाम दर्ज़ की।भाषण प्रतियोगिता में कृतिका कश्यप ने प्रथम तथा अनन्या और रीना ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रशिक्षुओं ने विभिन्न अनुपयोगी एवं अपशिष्ट सामग्रियों से उपयोगी वस्तुएँ तैयार कर अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. निशा ने बताया कि पर्यावरण केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए और प्लास्टिक के उपयोग को कम करे, तो हम अपनी धरती को सुरक्षित एवं समृद्ध बना सकते हैं। स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

अर्थ प्रकाश/पवन कौशल

**नालागढ़।** उपमण्डलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र आहलूवालिया की अध्यक्षता में नगर परिषद नालाग? द्वारा एम.सी. पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में अशोका प्रजाति के लगभग 30 से 35 पौधे रोपे गए। नरेंद्र आहलूवालिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ब?ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण का महत्व पहले से कहीं अधिक ब? गया है। पे?-पौधे न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा तापमान नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख करना भी उतना ही आवश्यक है।

## पाली गांव के लोगों ने चंदा जुटाकर आवारा बैल को पहुंचाया गोसदन, ग्रामीणों को मिली राहत

फसलों को पहुंचा रहा था नुकसान, कई लोगों पर कर चुका था हमला

प्रशासन से मदद न मिलने पर ग्रामीणों ने खुद उठाया जिम्मा, रखरखाव के लिए दिए 9000 रुपए

अर्थ प्रकाश /आदर्श यादव

**सुंदर नगर (मंडी) 5 जून।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलवाहन के पाली गांव में लंबे समय से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बने एक आवारा बैल को आखिरकार ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से बिजनी स्थित गौ सदन पहुंचा दिया। बैल के गौ सदन पहुंचने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है।

ग्रामीणों के अनुसार यह आवारा बैल पिछले काफी समय से किसानों



की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। इसके अलावा बैल कई बार राह चलते लोगों पर हमला कर चुका था, जिससे कई ग्रामीण घायल भी हुए। बैल के आतंक के कारण गांव में भय का माहौल बना हुआ था और लोग अकेले आने-जाने से भी कतराने लगे थे।

गांव के युवाओं ने हिम्मत दिखाते हुए बैल को सुरक्षित तरीके से पकड़कर बिजनी गौ सदन पहुंचाया। ग्रामीणों ने इसके रखरखाव और चारे की व्यवस्था के लिए आपस में चंदा एकत्रित किया तथा गौ सदन संचालकों को 9 हजार रुपये भी प्रदान किए।

गांववासी सोहन लाल ठाकुर, जीतराम और छोटू बलिया ने बताया कि आवारा बैल अचानक लोगों पर हमला कर देता था और किसानों की मेहनत से तैयार फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा था। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः ग्रामीणों को स्वयं पहल करनी पड़ी। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी नीति बनाई जाए, ताकि किसानों और आम लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## जीनियस ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

नुक्कड़ नाटक और नारों के जरिए लोगों को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर जीनियस ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राएं बुधवार को शहर की सड़कों पर उतरे। स्कूल की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित जागरूकता रैली में बच्चों ने पर्यावरण बचाने से जुड़े नारे लगाए और लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने का प्रयास किया। रैली के दौरान छात्रों ने हाथों में संदेश लिखी तख्तियां लेकर शहर के बायपास में लोगों को जागरूक किया। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनके संदेशों ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। जल बचाओ पेड़ लगाओ, स्वच्छ वातावरण अपनाओ जैसे संदेशों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया गया। स्कूल की एमडी नीति शर्मा ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराती है, इसलिए उसका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**अलग-अलग किरदारों के जरिए समझाया पर्यावरण संरक्षण का महत्व :** नाटक में बच्चों ने पेड़, पानी, हवा, पक्षी, मानव और प्रदूषण जैसे विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई। बच्चों ने कहा कि विकास कार्यों के दौरान जितने पेड़ काटे जाते हैं, उनकी भरपाई के लिए बड़े स्तर पर पौधरोपण होना चाहिए। साथ ही जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए भी सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। बच्चों ने लोगों से अपील की कि वे प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, क्योंकि सुरक्षित पर्यावरण ही आने वाली पीढि?ों के बेहतर भविष्य की गारंटी है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर, 5 जून।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने टीयरिंग एंड पेस्टिंग गतिविधि में भाग लिया, जबकि एलकेजी के विद्यार्थियों ने लीफ स्टैम्पिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। यूकेजी के बच्चों ने फिंगर पेंटिंग तथा 'पेड़ बचाओ' विषय पर अभिनय प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने कविता पाठ के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण के महत्व को उजागर किया। कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर पेड़



लगाने, पर्यावरण बचाने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

कक्षा छठी से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए मंडी डाक मंडल के सहयोग से 'वन–प्रकृति की जीवन रेखा' विषय पर डाक टिकट डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वनों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## पूर्व सांसद महेश्वर सिंह पीजीआई में स्वास्थ्य जांच के लिए भर्ती, विभा सिंह शपथ ग्रहण समारोह में नहीं होंगी शामिल

**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** जिला कुल्लू के ज्येष्ठा जिला परिषद वार्ड से रिकॉर्ड मतों से विजयी हुई विभा सिंह शनिवार को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में भाग नहीं ले पाएंगी। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार उनके ससुर एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह को स्वास्थ्य जांच के लिए पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया है, जहां उनका विस्तृत मेडिकल चेकअप चल रहा है।

महेश्वर सिंह के स्वास्थ्य परीक्षण के चलते विभा सिंह को उनके साथ चंडीगढ़ जाना पड़ा है। इसी कारण वह जिला परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नहीं हो सकेंगी।

गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों में ज्येष्ठा जिला परिषद वार्ड से विभा सिंह ने रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कर क्षेत्र में अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन किया था। उनकी अनुपस्थिति को लेकर समर्थकों में चर्चा है, हालांकि परिवार ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय पूरी तरह से पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों के कारण लिया गया है।

परिजनों ने बताया कि महेश्वर सिंह की स्वास्थ्य जांच पूरी होने के बाद चिकित्सकों की सलाह के अनुसार आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। वहीं समर्थकों और शुभचिंतकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। वहीं विभा सिंह ने अपने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वह शीघ्र उनसे मिलेगी और आभार प्रकट करेगी।

## गोवंश की निर्मम हत्या के बाद जलाए जाने का आरोप, क्षेत्र में भारी आक्रोश

जले हुए अवशेष मिलने से फैली सनसनी, ग्रामीणों व गौ रक्षक संगठनों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/ आदर्श यादव

**सुंदर नगर (मंडी)5 जून।** बल्ह उपमंडल की ग्राम पंचायत सकरोहा में गौवंश की कथित निर्मम हत्या कर उसके अवशेष जलाए जाने का मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया तथा बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। गौ रक्षक संगठनों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सकरोहा क्षेत्र में गौवंश के अवशेष जली हुई अवस्था में पाए गए, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि



इस प्रकार की घटना न केवल धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाती है, बल्कि समाज में असुरक्षा और असंतोष का माहौल भी पैदा करती है।

लोगों ने इसे बेहद निंदनीय और अमानवीय कृत्य बताते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

घटना के विरोध में ग्रामीणों और गौ रक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस चौकी गागल पहुंचा, जहां अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि दोषियों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रवासी व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की हर पहलू से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की

ग्रामीणों की ओर से शिकायत मिली है। घटना से जुड़े सभी तथ्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

*विनोद कुमार*

*पुलिस अधीक्षक मंडी*

जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**दोषियों की गिरफ्तारी तक जारी रहेगा विरोध :** ग्रामीणों और गौ रक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया है कि गौवंश से जुड़ी इस गंभीर घटना को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी तक उनका विरोध जारी रहेगा। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में गहरा रोष और चिंता का माहौल बना हुआ है।



## कुलांतपीठ के पीठाधीश्वर महायोगी सत्येन्द्र नाथ जी ने किया शाकटी गांव का दौरा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 5 जून।** कुलांतपीठ के पीठाधीश्वर महायोगी सत्येन्द्र नाथ जी ने जिला परिषद् धाऊगी वार्ड से आज़ाद प्रत्याशी श्री दर्शन ठाकुर के साथ गाड़ापारली पंचायत के शाकटी गावं में प्रभु राई नाग के भंडार में आग लगने के चलते शाकटी गावं का दौरा किया। महायोगी सत्येन्द्र नाथ जी के सौजन्य से भगवान राई नाग जी मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु ?50,000 की सहायता राशि भेंट की गई। गौर रहे की 30 मई को कुल्लू जिला के दुर्गम गांव शाक्टी में घर में भड़की आग से शाकटी गावं में प्रभु राई नाग के भंडार भी जल कर राख हो गया था। जिसमें देवता का लाखों का नुकसान हुआ था। जानकारी के अनुसार तीर्थ राम के मकान में सुबह के समय अचानक आग भड़क गई और उस आग में प्रभु राई नाग के भंडार भी जल कर राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता तथा सामूहिक प्रयास से इस आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जिला के सबसे दुर्गम गांव शाक्टी में सड़क सुविधा न होने के कारण यहां पर दमकल की टीम का तुरंत पहुंचना बहुत मुश्किल होता है।

## नेरी महाविद्यालय ने जीता पर्यावरण चैंपियन अवॉर्ड

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अंतर्गत संचालित औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी को पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन तथा सामुदायिक सहभागिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है।

महाविद्यालय को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इन गतिविधियों में सड़क किनारे वृक्षारोपण अभियान, पार्थेनियम उन्मूलन कार्यक्रम, प्लास्टिक कचरा संग्रहण एवं निस्तारण, जल टंकियों एवं प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई, विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण संबंधी शपथ कार्यक्रम तथा वनाग्नि की रोकथाम एवं वन्यजीव आवासों की सुरक्षा हेतु फायर लाइनों का निर्माण शामिल हैं। इन प्रयासों ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई है।

यह पुरस्कार जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित नमामि गंगे मिशन तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया। देशभर से प्राप्त 100 से अधिक नामांकनों में से कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत केवल नौ संस्थानों का चयन किया गया, जिनमें औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी भी शामिल रहा।

यह सम्मान पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं मैती आंदोलन के संस्थापक, तथा पद्मश्री माधुरी बर्थवाल, सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं उत्तराखंड की सांस्कृतिक दूत, द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में महाविद्यालय की ओर से डॉ. यशस्वी ठाकुर, सहायक प्राध्यापक (पर्यावरण विज्ञान) ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

महाविद्यालय को पर्यावरण एवं जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण तथा जन-जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सतत विकास एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है।

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्वयं सहायता समूहों को डिजिटल साक्षरता की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 5 जून।** उद्योग विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के राइजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) कार्यक्रम के अंतर्गत नगर स्थित 'ऊन की कहानी' कैफे में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना तथा महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाकर सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी को मजबूत करना था।

कार्यशाला में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों सहित 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, आधुनिक विपणन रणनीतियों, ब्रांड निर्माण, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की




विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागीय अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में उद्योगों के लिए डिजिटल विपणन, ऑनलाइन प्रचार-प्रसार और तकनीकी उपकरणों का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। इन माध्यमों के जरिए स्थानीय उद्योग अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. सरला शाशनी ने डिजिटल विपणन और ब्रांड निर्माण के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक मीडिया मंचों, डिजिटल विज्ञापनों, ऑनलाइन उपस्थिति, ग्राहक जुड़ाव और सामग्री आधारित प्रचार के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्योग अपने उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने और बदलती बाजार आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया।

द्वितीय सत्र में अमित ने प्रतिभागियों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल की उपयोगिता और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मंच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्वयं सहायता समूहों और नव उद्यमों को सरकारी खरीदारों तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। इसके माध्यम से उद्यमियों को देशभर में अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए नए बाजार और सरकारी खरीद के अवसर प्राप्त होते हैं।

वित्तीय प्रबंधन प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यम समूह विकास कार्यक्रम पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने बताया कि समूह आधारित कार्यप्रणाली अपनाकर महिलाएं और उद्यमी सामूहिक रूप से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और आधारभूत ढांचे का लाभ उठा सकते हैं। जिला उद्योग केंद्र के आर्थिक अन्वेषक अनुज कुमार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नई विनिर्माण और सेवा इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार वित्तीय सहायता, बैंक ऋण और अनुदान उपलब्ध कराती है। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला में रैंप टीम के साथ परामर्शदाता महेंद्र सिंह और अभिनीत वर्मा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं और उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के सतत विकास को भी नई दिशा प्रदान करेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस ट्राईसिटी में हरित अभियान की धूम

## राज्यपाल कटारिया ने किया पौधारोपण, पीयू और 450 आंगनबाड़ी केंद्रों में भी आयोजित हुए कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चंडीगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में पौधारोपण अभियान का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान को आगे बढ़ाया। वहीं पंजाब विश्वविद्यालय और चंडीगढ़ के सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

पंजाब लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने अपनी पत्नी श्रीमती अनीता कटारिया, बेटियों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। श्री कटारिया ने आंवला का पौधा लगाया, जबकि श्रीमती अनीता कटारिया ने अमलतास का पौधा रोपा। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी गुलमोहर, नीली गुलमोहर, अमरूद और प्राइड ऑफ इंडिया जैसे पौधे लगाए।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है और विशेष रूप से युवाओं को वृक्षारोपण तथा प्रकृति संरक्षण अभियानों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

उन्होंने चंडीगढ़ की समृद्ध हरित विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन पौधारोपण, जैव विविधता संरक्षण और जनभागीदारी के माध्यम से शहर की हरित पहचान को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक प्रताप सिंह, यूटी गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार तथा वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अनूप कुमार सोनी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उधर, पंजाब विश्वविद्यालय में एनएसएस, माय भारत और स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. रेणु विग के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण अभियान, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, गमला सजावट प्रतियोगिता, प्लॉग रन और स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए।

वहीं, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस वर्ष की थीम ÷क्लाइमेट एक्शन÷ के तहत पौधारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन गतिविधियों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और समुदाय के अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को मिशन लाइफ के सात प्रमुख विषयों—ऊर्जा बचत, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, कचरा प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली और ई-कचरा कम करने—के प्रति जागरूक किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में पौधारोपण और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण चेतना को बाल विकास, पोषण और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास किया गया।






### HALSA ने शुरू किया 10 लाख वृक्षारोपण अभियान, पंचकूला में हरित पहल

**पंचकूला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पंचकूला में एक पेड़ मां के नाम व जलवायु विषय के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हुए। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, इग्नू और स्टाइलम इंडस्ट्रीज ने भाग लेकर हरित भविष्य का संदेश दिया। HALSA राज्यव्यापी मेगा अभियान- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति दीपक सिबल ने वन विभाग के सहयोग से 10 लाख वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान मानसून में चलेगा और वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का हिस्सा है। न्यायमूर्ति सिबल ने सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को कोर्ट कॉम्प्लेक्स, एडीआर केंद्र व न्यायिक आवासीय परिसरों में देशी, औषधीय, फलदार व छायादार पौधे लगाने के निर्देश दिए। सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने कहा कि रोपित पौधों की 5 वर्ष तक देखभाल जरूरी है। जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय संधीर ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिक्रमजीत अरोड़ा, अमित शर्मा, हिमांशु सिंह, रेखा; न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमीत कौर, अरुणिमा चौहान, अभिधा गुप्ता; मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सैनी व अजय कुमार घनघस ने भी पौधे लगाए।

**स्टाइलम इंडस्ट्रीज, पंचकूला :** क्षेत्रीय अधिकारी सुधीर मोहन के नेतृत्व में आसमान फाउंडेशन एनजीओ द्वारा बच्चों के सहयोग से छायादार पौधे लगाए गए। फाउंडेशन की प्रांतीय अध्यक्ष प्रियंका पुनिया ने कहा, पर्यावरण बचाना विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है।

### यूटी पुलिस का हरित संदेश



**चंडीगढ़** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूटी पुलिस ने सारंगपुर स्थित आईआरबी कॉम्प्लेक्स में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के 'मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट)' के तहत किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान परिसर में बड़े पैमाने पर फलदार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए। इनमें आम, आंवला, अमरूद, रीठा सहित विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा कि इन पौधों का चयन हरित क्षेत्र बढ़ाने, जैव विविधता के संरक्षण, वायु गुणवत्ता में सुधार तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने परिसर की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा नागरिकों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश दिया।

### बीएसएफ ने पश्चिमी सीमा क्षेत्र में लगाए 65 हजार से अधिक पौधे

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पश्चिमी कमान ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कश्मीर से लेकर गुजरात तक पश्चिमी सीमा क्षेत्र में बीओपी स्तर तक 65 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। अभियान का शुभारंभ बीएसएफ पश्चिमी कमान के अपर महानिदेशक Satish S. Khandare ने लखनौर स्थित परिसर में पौधा रोपित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों, जवानों, उनके परिजनों तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान नीम, पीपल, अशोक तथा विभिन्न फलदार और स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर महानिदेशक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक और वर्दीधारी कर्मी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने हरित और स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।






### भाजपा ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश ने फ्रएक पेड़ मां के नामफ्र अभियान के तहत शहरभर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए। इसी क्रम में वार्ड नंबर-29 के सेक्टर-56 में मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी के नेतृत्व में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, जिला महामंत्री कृष्णकांत और राजकुमार राणा, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष मनदीप सिंह समेत जिला और मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों को भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा दायित्व है।

### सीपीडीएल ने किया वृक्षारोपण



**चंडीगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने सेक्टर-56 ग्रिड सब स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और शहर में हरित आवरण को मजबूत करना था। सीपीडीएल के चेयरमैन पी. आर. कुमार, निदेशक श्री अरुण कुमार वर्मा तथा सीईओ श्री ब्रजेश कुमार ने ग्रिड सब-स्टेशन परिसर में आम, आंवला, अमरूद सहित विभिन्न पौधों का रोपण किया और जैव विविधता को बढ़ावा देने तथा हरियाली को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए योगदान देने का संकल्प लिया।



### चंडीगढ़ चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का विशेष वृक्षारोपण अभियान

सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन कार्यरत चंडीगढ़ चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। इस अभियान के तहत कॉरपोरेशन द्वारा संचालित स्नेहालय फॉर बॉयज़, मलोया; स्नेहालय फॉर गर्ल्स, सेक्टर-15; ऑब्जर्वेशन-कम-स्पेशल होम एंड प्लेस ऑफ सेफ्टी, सेक्टर-26; शक्ति सदन एवं सखी सेंटर, सेक्टर-26; आशा किरण, सेक्टर-46; ग्रुप होम, सेक्टर-31 तथा वरिष्ठ नागरिक गृह, सेक्टर-15 में पौधे लगाए गए।



### पीजीआईएमईआर पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल, स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च का दौरा किया और संस्थान के चिकित्सकों एवं चिकित्सा समुदाय के सदस्यों के साथ अनौपचारिक संवाद किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान तथा उभरती जनस्वास्थ्य चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल की अगुवाई में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में चिकित्सकों और फैकल्टी सदस्यों ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही नवाचार, सहयोग और साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि पीजीआईएमईआर ने रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार नए मानक स्थापित किए हैं।

### इंजीनियरिंग विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऊर्जा प्रबंधन प्रकोष्ठ (ईएमसी) एवं राज्य नामित एजेंसी (एसडीए), चंडीगढ़ द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग 25 कर्मचारियों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के प्रभावी उपयोग, सतत जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

### वार्डों में जागरूकता अभियान चलाएंगे पार्षद

चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा आयोजित विशेष बैठक में शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने और नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के प्रावधानों की जानकारी देंगे। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने की। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत सिंह, डिप्टी मेयर सुमन देवी, पार्षदों तथा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### चंडीगढ़ प्रशासन ने चलाया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

**चंडीगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए राष्ट्रव्यापी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विशेष पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ सेक्टर-7 स्थित सार्वजनिक पार्क में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का भी माध्यम है। वहीं, गृह सचिव-सह-सचिव (वन) मंदीप सिंह बराड़ ने चंडीगढ़ बर्ड पार्क में पौधा लगाया। इस कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार तथा वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अनुप कुमार सोनी ने भी भाग लेते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जैव विविधता के संरक्षण जैसी चुनौतियों से निपटने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें।



## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-27 में मेंटेनेंस बूथ ने लगाई छबील



**चंडीगढ़ (अजीत कौशल)।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बीच सेक्टर-27 स्थित मेंटेनेंस बूथ द्वारा राहगीरों की सेवा के लिए छबील लगाई गई। इस दौरान लोगों को ठंडा और शीतल जल वितरित किया गया, जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिली। छबील सेवा में बूथ के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के निवासियों ने शीतल जल ग्रहण किया। सेवा कार्य में जुटे लोगों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिलाना एक पुण्य कार्य है और ऐसे आयोजन सामाजिक एकता व मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की छबील लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा और सहयोग का संदेश देती है।

### डॉ पुनिया को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किये जाने पर अजय मित्तल ने दी बधाई

**पंचकूला (सुनील सिंघई)।** भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने हरियाणा प्रदेश के प्रभारी डॉ सतीश पुनिया को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किये जाने पर ख़ुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। अजय मित्तल ने कहा कि डॉ पुनिया भाजपा के बहुत ही वरिष्ठ नेता एवं कुशल संगठनकर्ता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय चुनाव समीति द्वारा डॉ पुनिया को राज्य सभा में भेजे जाने का निर्णय राजस्थान के साथ साथ समस्त हरियाणा के लिए भी हित में होगा। अजय मित्तल ने कहा, बतौर प्रदेश प्रभारी डॉ पुनिया ने अपनी सहज कार्यशैली और बेहतरीन संवाद कौशल से हरियाणा के कार्यकर्ताओ के दिलो में एक खास जगह बनाई है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर की अनोखी पहल



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जून।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया। इस अभियान का नेतृत्व सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर के इंचार्ज सुनील कुमार ने अपनी टीम के साथ किया।

सुनील कुमार ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन को देखते हुए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इसी सोच के साथ उनकी टीम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर समाज को हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया है।

### मानसून से पहले प्रशासन सतर्क

## एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने गांवों का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**पंचकूला, 5 जून।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए पंचकूला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव और सड़क क्षति की संभावित समस्याओं से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में रायपुररानी और बरवाला सब-डिवीजन के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने शुक्रवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर ड्रेनेज व्यवस्था, नालों, नहरों और सड़कों की स्थिति का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने सब-डिविजनल रोड सेफ्टी एंड ड्रेनेज इंस्पेक्शन टास्कफोर्स के अधिकारियों के साथ गांव भानू, मटटेवाला, जसवंतगढ़, एनएचएआई बरवाला रोड, रिवर चैनलों, नालों, नहर पुलों और प्रमुख सड़कों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नाले बंद और जर्जर हालत में पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल सफाई और मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि गांवों में जलभराव की समस्या पैदा न हो। मटटेवाला के निकट सड़क पर गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से मिलने पर एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को मानसून से पहले सभी गड्ढे भरने और सड़कों की रिकापेटिंग कराने के आदेश दिए। वहीं सिंचाई विभाग को नहरों और रिवर चैनलों के किनारे कटाव वाले स्थानों की मरम्मत करने तथा जरूरत पड़ने पर पत्थर और रेत की बोरियां लगाकर सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने को कहा गया।

भानू, मटटेवाला, जसवंतगढ़ और बरवाला क्षेत्र में नालों के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था प्रभावित मिली। इस पर एसडीएम ने विशेष सफाई अभियान चलाकर बंद पड़े नालों को तुरंत खुलवाने और उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सफाई और मरम्मत कार्य पूरा नहीं किया गया तो बारिश के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव, सड़क क्षति और आवागमन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## विधायक शक्तिरानी शर्मा ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का आह्वान

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कालका की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा ने कालका विधानसभा क्षेत्र के ग्राम माजरा मेहताब स्थित पार्क परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों के साथ मिलकर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान विधायक शक्तिरानी शर्मा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृशक्ति के सम्मान, प्रकृति संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नागरिकों को पौधों का वितरण भी किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जनभागीदारी अभियान से जुड़कर हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान दे सकें।

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अपनी मातृशक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक और प्रेरणादायक माध्यम है। एक पेड़ केवल हरियाली नहीं देता, बल्कि स्वच्छ वायु, शुद्ध पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखता है। आज आवश्यकता है कि हम सभी पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लें। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का दायित्व निभाए, तो आने वाले समय में हम एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-संतुलित भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर पौधारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष गरीब, किसान, महिला, युवा वर्ग के उत्थान को समर्पित रहे हैं: डा. अर्चना गुप्ता

मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 21 जून तक चलेगा महाअभियान

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन




**पानीपत, 5 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश और समर्पण भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। डा. अर्चना गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा मोदी और नायब सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता शुक्रवार को पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में पानीपत शहरी विधानसभा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर डा. अर्चना गुप्ता ने मोदी सरकार के 12 वर्षों को बेमिसाल बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के ये 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने पर सेवा अभियान चलाया जाएगा जिसमें अनेकों कार्यक्रम होंगे।

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 7 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेशभर में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 21 जून तक व्यापक जनसंपर्क और जनकल्याण के अभियान चलाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार की जनकल्याण की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ लगातार प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलेंगे, जिसमें केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, संगठन के पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्राएं तथा विकसित भारत संकल्प से जु? विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 12 से 20 जून तक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। वहीं प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन और विभिन्न संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से मोदी सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक जिले में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाली प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी ताकि आमजन सरकार द्वारा किए गए कार्यों से अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जबकि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक मंडल में सामूहिक योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

डा. गुप्ता ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा मोदी और नायब सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## करंट कॉर्नर



धर्मवीर सिंह,
दैनिक अर्थ प्रकाश चंडीगढ़

तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी?
ममता दीदी हार गई ,
अब जिंदगी भर पछताएगी
बंगाल पश्चमी चमक उठा,
तम को दूर भगाया है !
गुंडा गर्दी खत्म हुई ,
अब नया सवेरा आया है !
सीएम बने शुभेंदु जी,
नई रोशनी छाएगी !
तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी !
ममता दीदी .......
अत्याचार चर्म पर थे,
हिंदुओं की बदहाली थी !
भेदभाव भी बहुत घना था,
डरी भोर की लाली थी !
लोकतंत्र की जोत जली है,
गीत खुशी के गाएगी !
तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी !
ममता दीदी.......
जन पर हुक्म चलाने वाले,
सरेआम पिटते देखे ,
लोगों से चरण छुवाने वाले,
पैरों में लिटते देखे !
चला गया वो वक्त पुराना,
नई रौशनी आएगी !
तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी !
ममता दीदी .......
सिंडिकेट अवैध वसूली,
कटमनी और टोला बाजी!
भ्रष्टाचार का जाल बिछा था
खत्म हुई जालसाजी !
उम्मीद बंधी हैं जनता को,
अब कोयल कुंक सुनाएगी !
तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी !
ममता दीदी .....
देश मेरे में घुसबैठिए,
षडयंत्र नित धरते है !
जिस हांडी में खाते पीते,
छेद उसी में करते हैं !
धर्मवीर सिंह संभलो हिंदवासी
ना तो भावी पीढ़ी घबराएगी
तृण तृण हो गई तृणमूल,
क्या निर्मूल हो जाएगी?
ममता दीदी हार गई ,
अब जिंदगी भर पछताएगी

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है। विधायक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल का संकल्प लें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया तथा अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पुनीत राई ने साथियों संग किया पौधारोपण



**सोनीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राई ने अपने साथियों के साथ राई इंडस्ट्रीज एरिया स्थित पार्क में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुनीत राई ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर हैं। पृथ्वी की समृद्ध जैव विविधता, स्वच्छ वातावरण और हरित भविष्य के संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मानवता की सुरक्षा का आधार है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी नागरिक अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके संरक्षण का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि 'एक पौधा लगाएँ, प्रकृति को बचाएँ' तथा 'हरियाली बढ़ाएँ, पृथ्वी को बचाएँ' का संदेश जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। इस दौरान कृष्ण कौशिक, जगदीश आंतिल, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, मुकेश आंतिल, विकास त्यागी, प्रेम यादव, विजय सैनी, शिवम शर्मा, प्रदीप आंतिल, मंजीत आंतिल, मोहित त्यागी, सुरेंद्र शर्मा, राहुल, राधे तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### योग साधक बृज शर्मा को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** कला सृष्टि मंच के संचालक एवं नगर के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रंगकर्मी बृज शर्मा को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा निरंतर सम्मानित किया जा रहे। उल्लेखनीय है कि बृज शर्मा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख रंगकर्मी महान कलाकार हैं जिन्होंने न केवल अपनी कला से भारत में थिएटर को ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि विदेशों में भी भारत की समृद्ध रंगमंच परंपरा का लोहा मनवाया है। गत दिवस उनके नाटक चक्कर ही चक्कर की ऐतिहासिक सफलता मिली है। कला सृष्टि मंच से जुड़े राजेश सिंगला ने बताया कि कला सृष्टि मंच से 50 से 85 आयु वर्ग के लोग जुड़े हुए हैं। जो अपनी कला से अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बृज शर्मा वरिष्ठ योग साधक भी हैं। गत कई वर्षों से भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में योग की कक्षा सैक्टर 5 हुड्डा के मंदिर परिसर में चल रही है। जिसमें काफी संख्या में योग साधक अपने जीवन को शारीरिक और मानसिक स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन शामिल होते हैं। इस योग कक्षा में 55 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक के व्यक्ति आते हैं। समाज में स्वास्थ्य, संस्कार, परंपरा और पर्वों को जीवंतता प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी इस कक्षा का भाग है। इसी अवधारणा के अंतर्गत एक वरिष्ठ योग साधक बृज शर्मा जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के माध्यम से कला, संस्कृति को उजगार कर रहे हैं। इनके द्वारा संचालित समूह कला सृष्टि मंच द्वारा एक शानदार नाटक मंचन किया गया। भारतीय योग संस्थान की इस शाखा ने अपने समूह के वरिष्ठ योग साधक बृज शर्मा को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया।

## एससी/एसटी एक्ट का हो रहा जमकर दुरुपयोग: सवर्ण समाज

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र त्यागी

**यमुनानगर, 5 जून।** शुक्रवार को सवर्ण समाज मोर्चा, भगवान परशुराम सेवा मंच, 11 स्टार मॉर्निंग क्लब, भगवान परशुराम सेना संघ तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधि एससी/एसटी के विरोध में गांव ब्राह्मण माजरा में होने वाली सवर्ण समाज की पंचायत में भाग लेने पहुंचे। इस मौके पर स्वर्ण समाज के अध्यक्ष सुंदर राणा, भगवान परशुराम सेवा मंच के अध्यक्ष राकेश त्यागी, 11 स्टार मॉर्निंग क्लब के परीक्षित त्यागी, कपिल पंडित आदि अपने साथियों के साथ इस महापंचायत में पहुंचे और उन्होंने जमकर इस एक्ट की निंदा की। उन्होंने बताया कि गांव ब्राह्मण माजरा में एक दर्जन से भी अधिक युवकों पर बिना किसी कारण के ही एससी एसटी एक्ट लगा दिया गया है जो कि गलत है। इन लोगों ने बताया कि इसके विरोध में ही तमाम समाज के लोग जिनकी संख्या हजारों में थी महापंचायत में पहुंचे और इसका जमकर विरोध किया। अंबाला जिला के इस गांव ब्राह्मण माजरा में केवल अंबाला से ही नहीं बल्कि यमुनानगर, करनाल, शाहबाद, जगाधरी वर्कशॉप, कुरुक्षेत्र तथा अन्य स्थानों से सवर्ण समाज के प्रतिनिधि पहुंचे थे। हरियाणा ब्राह्मण समाज के करनाल से आए जिले राम पिचौलिया, सेवानिवृत्ति उप पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कौशिक, सुभाष मुदगिल, गौरव त्यागी, विजय अत्री, मनोज राणा, राजकुमार राणा, एडवोकेट सिद्धार्थ, अनिल त्यागी, अनिल गौड आदि का कहना था कि एससी एसटी एक्ट का जमकर दुरुपयोग हो रहा है और अब इसे समाप्त करना ही होगा।

## गांजा तस्करी मामले में सप्लायर को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**पानीपत, 5 जून।** समालखा चौकी पुलिस ने 260 ग्राम गांजा तस्करी मामले में वीरवार शाम को सप्लायर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान काकोदा निवासी जोगिंद्र के रूप में हुई है।

समालखा चौकी इंचार्ज एसआई विरेंद्र ने बताया कि समालखा चौकी पुलिस ने 9 अक्तूबर 2025 को समालखा में गोल्डन पार्क के पास चुलकाना रोड निवासी विक्की पुत्र कृष्ण को 260 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए एक सप्ताह पहले काकोदा निवासी जोगिंद्र से 300 ग्राम गांजा कम कीमत पर खरीद कर लाया था। जिसमें से 40 ग्राम गांजा उसने स्वयं नशा करने में खर्च कर दिया। बचे 260 ग्राम गांजा को बेचने के लिए वह गोल्डल पार्क के पास ग्राहक की फिराक में आया था। आरोपी विक्की के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद नशा सप्लायर आरोपी जोगिंद्र को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने वीरवार को आरोपी जोगिंद्र को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी जोगिंद्र ने आरोपी विक्की को 300 ग्राम गांजा बेचना स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने गांजा बेचकर हासिल की नकदी में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए।

## भाजपा सरकार की नीति अंत्योदय कल्याण की: रामनाथ ठाकुर



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर हरियाणा कैश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर के निवास पर पहुंचे

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 5 जून।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर आज करनाल प्रवास के दौरान हरियाणा कैश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर के निवास पर पहुंचे। यहां उनका सैन समाज के साथस भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार अंत्योदय योजना के तहत काम कर रही ळैं। उन्होंने कहा कि इअसकार जीता जागता उदाहरण यशपाल टाकुर को चेयरमैन बनाया जाना हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता तथा विहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा दलितों पिछड़ों की राजनीति की। उन्होंने कहा कि ना तो उनके पिता का अपना मकान था और ना ही उनका। उन्होंनके कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके पिता को भारतरत्न से अलंकृत कर ईमानदार राजनीति का सम्मान किया। इस अवसर पर चेयमैन यसशपाल ठाकुर ने कहा कि वह आज धन्य हो गए कि उनके निवास पर केंद्रीय मंत्री आए हैं। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन प्रतिनिध सोहन सिंह राणा, केश कला बोर्ड के वाइस चेयरमैन नरेश कुमार, अनिल गुप्ता जिला प्रधान प्रवीण लाठर, मदन गुर्जर पार्षद भूपेंद्र नौतना,सुधीर यादव, अनिल राहड़ा के साथ सैन समाज के प्रदेश भर से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक सतपाल जांबा ने किया पौधारोपण

एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने का किया आह्वान

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा वन विभाग की फतेहपुर-पुंडरी फॉरेस्ट रेंज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हलका विधायक सतपाल जांबा ने वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, पर्यावरण और मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और हरित भविष्य मिल सके।

विधायक ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं और अपने घर, खेत, स्कूल, कार्यालय तथा सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की छोटी-सी पहल हरियाणा और देश को हराभरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने भी लोगों से पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रकृति के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस दौरान डीएफओ भूपेंद्र राघव, फतेहपुर सरपंच सोहन लाल वर्मा, सतीश जांबा, सोनू, धर्मेंद्र, ओमप्रकाश, पार्षद प्रतिनिधि ईशम सिंह भुक्कल सहित वन विभाग के टीम सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक ने त्रिवेणी लगा कर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा त्रिवेणी लगा कर पौधरोपण करने का संदेश दिया। विधायक ने संस्कृत श्लोक छायामन्यस्य कुर्वन्ति तिष्ठन्ति स्वयमातपे, फलान्यपि परार्थाय वृक्षा- सत्पुरुषा इव। अर्थात् वृक्ष स्वयं धूप में खड़े रहकर दूसरों को छाया देते हैं और अपने फल भी औरों को समर्पित करते हैं। वृक्ष वास्तव में सत्पुरुष के समान हैं। के माध्यम से पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। अत्री ने कहा कि व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि तथा परमेष्ठी से एकात्म हुआ जीव ही मानव है। प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की परिकल्पना को एक पेड़ मां के नाम अभियान ने साकार किया है। आज यह पहल हरित और सुंदर भारत का आधार बनी है। पृथ्वी हमारी मां है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य का आधार है। आप भी अपने घर, गांव और आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण करें तथा पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लें।

### रोटरी क्लब ने पर्यावरण दिवस मनाया

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर करनाल के समीप स्थित गाँव दादूपुर रोड़ान में पॉच दिवसीय आर्य वीर दल द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास शिविर में भाग लिया। 80 से अधिक प्रशिक्षुओं को विभिन्न क्षेत्रों से पधारे वक्ताओं ने पर्यावरण के संरक्षण,व्यक्तित्व विकास, ईमानदारी, श्रम साध्य शिक्षा आदि का आह्वान किया। रोटरी क्लब की प्रधान रोटेरियन गौतम जैन,सचिव भारती शर्मा व एक्जीक्यूटिव सचिव डॉ पी के जैन ने रोटरी संस्थान द्वारा जनहित में किये जा रहे विभिन्न योजनाओ का उल्लेख किया व उत्तम चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम में शिविर संयोजक अमित आर्य, शिविर अध्यक्ष रमेश आर्य, एस पी चौहान, विजय सेतिया व उक्त संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर प्रशुक्षियों को मीठी लस्सी व फल वितरित किए गए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी चेक वितरित

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, परिचालन मंडल नारायणगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। एसडीएम शिवजीत भारती ने अपने कार्यालय में लगभग 10 लाभार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा प्रदान की गई 50-50 हजार रुपये की सब्सिडी के चेक सौंपे। इन लाभार्थियों ने अपने घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपये तथा राज्य सरकार से 50 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त की है।

इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। सौर ऊर्जा ग्रीन एनर्जी का सबसे सशक्त माध्यम है, जो न केवल बिजली के खर्च को कम करती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम कर सौर ऊर्जा को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठाने तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में अपने गांव एवं आस-पास के अन्य लोगों को भी जानकारी दें जिससे कि वे भी योजना का लाभ उठा सकें। बिजली निगम के एसडीओं विकास बंसल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से 50-50 हजार रुपये की राशि के चेक लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर उपभोक्ता अपना बिजली बिल लगभग शून्य कर सकते हैं तथा स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण में भागीदार बन सकते हैं।

## मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी, सभी कार्यकर्ता निभाएं जिम्मेदारी: कृष्ण कुमार बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 5 जून।** कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए, जबकि एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों को नियमानुसार हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की विश्वसनीयता का आधार है और इस कार्य में राजनीतिक दलों, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कृष्ण कुमार बेदी नरवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चारों मंडलों के 225 बूथों के बूथ अध्यक्षों, बीएलए-1 एवं बीएलए-2 की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा की गई तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला अध्यक्ष तेजेंद्र दुल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला जींद की सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और नरवाना विधानसभा की यह प्रमुख बैठक उसी श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कदम है। तेजेंद्र दुल ने कहा कि बूथ अध्यक्षों, बीएलए-1 और बीएलए-2 की टीमों को घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन मतदाताओं के नाम दो या अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, उनके अतिरिक्त नाम हटवाने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे पात्र नागरिक जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उनके नाम जुड़वाने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। यह लोकतंत्र और चुनावी व्यवस्था को मजबूत बनाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम दो या तीन अलग-अलग स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसे स्वयं तय करना चाहिए कि वह किस क्षेत्र में मतदान करेगा और वहीं अपना नाम रखे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को केवल एक स्थान पर मतदान करने का अधिकार है। यदि किसी मतदाता का नाम कई जगह दर्ज रहता है तो इससे मतदाता सूची की वास्तविकता प्रभावित होती है और मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर भी असर पड़ता है। ऐसी स्थिति में लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा होती है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। बेदी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता और उसका वोट है।

# अमन अरोड़ा ने एयर फोर्स अकादमी और एनडीए मेरिट सूची में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाली माई भागो प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की महिला कैडेटों का किया सम्मान

**वर्ष 2022 से महाराजा रणजीत सिंह और माई भागो प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट्स के 377 कैडेटों ने सशस्त्र बलों में कमीशन हासिल किया, अमन अरोड़ा ने पंजाब के युवाओं के जज्बे की सराहना की**

**होशियारपुर में सरदार बहादुर अमीन चंद सोनी एएफपीआई का उद्घाटन जल्द किया जाएगा: रोजगार सृजन मंत्री**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा, जिनके साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विकास प्रताप भी उपस्थित थे, ने एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (ए.एफ.सी.ए.टी.) और नेशनल डिफेंस अकादमी (एन.डी.ए.) की मेरिट सूची में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की दो महिला कैडेटों को सम्मानित किया।

एक किसान की बेटी महकप्रीत कौर ने एयर फोर्स अकादमी की मेरिट सूची में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि कोमलप्रीत कौर ने अखिल भारतीय स्तर पर 18वां स्थान हासिल कर एनडीए, खड़कवासला में अपनी जगह सुनिश्चित की है। यह उपलब्धि रक्षा सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सफलता का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

पंजाब भवन में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने पंजाब की बेटियों के अदम्य साहस और संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि लाखों उम्मीदवारों में से ए.एफ.सी.ए. टी. में पहला और एन.डी.ए. परीक्षा में 18वां स्थान प्राप्त करना इन बेटियों की सफलता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सफलता की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। वर्ष 2022 से महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट और माई भागो प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के 377 कैडेट भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वर्ष 2023 में माई भागो एएफपीआई में लड़कियों के लिए एनडीए प्रिपरेटरी विंग शुरू करके एक ऐतिहासिक पहल की है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश का एकमात्र राज्य है जहां सरकार लड़कियों के लिए समर्पित डिफेंस प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट चला रही है।

दोनों महिला कैडेटों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा, ÷यह पूरे पंजाब के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। हमारी बेटियाँ महकप्रीत और कोमलप्रीत ने अपनी अथक मेहनत से राज्य का नाम रोशन किया है।÷

श्री अमन अरोड़ा ने कहा, ÷पंजाबियों ने हमेशा देश का नेतृत्व किया है–चाहे स्वतंत्रता संग्राम हो या देश की संप्रभुता की रक्षा। पंजाब सरकार द्वारा संचालित माई भागो एएफपीआई इसी भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। हमारी बेटियों ने एक बार फिर पंजाब का गौरव बढ़ाया है। मैं दोनों कैडेटों, उनके परिवारों और पंजाब की प्रत्येक बेटी को बधाई देता हूं।÷

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि जल्द ही होशियारपुर के बजवाड़ा में सरदार बहादुर अमीन चंद सोनी आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा सशस्त्र बलों में अधिकारी बनने का अवसर प्राप्त कर सकें।

इस दौरान श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि संगरूर के चीमा मंडी में संत बाबा अतर सिंह जी आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की आधारशिला भी शीघ्र रखी जाएगी। इस संस्थान के 18 महीनों में पूर्ण होने की उम्मीद है। इसके अलावा, 14 सी-पाइट केंद्रों के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य जारी है तथा आने वाले महीनों में दो नए सी-पाइट केंद्र भी खोले जाएंगे।

### राज्य में लड़कों और लड़कियों के लिए रक्षा प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनाई गई केंद्रित रणनीति की सफलता को दर्शाते हैं ये परिणाम

रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास प्रताप ने कहा कि ये परिणाम राज्य में लड़कों और लड़कियों के लिए रक्षा प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनाई गई केंद्रित रणनीति की सफलता को दर्शाते हैं। महकप्रीत और कोमलप्रीत ने सभी सीमाओं को पार करते हुए एक नई मिसाल कायम की है, जो छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक बेटी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि एएफपीआई और सी–पाइट केंद्रों के विस्तार से पंजाब के और अधिक युवाओं को संरचित कोचिंग, शारीरिक प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास के अवसर मिलेंगे, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए माई भागो एएफपीआई के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने कहा कि रक्षा सेवाओं में महिलाओं के लिए सीमित पदों के बावजूद देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। महकप्रीत और कोमलप्रीत ने राज्य सरकार के पंजाब की बेटियों को सशस्त्र बलों में अधिकारी बनाने के मिशन को नई ऊर्जा और गति प्रदान की है।

# भगवंत मान सरकार ने की सख्त समय–सीमा और जवाबदेही के साथ 'रंगला पंजाब विकास स्कीम' में तेजी : चीमा

**कहा–दूसरे चरण के कार्य शुरू करने के लिए 10 जून की समय–सीमा और पूरा करने के लिए 31 जुलाई निर्धारित**

**तीसरे चरण के प्रस्ताव दो दिनों के भीतर जमा किए जाएं, बिना किसी कारण देरी होने पर विकास अनुदान रोक दिए जाएंगे**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 5 जून।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों को 'रंगला पंजाब विकास स्कीम' के दूसरे चरण के तहत विकास कार्य 10 जून तक शुरू करने और 31 जुलाई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगले दो दिनों के भीतर प्रस्ताव जमा न करने वाले क्षेत्रों के लिए तीसरे चरण की फंडिंग पूरी तरह रोक दी जाएगी।

पंजाब भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्कीम की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को भी सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि उनके विभागों से संबंधित परिस्कीमएं निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें।

राज्य के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त न करने की बात दोहराते हुए वित्त मंत्री चीमा ने दृढ़ता से कहा, ÷तीसरे चरण के प्रस्तावों के लिए दो दिनों का समय अंतिम है और जवाबदेही तय की जाएगी। यदि तीसरे चरण के प्रस्ताव दो दिनों के भीतर जमा नहीं किए गए, तो संबंधित क्षेत्रों के विकास अनुदान बिना कारण हुई देरी के कारण रोक दिए जाएंगे।÷

इसके अलावा, वित्त मंत्री ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए कि वे आगामी वर्षा ऋतु को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए इन कार्यों की रणनीति तैयार करें और उन्हें पूरा करवाएं, ताकि चल रही आधारभूत ढांचा प्रोजेक्टों में मौसम के कारण कोई बाधा या देरी न आए।

प्रशासनिक अनुशासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण हो चुके कार्यों से संबंधित सभी वित्तीय बिल समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रशासनिक देरी की पूरी जिम्मेदारी सीधे संबंधित कार्यकारी एजेंसी की होगी तथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### एक स्थायी और समयबद्ध प्रणाली स्थापित करें डिप्टी कमिश्नर

वित्तीय पारदर्शिता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त मुख्य सचिव जसप्रीत तलवाड़ ने पहले से पूर्ण हो चुके कार्यों के सभी लंबित उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यूटिलाइज़ेशन सर्टिफिकेट) तुरंत जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों को यह भी निर्देश दिया कि वे एक स्थायी और समयबद्ध प्रणाली स्थापित करें, ताकि भविष्य में सभी उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय पर जमा किए जा सकें और पंजाब भर में विकास फंडों का प्रवाह निर्बाध रूप से जारी रहे।

## नशा–मुक्त पंजाब के लिए जनभागीदारी जरूरी, सुझावों के आधार पर अभियान होगा और मजबूत : रंधावा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 5 जून।** पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डेराबस्सी में विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा की अध्यक्षता में वीडीसी (विलेज डिफेंस कमेटी) और डब्ल्यूडीसी (वार्ड डिफेंस कमेटी) सदस्यों के साथ एक विशेष फीडबैक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे के खिलाफ जारी मुहिम की समीक्षा की गई तथा जमीनी स्तर पर अभियान को और मजबूत बनाने के लिए सुझाव लिए गए। बैठक के दौरान गांवों और वार्डों में चल रही जागरूकता गतिविधियों, नशा विरोधी हेल्पलाइन सेवाओं, शिकायतकर्ताओं की पहचान को गोपनीय रखने की व्यवस्था तथा युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए खेल मैदानों, जिम और अन्य सकारात्मक गतिविधियों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को केवल सरकारी प्रयासों से समाप्त नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ-साथ युवाओं के पुनर्वास और जागरूकता कार्यक्रमों पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार नशा-मुक्त पंजाब के लक्ष्य को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है और लोगों के सहयोग से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशों के खिलाफ जागरूकता फैलाने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने में सहयोग करें। बैठक में वीडीसी और डब्ल्यूडीसी सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से सुना गया और भरोसा दिलाया गया कि उपयोगी सुझावों को आगामी कार्ययोजना में शामिल कर अभियान को और प्रभावशाली बनाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता, एसपी डेराबस्सी बिक्रम बराड़, एसएचओ लालड़ू योगेश शर्मा, एसएचओ हंडेसरा सुमित कुमार, तहसीलदार डेराबस्सी बीरकरण सिंह, हलका कोऑर्डिनेटर सुमित राणा, पंचायत अधिकारी मनदीप दरदी तथा एसएमओ डेराबस्सी डॉ. धर्मिंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के जश्न की तैयारी में मीटिंग



**नाभा (अप्रस/अमन गर्ग)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 साल पूरे होने के मौके पर आज एक बड़ी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीजेपी के मुख्य सेवादार करुण कौरा ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और युवाओं के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। करुण कौरा ने कहा कि पिछले 12 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है और ग्लोबल लेवल पर अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याण नीतियों का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है और आज भारत ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी खास जगह बनाई है। इस मौके पर करुण कौरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा लोगों के साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने मौजूद लोगों से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। बैठक में इलाके के अलग–अलग गांवों, गलियों और मोहल्लों से करीब 500 से 600 लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।इस मौके पर इलाके के जाने–माने नेता, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी और बड़ी संख्या में गांवों और शहरी इलाकों से लोग मौजूद थे।

### डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन तेजिंदर ने मीटिंग में डेवलपमेंट के बड़े प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की



**नाभा (अप्रस/अमन गर्ग)।** शहर के भविष्य के डेवलपमेंट को लेकर चेयरमैन तेजिंदर मेहता की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी की एक अहम मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान पटियाला के हर तरफ के डेवलपमेंट के लिए कई अहम प्रोजेक्ट्स और भविष्य के प्लान्स पर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग में एलिवेटेड रोड बनाने, खेल के मैदानों के डेवलपमेंट, शहर में हरियाली बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने और लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के प्लान्स पर विचार किया गया। इन प्लान्स को लागू करने के लिए डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और संबंधित डिपार्टमेंट्स को जरूरी गाइडलाइंस और ऑर्डर्स जारी किए जाएंगे। चेयरमैन तेजिंदर मेहता ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी डेवलपमेंट के कामों की प्लानिंग में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि पटियाला को लोगों की उम्मीदों के मुताबिक और भी खूबसूरत, मॉडर्न और सुविधाजनक शहर बनाने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई सोच के तहत पटियाला के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्लान के साथ काम किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और विकसित पटियाला मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्रोजेक्ट्स की प्रोग्रेस का रेगुलर रिव्यू किया जाएगा ताकि काम समय पर और असरदार तरीके से पूरा हो सके। मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी की मेंबर मोनिका शर्मा, मेंबर संजीव गुप्ता और मेंबर अमरदीप संघेरा भी मौजूद थे। उन्होंने विकास के कामों को और असरदार बनाने के लिए अपने कीमती सुझाव भी दिए।

# रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला, 5 जून।** रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में आज विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का आयोजन किया गया। 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम 15 मई 2026 से प्रारम्भ हुआ, जिसके अंतर्गत रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला द्वारा पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाप्रबंधक अजय नंदन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने के लिए सवंय रैली में भाग लिया । इसके साथ - साथ रेडिका परिसर में वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नविता नंदन के नेतृत्व में संगठन की सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया और हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन गुणवत्ता विभाग, आर सी एफ कपूरथला द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक अजय नंदन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि आई. के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के डीन डॉ. वाई. एस. बराड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में अजय नंदन ने पर्यावरण संरक्षण तथा दैनिक जीवन में सतत् एवं पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रकृति के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। समापन समारोह के दौरान डॉ. वाई. एस. बराड़ ने वैश्विक पर्यावरणीय संकट पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी तथा सामूहिक प्रयासों एवं सतत् विकास संबंधी उपायों के माध्यम से पृथ्वी की जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

आर सी एफ कल्चरल सोसाइटी द्वारा वेस्ट सेग्रीगेशन विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने वेस्ट सेग्रीगेशन के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया और दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।

इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों को महाप्रबंधक अजय नंदन तथा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नविता नंदन द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी उनकी रचनात्मकता एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष 'विश्व पर्यावरण दिवस सेल्फी प्वाइंट' भी स्थापित किया गया, जहाँ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाईं। इससे कार्यक्रम का उत्सवी माहौल और अधिक जीवंत हुआ तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस अवसर पर प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रभावी निपटान हेतु एक प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन का शुभारंभ कर उसे सेवा में लगाया गया।

## कार्यकारी अधिकारी और सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों ने मौके पर जाकर सीवरेज समस्या का जायजा लिया

### शहरवासियों से सीवरेज के कनेक्शन लेने की अपील



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 5 जून।** नगर परिषद बनूड़ के कार्यकारी अधिकारी और सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों ने आज मौके पर पहुंचकर बनूड़-तेपला नेशनल हाईवे पर स्थित शिवालिक स्कूल के पास रुके हुए सीवरेज पानी की समस्या का जायजा लिया। इस मौके पर बात करते हुए कार्यकारी अधिकारी विशालदीप ने कहा कि शिवालिक स्कूल के पास पिछले साल से सीवरेज पानी के रुकने की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज इस संबंध में सीवरेज बोर्ड के राजीव कुमार, एसडीओ स्वदेश कुमार, जेई जसवीर सिंह और अन्य अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच जायजा लिया। उन्होंने सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों को बरसात से पहले बनूड़ में बोर्ड द्वारा बिछाए गए सभी सीवरेज की सफाई करने को कहा। इसके अलावा इस शहर में जिन गलियों में सीवरेज नहीं बिछा है, वहां सीवरेज बिछाया जाए। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी विशालदीप ने शहर के उन लोगों से सीवरेज कनेक्शन लेने की भी अपील की, जिन्होंने अभी तक कनेक्शन नहीं लिए है, ताकि बरसात के मौसम में गंदे पानी को जमा होने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि नगर परिषद बरसात के मौसम में शहर के लोगों को कोई परेशानी नहीं होने देगी, इसीलिए इस जगह पर पहुंचकर इस समस्या का पक्का हल करने की कोशिश की जा रही है।

# जीरकपुर में गोवंश की खाल से भरा ट्रक पकड़ा, चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गौसेवा दल की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, पशु क्रूरता और गोहत्या निषेध अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जून।** जीरकपुर पुलिस ने गोवंश की खाल से भरे एक ट्रक को पकड़कर उसके चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई गौसेवा दल के पदाधिकारियों की शिकायत पर की गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सनातन सुरक्षा समिति के प्रधान विश्वामित्र नंद गिरी उर्फ विश्वास शर्मा ने बताया कि उन्हें राहुल प्रकाश निवासी पंचकूला का फोन आया था। राहुल ने सूचना दी कि गांव सनौली स्थित गुरुद्वारे के सामने एक ट्रक खड़ा है, जिससे तेज दुर्गंध आ रही है और ट्रक के किनारे से किसी पशु की पूंछ लटकती दिखाई दे रही है।

सूचना मिलने पर विश्वामित्र नंद गिरी अपने चालक के साथ मौके पर पहुंचे। वहां राहुल प्रकाश और विशाल कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने ट्रक की जांच की तो उसमें बड़ी मात्रा में गोवंश की खाल भरी हुई मिली। मौके पर मौजूद चालक से पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान नितिन कुमार निवासी गुलाब देवी रोड, मकसूदा, जिला जालंधर के रूप में बताई। चालक ने बताया कि वह यह माल जालंधर से लेकर आया है और इसे डेराबस्सी क्षेत्र के गांव बेड़े में पहुंचाना था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ट्रक में गोवंश की खाल और मांस होने की आशंका है। सूचना मिलते ही अन्य गौसेवक भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद चालक और ट्रक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई लाभ सिंह ने बताया कि शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी चालक नितिन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसके विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11, पंजाब गोहत्या निषेध अधिनियम, 1955 की धाराएं 3, 5 और 8 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धाराएं 299 और 225 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बरामद सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ट्रक में क्या सामग्री ले जाई जा रही थी। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट को भी भेज दी गई है।

पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट और फोरेंसिक परीक्षण के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाल समागम ने बच्चों को प्रेम और सेवा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी









अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जून।** संत निरंकारी मिशन, ज़ीरकपुर शाखा द्वारा निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया गया, जिसमें 5 से 16 वर्ष की आयु के 70 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने भक्ति गीतों, भाषणों, लघु नाटिकाओं एवं कविताओं के माध्यम से मानवता, प्रेम और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया तथा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इस समागम की अध्यक्षता चंडीगढ़ के जोनल इंचार्ज श्रद्धेय ओ. पी. निरंकारी जी ने की। मंच से सतगुरु का पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। आने वाले समय में यही बच्चे अपने प्रेम, संस्कारों और श्रेष्ठ कर्मों के माध्यम से संत निरंकारी मिशन का नाम समाज में गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के माता-पिता द्वारा उनमें जो सेवा भावना और अच्छे संस्कार विकसित किए जा रहे हैं, वे उनके जीवन को सफल बनाएंगे और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने माता-पिता की सेवा करने तथा उनके आदेशों एवं शिक्षाओं का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया।

लगभग 450 से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित इस समागम में बच्चों द्वारा प्रदर्शित आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आध्यात्मिक समझ की सभी ने भरपूर सराहना की। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने माता-पिता के सम्मान, निस्वार्थ सेवा, सकारात्मक सोच, प्रभु स्मरण, तकनीक के संतुलित उपयोग तथा आपसी प्रेम और भाईचारे जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भारत एवं विदेशों में स्थित सभी शाखाओं में बाल समागम आयोजित किए जाते हैं। इन समागमों का उद्देश्य बच्चों में आध्यात्मिक मूल्यों, नैतिक संस्कारों और आत्मविश्वास का विकास करना है, ताकि वे मिशन की शिक्षाओं से जुड़े रहें और एक श्रेष्ठ इंसान के रूप में समाज में अपना सकारात्मक योगदान दे सकें।







# दो ट्रकों की टक्कर में कार पिसी, दो युवक गंभीर घायल

**भीषण टक्कर से मचा हड़कंप, स्विफ्ट डिजायर आई चपेट में; घायलों को सेक्टर-32 अस्पताल रेफर, पुलिस जांच में जुटी**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 5 जून।** छत लाइट प्वाइंट पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दो ट्रकों की टक्कर हुई जिसकी चपेट में एक कार भी आ गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। यूपी नंबर का ट्रक जिसे चालक गुलफाम चला रहा था, मोहाली की ओर से आ रहा था। वहीं दूसरा ट्रक हिमाचल नंबर वाला ट्रक जिसे चालक भागीरथ चला रहा था, पटियाला की दिशा से आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छत लाइट चौक के समीप दोनों ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान वहां से गुजर रही स्विफ्ट डिजायर कार भी हादसे की चपेट में आ गई।कार में सवार दो युवक ध्रुव और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय ध्रुव कार चला रहा था। टक्कर के बाद राहगीरों और अन्य वाहन चालकों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया तथा घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

शुरुआत में दोनों घायलों को ढकोली के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सेक्टर-32 स्थित अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दोनों ट्रक चालकों के बयान दर्ज कर लिए हैं और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।







'छत लाइट प्वाइंट पर लगातार हो रहे हादसों को गंभीरता से लेते हुए हमने संबंधित विभाग को ट्रैफिक लाइटें नियमित रूप से चालू रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी विचार किया जाएगा, ताकि इस स्थान पर होने वाले सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।'

**—डीएसपी करनैल सिंह, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज, मोहाली**



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# नए भारत के दिल की धड़कनों में बसते हैं बिरसा

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत जब अपने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों को याद करता है तब छोटानागपुर के जंगलों से एक नाम अपनी दृढ़ नैतिक ताकत के साथ उभरता है। यह नाम भगवान बिरसा मुंडा का है जिन्हें 'धरती आबा' यानी भूमि के रक्षक के रूप में पूजा जाता है। वह एक ऐतिहासिक हस्ती से आगे बढ़ कर गरिमा, प्रतिरोध और जनजातीय आत्मसम्मान के जीवंत प्रतीक भी हैं। उनकी सोच थी कि जनजातीय पहचान की रक्षा की जाए, समानता सार्थक हो और विकास आम जन तक न्याय के साथ पहुंचे। उनका यह सिद्धांत अब भी विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को निर्देशित करता है। राष्ट्र ने पिछले 12 वर्षों में समावेशी विकास पर नए सिरे से बल दिया है। बिरसा मुंडा के सिद्धांत आज भी नए भारत की नीतियों, शासन और आकांक्षाओं को आकार दे रहे हैं।

**विरासत को मिला उसका सही स्थान:** भगवान बिरसा मुंडा की विरासत देश भर में जनजातीय समुदायों के गीतों, आख्यानों, सामूहिक यादों में लंबे समय से जिंदा है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2021 में बिरसा मुंडा के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर उनकी विरासत को राष्ट्रीय मान्यता दी। इस मान्यता को और गहराई देते हुए बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष मनाया गया। इस दौरान जनजातीय गौरव और विरासत के जश्न में समूचे राष्ट्र में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनकी पहुंच 3 करोड़ से अधिक नागरिकों तक रही।

देश भर में, इन आयोजनों ने जनजातीय जीवन की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव और केरल के जनजातीय साहित्यिक महोत्सव से लेकर, झारखंड के राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और तेलंगाना की 'कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप' (डोंगी चालन प्रतियोगिता) तक, इन कार्यक्रमों ने जनजातीय संस्कृति, रचनात्मकता, खेल और लोककथाओं को राष्ट्रीय पटल पर खड़ा किया। कुल मिलाकर, इनमें अलग-अलग संस्कृतियों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 11 लाख से अधिक जनजातीय नागरिकों की भागीदारी देखी गई। ये आयोजन इस बात की घोषणा थे कि आधुनिक भारत को आकार देने में जनजातीय विरासत एक जीवंत और सक्रिय शक्ति है।

जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशन की दिशा में पिछले बारह वर्षों के निरंतर और केंद्रित राष्ट्रीय प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' इस गति को चार विषयगत सप्ताहों के माध्यम से आगे ले जा रहा है, जो मिलकर जनजातीय विकास के संपूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। विशेष रूप से इसका तीसरा सप्ताह भारत के भविष्य से जुड़े एक बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न पर केंद्रित है- हम उन व्यक्तियों और समुदायों को कैसे पहचानें जिन्होंने इस राष्ट्र को आकार दिया और हम आने वाली पीढ़ी को उस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कैसे सशक्त बनाएं?

**इतिहास में विस्मृत नामों की पुनर्स्थापना:** इस प्रश्न का उत्तर तलाशने की शुरुआत उन अनेक जनजातीय नायकों को पहचान देने से होती है, जिनका योगदान बहुत लंबे समय तक मुख्यधारा के ऐतिहासिक आख्यानों से गायब रहा। देश के जनजातीय क्षेत्रों में, शिक्षकों, कलाकारों, पारंपरिक चिकित्सकों और समाज सुधारकों की पीढ़ियों ने इन समुदायों को संजोकर रखा है और उनकी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखा है। उनकी कहानियाँ भारत की राष्ट्रीय स्मृति में एक सही और न्यायसंगत स्थान की हकदार हैं और उनके इन योगदानों को दस्तावेजों में दर्ज करने तथा उन्हें याद रखने केनिरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

देश भर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) मौखिक इतिहास का दस्तावेजीकरण करने,



स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को रिकॉर्ड करने और जनजातीय भाषाओं व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के प्रयास में एक केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में, 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 29 जनजातीय अनुसंधान संस्थान इस कार्य में जुटे हुए हैं, जिसके तहत 222 जनजातीय भाषाओं में 355 का प्रारंभिक दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। ये प्रयास भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य सांस्कृतिक ज्ञान को संजोकर रखने में मदद कर रहे हैं।

राष्ट्रीय विमर्श में जनजातीय आवाज़ों को फिर से स्थापित करने का प्रयास 'जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों' के माध्यम से भी आकार ले रहा है, जिनकी परिकल्पना स्मृति और पहचान के स्थलों के रूप में की गई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदायों की भूमिका को सम्मानित करने के लिए 10 राज्यों में ऐसे 11 संग्रहालयों को मंज़ूरी दी है। इनमें से चार संग्रहालयों का उद्घाटन पहले ही किया जा चुका है, जिनमें रांची में भगवान बिरसा मुंडा और नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह को समर्पित संग्रहालय शामिल हैं। इन संस्थानों के जरिए जनजातीय वीरों की गाथाओं के दस्तावेजीकरण और उन पर आधारित कार्यक्रमों के आयोजन से इन्हें भारत की सामूहिक ऐतिहासिक याद में स्थाई रूप से पिरोया जा रहा है।

**मशाल थामने वालों को सशक्तिकरण:** अतीत को सम्मानित करने के साथ ही, यह यात्रा स्वाभाविक रूप से वर्तमान पीढ़ी को सशक्त बनाने की ओर बढ़ती है। यह बदलाव उन जनजातीय छात्रों की बढ़ती संख्या में सबसे स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिन्हें मंत्रालय के छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का लाभ मिल रहा है। अकेले चालू वर्ष में ही, पांच छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 26,01,979 जनजातीय छात्रों को सहायता प्रदान की गई है, जिसके लिए कुल 3825.54 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इनमें से कई छात्र अपने परिवारों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं, जो न केवल अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को, बल्कि पूरे समुदाय की आशाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष बात यह है कि वर्तमान छात्रवृत्ति लाभार्थियों में से 56त्न से अधिक महिलाएं हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का विस्तार भी शिक्षा तक पहुँच और अवसरों के प्रति इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वीकृत ईएमआरएस संस्थानों की संख्या वर्ष 2013-14 के 167 से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 723 हो गई है, जो 330त्न से अधिक की वृद्धि है - जबकि इसी अवधि के दौरान पहले से चल रहे स्कूलों की संख्या 123 से बढ़कर 499 हो गई है। छात्रों के नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 0.34 लाख से बढ़कर 1.56 लाख छात्र हो गई है। जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करके, ईएमआरएस संस्थान मजबूत शैक्षिक नींव तैयार करने और देश भर के जनजातीय बच्चों के लिए अवसरों का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। ये आंकड़े केवल योजनाओं के विस्तार को ही नहीं दर्शाते; बल्कि ये एक बड़े संरचनात्मक बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं। छात्रवृत्तियाँ और फेलोशिप वास्तव में आत्मविश्वास, प्रतिनिधित्व और नेतृत्व में किया जाने वाला निवेश हैं। हमारी प्रतिबद्धता अडिग है- किसी भी आदिवासी छात्र को भौगोलिक स्थिति, पृष्ठभूमि या शिक्षण संस्थानों तक सीमित पहुँच के कारण अवसरों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

**महिला सशक्तिकरण की सबसे सच्ची अभिव्यक्ति:** शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव के साथ-साथ, जनजातीय महिलाओं के नेतृत्व में भी जमीनी स्तर पर एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। पीढ़ियों से, जनजातीय महिलाएं अपनी संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों और सामुदायिक जीवन की मूक संरक्षक रही हैं-वे परिवारों और परंपराओं को सहेजती आई हैं। भारत में लगभग 5.20 करोड़ जनजातीय महिलाएं हैं, जो कुल जनजातीय आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं।समावेशी विकास में उनका नेतृत्व अब मुख्य भूमिका निभा रहा है।

वर्तमान में, 4,712 वन धन विकास केंद्र स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 3,365 कार्यरत हैं। इनसे 12.9 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं और इन लाभार्थियों में आधे से अधिक संख्या महिलाओं की है। ये प्रयास एक ओर जहाँ जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनजातीय महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

**आगे बढ़ती हुई विरासत:** समारोह,स्मरण, शिक्षा और महिला नेतृत्व मिलकर एक बड़ी और निरंतर आगे बढ़ने वाली कहानी का हिस्सा बनते हैं–एक ऐसी कहानी, जिसमें जनजातीय समुदाय आत्मविश्वास और सम्मान के साथ भारत के भविष्य को नया आकार दे रहे हैं। 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और 'प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान' जैसी पहलों के माध्यम से, समन्वय और सहयोग के नए प्रतिमान के ज़रिए जमीनी स्तर पर क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। जनजातीय विद्वानों का उभरना, गुमनाम नायकों की पहचान और जनजातीय महिलाओं का बढ़ता नेतृत्व, यह सब मिलकर इस बात को दर्शाता है कि भगवान बिरसा मुंडा की विरासत आज के आधुनिक भारत में भी जीवंत है।

आज, भारत के 10.5 करोड़ से भी ज़्यादा आदिवासी नागरिक, देश की कहानी का एक सबसे प्रभावशाली और प्रगतिशील अध्याय हैं। वे राष्ट्रीय प्रगति के हाशिए पर नहीं हैं, बल्कि 'विकसित भारत' के संकल्प में सबसे मजबूत योगदान देने वालों में से हैं – जहाँ विद्वान नए कीर्तिमान रच रहे हैं, महिलाएँ नेतृत्व की नई परिभाषा गढ़ रही हैं और गुमनाम नायकों को आखिरकार राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। इस यात्रा में, %धरती आबा% की विरासत आगे बढ़ रही है।

**–श्रीमती रंजना चोपड़ा**
(लेखिका जनजातीय कार्य मंत्रालय में सचिव हैं।)

## पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा बलौंगी शाखा में 2 लाख पीएमजेजेबीवाई मृत्यु दावा निपटाया




अर्थ प्रकाश संवाददाता

बलोंगी। पंजाब एंड सिंध बैंक की बलोंगी शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के तहत 2,00,000 की मृत्यु दावा राशि श्रीमती पिंकी रानी को उनके स्वर्गीय पति श्री अमन कुमार की नामित व्यक्ति के रूप में सफलतापूर्वक वितरित की है। बैंक अधिकारियों ने इस दावे के सुचारू और समय पर निपटान का श्रेय वरिष्ठ अधिकारियों – चंडीगढ़ जोनल मैनेजर श्री राजिंदर कुमार रेगर और चंडीगढ़ रीजनल मैनेजर कुलदीप सिंह – के मार्गदर्शन और समर्थन को दिया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक सरकारी समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसका उद्देश्य 18-50 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्तियों को सस्ती बीमा सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति को 2 लाख की राशि देय होती है। इस भुगतान ने बैंक की कुशल सेवा प्रदान करने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत दावों के शीघ्र निपटान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर किया है, जिससे जरूरत के समय लाभार्थियों तक वित्तीय सहायता पहुंचाई जा सके।

शाखा प्रबंधक राजिंदर सिंह और बलोंगी शाखा की पूरी टीम को दावा प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सराहा गया। इस कार्यक्रम ने बैंकिंग संस्थानों द्वारा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की उनकी प्रतिबद्धता को उजागर किया है।

## सबके लिए सबसे प्यारी होती है मां, हर नागरिक अवश्य लगाए 'एक पेड़ मां के नाम' मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को कुकरैल रेंज अवध वन प्रभाग में 'एक पेड़ मां के नाम' महाभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां कपूर का पौधा लगाया, जबकि वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना ने आंवला, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने नीम तथा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने आंवला का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने यहां महर्षि चरक औषधि वन की भी स्थापना की। सीएम की उपस्थिति में एक साथ 200 से अधिक पौधे लगाए गए। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी भी ली और मिष्ठान वितरित किया। सभी ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के सामने लक्ष्य रखा कि नागरिक के रूप में मां व मातृभूमि के प्रति हमारा दायित्व बनता है। इसीलिए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की थीम मां को समर्पित की। हर व्यक्ति के लिए मां सबसे प्यारी होती है, इसलिए दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाकर इस अभियान को आगे बढ़ाए। शहर-गांव के फॉरेस्ट को विकसित करें। वन विभाग ने 50 करोड़ से अधिक पौधे तैयार किए हैं। आज 5 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य के साथ यह कार्यक्रम बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व आज पर्यावरण की गंभीर चिंता से ग्रसित है। हर व्यक्ति जानता है कि पर्यावरण की चुनौती केवल प्रकृति की ही नहीं, बल्कि जीव सृष्टि की भी है। मौसम चक्र में आए परिवर्तन से अतिवृष्टि, अनावृष्टि आदि के कारण हम सभी इसके दुष्प्रभाव को देख रहे हैं। यह आपदा मानव निर्मित है और इस समस्या का समाधान भी मनुष्य को ही निकालना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक धरती मां के प्रति अपने दायित्वों व कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करे तो हम पर्यावरण संरक्षण कर धरती माता को सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रयास यह है कि हर व्यक्ति पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले कारकों से दूरी बनाए और पर्यावरण की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के सरल उपायों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाएं यानी सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह रोकें। इससे होने वाले नुकसान से बचाने की कार्रवाई हर कोई आसानी से कर सकता है। सीएम ने अपील की कि कोई भी प्लास्टिक वेस्ट किसी सार्वजनिक स्थान, जलस्रोत, वाटिका, जंगल, उपवन आदि में न फेंकें।

## शैल्बी अस्पताल मोहाली में जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक की

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**मोहाली।** शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने 42 वर्षीय महिला रोगी के एक अत्यंत जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन मामले का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है, जो दो पूर्व सर्जरी के विफल होने के बाद वर्षों से इस समस्या से जूझ रही थीं। महिला की पहली सर्जरी मार्च 2022 में संगरूर में और दूसरी सर्जरी जुलाई 2022 में मोहाली के एक निजी अस्पताल में हुई थी। उन्हें लगातार कई जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था, जिनमें वेसिकोवजाइनल फिस्टुला, यूरेटेरिक रीइम्प्लांटेशन संबंधी समस्याएं और यूरेटेरिक ऑब्स्ट्रक्शन शामिल थे।

शैल्बी अस्पताल, मोहाली में विस्तृत मूल्यांकन के बाद, रोगी को तत्काल हस्तक्षेप के बजाय सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध उपचार के लिए चुना गया। चिकित्सा टीम ने सर्जरी से पहले मूत्राशय की क्षमता बढ़ाने, मूत्र संक्रमण पर सख्त नियंत्रण और अंतिम सर्जरी से पहले निरंतर निगरानी सहित उपचार संबंधी प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया। मरीज की नौ घंटे लंबी जटिल जोड़ सर्जरी, डायरेक्टर - यूरोलॉजी डॉ. मनोज शर्मा, जीआईएस सर्जन ,डॉ. दिविज जयंत (जीआईएस सर्जन) और हेड - एनेस्थीसिया डॉ. मनप्रीत गिल द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य मूत्राशय की कार्यप्रणाली को बहाल करना और पहले की असफल प्रक्रियाओं से उत्पन्न जटिलताओं को ठीक करना था।

## नेक्सस एलांते इस गर्मी चंडीगढ़ में लेकर आया 'ड्रैगन किंगडम'

5 जून से परिवारों के लिए एनिमेट्रॉनिक ड्रैगन, एआर/वीआर एडवेंचर और वीकली आर्ट वर्कशॉप्स का अनोखा अनुभव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ का प्रमुख रिटेल और मनोरंजन केंद्र नेक्सस एलांते इस गर्मी की छुट्टियों को रोमांचक और यादगार बनाने के लिए 5 जून 2026 से 'ड्रैगन किंगडम' नामक एक अनूठा पारिवारिक मनोरंजन क्षेत्र शुरू करने जा रहा है। यह विशेष आकर्षण ड्रैगनों, रोमांच और रचनात्मकता की जादुई दुनिया को सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए एक ही छत के नीचे लेकर आएगा।

यहां आने वाले आगंतुक ड्रैगन राइड, अत्याधुनिक एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) और वीआर (वर्चुअल रियलिटी) अनुभवों के साथ-साथ विशेष रूप से तैयार की गई आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप्स का आनंद ले सकेंगे। बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अनुभव को हमेशा नया बनाए रखने के लिए हर सप्ताह नई आर्ट और क्राफ्ट गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

इस आकर्षण को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चे और बड़े, दोनों समान रूप से इसका आनंद उठा सकें। गर्मी की छुट्टियों में परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के इच्छुक लोगों के लिए यह एक आदर्श गंतव्य होगा। पूरे समर सीजन के दौरान खुला रहने वाला ड्रैगन किंगडम आगंतुकों को रोमांच और रचनात्मकता के माध्यम से कल्पनाओं की जीवंत दुनिया में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करेगा।

## टोयोटा ने लॉन्च की नई इनोवा क्रिस्टा, प्रीमियम लुक और नए फीचर्स से हुई लैस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत की लोकप्रिय एमपीवी नई इनोवा क्रिस्टा को नए डिजाइन और अतिरिक्त सुविधाओं के साथ लॉन्च किया है। कंपनी ने इसमें आकर्षक रेडिएटर ग्रिल, अपडेटेड फ्रंट और रियर बंपर गार्निश के साथ अधिक प्रीमियम और दमदार एक्सटीरियर दिया है। नई इनोवा क्रिस्टा के इंटीरियर में डुअल-टोन लेदर सीट अपहोल्स्ट्री, ग्रेस कॉपर और वुड पैटर्न फिनिश, वायरलेस चार्जर तथा टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) जैसे नए फीचर्स जोड़े गए हैं। यह एमपीवी टोयोटा के भरोसेमंद 2.4 लीटर डीजल इंजन और मैनुअल ट्रांसमिशन से लैस है, जो बेहतर प्रदर्शन और स्मूद ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

टोयोटा के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा कि 13 लाख से अधिक यूनिट बिक्री के साथ इनोवा क्रिस्टा ने एमपीवी सेगमेंट में भरोसे और गुणवत्ता का नया मानक स्थापित किया है। नए मॉडल में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई उपयोगी और आकर्षक बदलाव किए गए हैं। सुरक्षा के लिए इसमें सात एयरबैग, एबीएस, व्हीकल स्टेबिलिटी कंट्रोल और हिल स्टार्ट असिस्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। नई इनोवा क्रिस्टा की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 19.72 लाख रुपये रखी गई है।

## अवैध पानी के कनेक्शन धारकों को विभाग ने थमाए सैकड़ों लोगों को नोटिस, एक सप्ताह में कनेक्शन नियमित कराने के निर्देश

ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए, जिन्होंने बिना अनुमति के पानी के कनेक्शन ले रखे

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) की टीम ने गुरुवार को गन्नौर शहर में अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने ऐसे सैकड़ो उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए, जिन्होंने बिना अनुमति के पानी के कनेक्शन ले रखे हैं। इसके साथ ही सुबह जलापूर्ति के समय पेयजल का सड़क पर छिड़काव कर पानी की बर्बादी करने वाले लोगों को भी चेतावनी दी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जे ई बसंत कुमार ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर अवैध जल कनेक्शनों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर विभाग की टीम ने विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में निरीक्षण कर कार्रवाई की। जांच के दौरान जिन लोगों के कनेक्शन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं पाए गए, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अपने कनेक्शन नियमित कराने के निर्देश दिए गए। विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से जल आपूर्ति का उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है तथा इससे विभाग को राजस्व हानि होती है। ऐसे उपभोक्ताओं को सात दिन का समय दिया गया है।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर कनेक्शन स्वीकृत नहीं कराए गए तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार पुलिस कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान लोगों को पेयजल संरक्षण के प्रति भी जागरूक करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग गन्नौर की टीम के सदस्य जे ई बसंत, सतवीर, नफीस, संदीप, रवि, मोहित, पवन और प्रदीप शामिल रहे।

## आरेडिका रायबरेली में पर्यावरण पखवाड़े का समापन, वृक्षारोपण व शपथ के साथ दिया संरक्षण का संदेश

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**रायबरेली।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में 15 मई से 05 जून तक 'पर्यावरण पखवाड़ा' का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। पखवाड़े के दौरान विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 16 मई को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने हेतु प्रेरित करने वाले पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया तथा सतत जीवनशैली पर पीपीटी प्रस्तुति दी गई। 18 मई को घरेलू कचरे के पृथक्करण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 19 मई को अस्पताल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। 21 मई को जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 29 मई को विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रचनात्मक विचारों को अभिव्यक्त किया गया। 04 जून को प्रभात फेरी, स्लोगन प्रतियोगिता, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा पुनर्चक्रित कचरे से निर्मित उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी गई।

सिविल विभाग ने जल संरक्षण हेतु जल के सर्वोत्तम उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया एवं जल निकायों की साफ-सफाई की। कार्मिक विभाग ने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए कपडे या जूट के थैलों को अपनाने के लिए अपील की एवं सांस्कृतिक संगठन ने पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

इसी कड़ी में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक रामन कृष्णन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पर्यावरण संरक्षण शपथ ग्रहण किया एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण जागरूकता संबंधी गतिविधियों में निरंतर सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का निर्माण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पवन कल्याण ने शुरू किया 2.5 करोड़ सीड बॉल निर्माण अभियान

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। राज्य के उप मुख्यमंत्री और पवन कल्याण ने शुक्रवार सुबह एनटीआर ज़िले के मूलपाडु में बटरफ्लाई पार्क में हुए वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लिया। उन्होंने 2.5 करोड़ सीड बॉल बनाने के प्रोसेस का उद्घाटन किया। उन्होंने खुद पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव्स, अधिकारियों, सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स की महिलाओं, स्टूडेंट्स और वॉलंटरी ऑर्गनाइज़ेशन्स के रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ मिलकर सीड बॉल तैयार किए। ये सीड बॉल्स देसी बीजों जैसे अंकुडु, तेलापनिकी, नीम, कुमकुडु, रावी, मर्री, बैम्बू, उवा, चिंता, मोदुगा और दूसरे बीजों से तैयार किए गए थे।

राज्य भर के लगभग 300 इलाकों में सीड बॉल बनाने का एक बड़ा प्रोग्राम ऑर्गनाइज़ किया गया। पवन कल्याण गारू ने मूलपाडु बटरफ्लाई पार्क से वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिए राज्य भर में हो रहे इस प्रोग्राम को देखा। उन्होंने सीड बॉल बनाने के प्रोसेस में शामिल लोगों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि सीड बॉल बनाने के लिए कौन से बीज इस्तेमाल हो रहे हैं? वे कितने के बन रहे हैं? वे जंगल बचाने के लिए काम करने वाले महान लोगों से प्रेरणा लेकर, सीड बॉल बनाने के प्रोसेस को ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने उन बच्चों को बधाई दी जिन्होंने सीड बॉल की ज़रूरत समझाई। पवन कल्याण गारू ने अधिकारियों को 15 जून तक 2.5 करोड़ सीड बॉल बनाने का निर्देश दिया। बाद में, उन्होंने ड्रोन की मदद से पहाड़ियों पर सीड बॉल गिराने के प्रोसेस का इंस्पेक्शन किया।



इससे पहले पवन कल्याण गारू ने मूलपाडु बटरफ्लाई पार्क में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा लगाए गए स्टॉल देखे। बटरफ्लाई पार्क के मॉडल के इंस्पेक्शन के दौरान, वे वहां बने योगा हॉल से बहुत प्रभावित हुए। अधिकारियों को हर इको-टूरिज्म पार्क में एक योगा हॉल बनाने का इंतज़ाम करने का निर्देश दिया गया।

इसके बाद, कोंडापल्ली लकड़ी की गुड़िया बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सफेद पाइन के लट्ठों को देखा गया। उनके बगल में रखी कोंडापल्ली लकड़ी की गुड़िया, उदयगिरी के कलाकारों ने उनसे बने रसोई के बर्तन जैसे निर्धा, बिल्ला निर्धा, नीम की छड़ें और गिलास और करछुल को दिलचस्पी से देखा।

कलाकारों की बनाई लकड़ी की घड़ी और लैपटॉप ने श्री पवन कल्याण को इम्प्रेस किया। चित्तूर से आए कलाकारों ने बताया कि गुड़िया बनाने के लिए ज़रूरी लकड़ी नहीं मिल रही है, और उन्होंने एक वुड बैंक बनाने का वादा किया। इस मौके पर, उन्होंने लकड़ी की गुड़िया बनाने वाले कलाकारों से मशहूर स्वतंत्रता सेनानी और हैदराबाद राज्य के पहले मुख्यमंत्री बुरगुला रामकृष्ण राव की एक मूर्ति बनाने को कहा। उन्होंने मार्केटिंग देने और पब्लिसिटी के ज़रिए इन शानदार आर्ट फॉर्म को पॉपुलर बनाने की पूरी कोशिश करने का वादा किया। अधिकारियों को हर दो महीने में एक इलाके में कारीगरों की मीटिंग करने का निर्देश दिया गया। इस प्रोग्राम में मायलावरम के श्री वसंत कृष्ण प्रसाद, फॉरेस्ट और एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी कांतिलाल डांडे, PCCF पीवी चलपति राव, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के एडवाइजर मल्लिकार्जुन राव, NTR डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर लक्ष्मीशा, जनसेना NTR डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट समिनेनी उदयभानु, मायलावरम के इंचार्ज अक्कला राममोहन राव और दूसरे लोग शामिल हुए ।

# केदारनाथ धाम की महिमा : पांडवों को यहीं मिले थे बैल रूप में भगवान शिव



केदारनाथ धाम हिमालय की गोद में बसा भगवान शिव का धाम है। यह 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल होने के साथ चार धाम और पंच केदार में से एक है। यहां स्वयम्भू शिवलिंग बहुत प्राचीन है। शिव पुराण में कहा गया है कि जो भक्त केदारनाथ आते हैं, उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होती है और पापों से मुक्ति मिलती है।

केदारनाथ मंदिर 3593 फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। इतनी ऊंचाई पर इस मंदिर का निर्माण कैसे हुआ, इसे आज भी चमत्कार माना जाता है। कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना आदिगुरु शंकराचार्य ने की। केदारनाथ मंदिर के पुजारी मैसूर के जंगम ब्राह्मण होते हैं। इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना के बारे में कहा जाता है कि हिमालय के केदार श्रृंग पर भगवान विष्णु के अवतार महातपस्वी नर और नारायण ऋषि तपस्या करते थे। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और ज्योतिर्लिंग के रूप में सदा यहां वास करने का वरदान प्रदान किया। कहा जाता है कि महाभारत युद्ध में विजयी होने पर पांडव भ्रातृहत्या के पाप से मुक्ति चाहते थे। वह भगवान शिव का आशीर्वाद पाना चाहते थे, लेकिन भगवान शिव उनसे रुष्ट थे।

भगवान शिव के दर्शन के लिए पांडव काशी गए पर वे उन्हें वहां नहीं मिले। वे उन्हें खोजते हुए हिमालय आ पहुंचे। भगवान शिव, पांडवों को दर्शन नहीं देना चाहते थे, इसलिए वे यहां से अंतरध्यान होकर केदार में जा बसे। पांडव भी केदार पहुंच गए। भगवान शिव ने बैल का रूप धारण कर लिया और अन्य पशुओं में जा मिले।

पांडवों को संदेह हो गया तो भीम ने विशाल रूप धारण कर दो पहाड़ों पर पैर फैला दिया। सब गाय-बैल तो निकल गए पर भगवान शिव पैर के नीचे से जाने को तैयार नहीं हुए। भीम ने बैल की पीठ का भाग पकड़ लिया। भगवान शिव, पांडवों की भक्ति देखकर प्रसन्न हो गए। उन्होंने दर्शन देकर पांडवों को पाप मुक्त कर दिया। उसी समय से भगवान शिव बैल की पीठ की आकृति पिंड के रूप में श्री केदारनाथ में पूजे जाते हैं। पशुपतिनाथ मंदिर में बैल के अगले और केदारनाथ में पिछले हिस्से की पूजा की जाती है।

# व्यक्ति की पहचान धन संपदा से नहीं बल्कि उदारता सेः मुनिश्री विनय कुमार



चंडीगढ़। संपत्ति और भौतिक सुख आज हैं, कल नष्ट हो सकते हैं, लेकिन उदारता से अर्जित की गई दुआएं और सम्मान हमेशा साथ रहते हैं। उदार हृदय वाले व्यक्ति समाज में प्रेम और सहयोग का वातावरण बनाते हैं, जो किसी भी बैंक बैलेंस से कहीं अधिक मूल्यवान है। इतिहास में उन्हीं लोगों को याद किया जाता है जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दूसरों की भलाई और कल्याण में अपना योगदान दिया है। मनुष्य की महानता की पहचान उसके पद, अधिकार, ऐश्वर्य या धन-संपदा से नहीं, बल्कि उसकी विनम्रता, उदारता और कर्तव्य परायणता से होती है। आपकी संस्कृति का निर्माण आपके दर्जी करते हैं, जबकि हमारी संस्कृति का निर्माण हमारा चरित्र करता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर 24 सी तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा संपूर्ण ज्ञान तब मात्र शून्य सिद्ध हो जाता है जब चारित्रिक पतन के कारण व्यक्ति इन्हें व्यवहार में नहीं उतार पाता। कोई कितने भी बड़े विद्यालय-विश्वविद्यालय में पठन-पाठन की श्रेष्ठता की श्रेणी में निस्संदेह गिना जाए, पर यदि वह अपने चरित्र को नहीं संभाल पाता है तो उसकी श्रेष्ठता सामाजिक स्तर पर अमान्य ही होती है। चरित्र का संरक्षण कर साधारण मनुष्यों ने जीवन में बहुत ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जीवन को सही दिशा में अग्रसर करके वही लोग लक्ष्य को प्राप्त कर पाते हैं, जो जीवनभर सच्चरित्रता की राह पर आगे बढ़ते हैं। चरित्रवान व्यक्ति ज्ञान की श्रेष्ठता प्राप्त करने में सफल रहते हैं। यदि संसार में मानवीय संबंधों में कड़वाहट उत्पन्न हो रही है, तो इसका एक ही सबसे प्रमुख कारण है, वह है चारित्रिक पतन की पराकाष्ठा। यह आकलन करने में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि यदि संपूर्ण मानवजाति चरित्र के मूलमंत्र को अपने जीवन में उतार ले, तो पृथ्वीलोक स्वर्गसमान हो जाएगा।

मनीषीश्री संत ने कहा संस्कृति वस्त्रों में नहीं, बल्कि चरित्र के विकास में है। हमारे चरित्र का निर्माण हमारे विचार करते हैं। इसलिए चरित्र को बदलने के लिए विचारों को बदलना जरूरी होता है। असल में ज्ञान का सामान्य अर्थ जानकारी है, लेकिन वास्तविक ज्ञान आत्मज्ञान की जानकारी है। आत्मज्ञान ही वह अमृत है जिसे पाने के बाद और कुछ पाना शेष नहीं रह जाता। व्यक्ति का चरित्र ही उसकी महानता की सच्ची कसौटी है। यानी उसके चरित्र की पूर्ति धन, यश, विद्वत्ता आदि में से कोई नहीं कर सकता। महान व्यक्ति अपने चरित्र की पवित्रता बनाए रखने के लिए हर तरह के त्याग के लिए हमेशा तैयार रहता है। चरित्र के बगैर व्यक्ति का जीवन वैसा ही है जैसे रीढ़ की हड्डी के बगैर शरीर।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया मैं का त्याग तभी संभव है जब व्यक्ति खुद पर संयम रख सके। खुद पर काबू रखने वाला व्यक्ति आत्मप्रशंसा से बचता है जिससे उसमें धीरज, सेवा, शुद्धता, शांति, आज्ञा, अनुशासन और मेहनत के भाव पनपते हैं। ऐसे व्यक्ति सत्य का साथ कभी नहीं छोड़ते और मनुष्य की सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच हुआ पौधारोपण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर टीडीआई सिटी क्रिकेट ग्राउंड, नांगल कला में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, कुण्डली मंडल उपाध्यक्ष ललित तुषीर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि धरती को सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। आज बढ़ते प्रदूषण, घटते हरित क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता बन गया है।ललित तुषीर ने कहा कि पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प भी लें।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। युवाओं को आगे आकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लघु सचिवालय में पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में लघु सचिवालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, सीजेएम प्रचेता सिंह तथा डीएफओ रेनू बाला ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, भूजल स्तर में गिरावट और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण संरक्षण आज समय की बड़ी आवश्यकता बन गया है।जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

वृक्ष जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, इसलिए पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।डीएफओ रेनू बाला ने कहा कि पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है, तभी पर्यावरण संतुलन कायम रह सकता है।

## पर्यावरण दिवस पर किसान मोर्चा ने किया वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष त्यागी ने वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखना, जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटना तथा लोगों को शुद्ध वायु उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान आशीष त्यागी ने कहा कि लगातार घटता हरित आवरण आज गंभीर चिंता का विषय है, जिसे रोकने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपणआवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित क्षेत्र को बढ़ाना और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लें।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भी पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## महापुरुषों ने तो विशुद्ध धर्म प्रदान किया, अशुद्धता तो बाद में आई



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

गाय निरोल-निर्मल दूध ही दिया करती है। गाय की तरफ से कोई कसर नहीं हुआ करती। लेकिन वही दूध जब हमारे घरों में पहुंचता है, हमारी दहलीज पर पहुंचता है तो हम सभी जानते हैं कि उसका क्या रुप होता है। उसमें पानी अधिक मिला दिया जाता है या क्रीम निकाल ली जाती है। कहने का भाव कि महापुरुषों ने तो विशुद्ध धर्म प्रदान किया। अशुद्धता तो बाद में आई। कोई यदि कहे कि हज़रत ईसा मसीह जी ने ईसाई धर्म को स्थापित किया तो यह ठीक नहीं जान पड़ता। उन्होंने तो मानव धर्म स्थापित किया। हज़रत मुहम्मद साहब ने भी इन्सानियत का ही धर्म स्थापित किया। श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने भी इन्सानियत का ही धर्म स्थापित किया। कहने का भाव कि सभी सन्तों ने एक इन्सानियत का धर्म ही स्थापित किया। इसीलिए तो अपने वचनां में कह रहे हैं कि-

**पांच तत्व का पुतला नानक मेरा नाऊं।**

कहते हैं कि मैं पांच तत्व का पुतला हूं और नाम नानक रखा है परिवार वालों ने। मानवता का संदेश देने वाले, ज्ञान दृष्टि प्रदान करने वाले एक ही निराकार के भक्त हों तो इससे बढ़कर क्या धर्म होगा? मानवता का धर्म ही हर सन्त ने स्थापित किया है। इसी के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। अनेक प्रकार की विपदाओं का सामना किया, अनेक प्रकार की घृणा का सामना किया, बदनामियों का सामना किया; लेकिन उन्होंने सदा मानव धर्म को स्थापित करने की ही चेष्टा की और वही संदेश हर इन्सान को दिया। अभी भी उसी धर्म को अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है। यह धर्म हम सही मायनों में अपना लें और इसे कोई ओर रंग दिये बगैर, निरोल इसको इसके असली स्वरुप में रखें ताकि इन्सान और इन्सान में नज़दीकी पैदा हो। सब विशालता के साथ दृढ़ हो जायें।

हमें संकीर्णता से उभरना है। जब तक विशालता में नहीं आयेंगे तब तक हम धर्मी नहीं, अधर्मी ही होंगे। हम कोई सुन्दर देन न दे पायेंगे। समाज, देश, संसारकी हम हानि ही करते जायेंगे। महापुरुष कहते हैं कि धर्म के नाम पर इन्सान तूने कोई ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे तेरा नुकसान हो, तेरा पतन हो। तूने मानवता के धर्म को ही उजागर करना है और इसी को स्थापित करने का प्रयास करना है। जो इस परिणाम को जान लेते हैं, वे निरन्तर निकल पड़ते हैं इन्सान के मन से भ्रांतियां निकालने के लिए, एक-दूसरे को करीब लाने के लिए, एक दूसरे की भलाई करने के लिए, संसार पर वे उपकार करते जाते हैं। आज इसकी जरुरत है क्योंकि धर्म के नाम पर जुल्मो-सितम हो रहे हैं। इसके कारण अनेक लोगों को आग में जलना पड़ रहा है। उनका दर्द लिए हुए सन्तजन हमेशा यही चेष्टा करते हैं कि हम वास्तविक धर्म का पालन करते चले जायें।

यह कार्य जिस-जिस ने भी किया, वही वास्तव में श्लाघा योग्य हुआ। भ्रान्तियां तो कदम-कदम पर फैलाई जाती हैं। दूरियाँ पैदा करने में देरी नहीं लगती, दूरियाँ खत्म करने में देरी लगती है। जोड़ना मुश्किल होता हे, खड़ा करना मुश्किल होता है और यह मुश्किल कार्य ही भक्तजन किया करते हैं संसार में सभी भक्तजनों ने मानवीय भावनाओं को ही उजागर किया है।

## पंचांग

शनिवार, 6 जून, 2026, सूर्योदयः 05:20 ए एम, सूर्यास्तः 07:24 पी एम, चन्द्रोदयः 11:55 पी एम, चन्द्रास्तः 10:10 ए एम, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ (अधिक), पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ (अधिक), वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः षष्ठी - 02:40 ए एम, जून 07 तक, नक्षत्रः श्रवण - 06:03 ए एम तक, योगः इन्द्र - 10:05 ए एम तक, करणः गर - 02:04 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 02:40 ए एम, जून 07 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः मकर - 07:03 पी एम तक, राहुकालः 08:51 ए एम से 10:36 ए एम, गुलिक कालः 05:20 ए एम से 07:05 ए एम, यमगण्डः 02:07 पी एम से 03:53 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:54 ए एम से 12:50 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:20 ए एम से 06:16 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:16 ए एम से 07:12 ए एम, अमृत कालः 08:43 पी एम से 10:26 पी एम, वर्ज्यः 10:22 ए एम से 12:05 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** भावनात्मक तौर पर बहुत अच्छा दिन नहीं होगा। ऐसे लोगों से दूर रहें जिनकी बुरी आदतें आपके ऊपर असर डाल सकती हैं।

**वृषः** नौकरीपेशा लोगों को धन लाभ के योग बन रहे हैं। आप जो चाहते हैं वो आपको मिलेगा तो प्रसन्नता होगी।

**मिथुनः** बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। अटके घरेलू कामों को अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर पूरा करने की व्यवस्था करें।

**कर्कः** नौकरीपेशा लोगों और स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा हो सकता है। दोस्तों की मदद से आपके महत्वपूर्ण काम पूरे हो सकते हैं।

**सिंहः** दोस्तों के साथ मतभेद के चलते आप अपना आपा खो सकते हैं। आपको व्यर्थ के तनाव से बचने के लिए अपने जज्बात काबू में रखने की जरूरत है।

**कन्याः** पुराना पैसा भी आपको मिल सकता है। जीवनसाथी आपका फेवर ले सकता है। उसके साथ समय बिताने की कोशिश करें।

**तुलाः** खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का ग़लत फायदा न उठाने दें।

**वृश्चिकः** नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन भी मिल सकता है। प्रेमी या जीवनसाथी की सलाह से धन लाभ हो सकता है।

**धनुः** आपके खर्चे बजट को बिगा? सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं।

**मकरः** आपके अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं। धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। ज्यादा मेहनत भी करनी होगी।

**कुंभः** आपका कोई सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**मीनः** पुराने निवेश से भी फायदा हो सकता है। ऑफिस में मेहनत ज्यादा हो सकती है, लेकिन उसका परिणाम अच्छा मिलेगा। रोमा सकता है।

## भिगान में खेत-खलिहान योजना के तहत साढ़े 16 लाख से बनेंगे दो रास्ते

विधायक देवेंद्र कादियान ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** गांव भिगान में किसानों की सुविधा के लिए खेत-खलिहान योजना के तहत करीब 16.34 लाख रुपये की लागत से दो संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया और लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर की। योजना के तहत सुखबीर त्यागी के प्लॉट से श्रद्धा त्यागी के खेत तक करीब 7.72 लाख रुपये की लागत से रास्ता बनाया जाएगा। वहीं, वेद के घर से सतीश त्यागी के घर तक लगभग 8.62 लाख रुपये खर्च कर संपर्क मार्ग का निर्माण होगा।

इन रास्तों के बनने से किसानों को खेतों तक पहुंचने और फसल के आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी तथा क्षेत्र की जनता की हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच राजी मलिक, रामफल सरपंच प्रतिनिधि, सतपाल, नन्हा, बंटी, नरेश, सोमदत्त, गौरव, सत्यवान, मेहताब, विक्की, रामकुमार, कर्मबीर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भगान टोल प्लाजा में पौधारोपण, कर्मचारियों ने लिया हरित संकल्प

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भगान टोल प्लाजा में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टोल प्लाजा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में रूपेश सुरेश गायकवाड़, एस.के. घोष, अंका बाबू पलाटी, विकेश कुमार सिंह, शिव नारायण, आनंद घनघस, सूरज शर्मा, अंकित देशवाल, अजय चौहान और संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एस.के. घोष ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर तथा उनकी नियमित देखभाल करके ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है।

## एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को शुद्ध करने का कार्य समयबद्ध तरीके से जारी : एडीसी अजय चोपड़ा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। गोहाना विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने का कार्य समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अजय चोपड़ा ने दी।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही इस प्रक्रिया का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र अथवा स्थानांतरित नामों को हटाना है। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अजय चोपड़ा ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर-01 में विशेष हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है, जहां नागरिक मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा हेल्पडेस्क के लिए दूरभाष नंबर 0130-2222700 भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जबकि 08 जून को राजकीय कन्या महाविद्यालय गोहाना में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य करेंगे। इसके बाद 21 जुलाई 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी तथा 22 सितंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

## खाटू श्याम सोनीपत धाम का चौथा वार्षिकोत्सव मनाया

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। रोहतक रोड स्थित खाटू श्याम सोनीपत धाम का चौथा वार्षिकोत्सव वीरवार को बड़ी धूमधाम से भव्य जागरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का बेहद आकर्षक और दिव्य दरबार सजाया गया तथा विभिन्न कलाकारों और गायकों ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की स्तुति की। इस अवसर पर शहर के विधायक निखिल मदान विशेष रूप से पहुंचे और उन्होंने ज्योति प्रचंड कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी श्याम भक्तों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दीं और बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि उन्हें समस्त सनातनियों की आस्था के प्रतीक लखदातार खाटू श्याम जी के सोनीपत धाम के चौथे वार्षिकोत्सव में शामिल होकर ज्योति प्रचंड करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने भव्य दरबार में विराजमान तीन बाण धारी बाबा श्याम जी के चरणों में नमन करते हुए देश एवं प्रदेशवासियों के कुशल मंगल की कामना की।

उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से कलयुग में बाबा श्याम का प्रताप लगातार बढ़ रहा है और उनके भक्तों की संख्या भी निरंतर बढ़ती जा रही है। आज उत्तर भारत सहित पूरे देश में करोड़ों श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में लीन हैं।

इस अवसर पर राजीव गोयल, राकेश मित्तल, अनुज मंगला, प्रेम रोहिल्ला, संजीत दहिया, सुमित मित्तल, धर्मवीर शर्मा, परविंदर वर्मा, प्रवीन दहिया, रमेश मंगला, बिशन गोयल, गायक संदीप तायल, कुलदीप वत्स सहित हजारों श्याम भक्त मौजूद रहे।

# नगर काउंसिल नयागांव में भाजपा की प्रचंड जीत में संगठन महामंत्री सुरेश यादव की चाणक्य रणनीति की भूमिका रही निर्णायक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता - न्यू चंडीगढ -खरड़**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत में संगठन महामंत्री की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण मानी जाती है। संगठन महामंत्री सुरेश यादव ने इन रणनीतिकारों ने बूथ स्तर की मजबूती कार्यकर्ताओं में जोश और सटीक चुनावी प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई है। संगठन महामंत्री सुरेश यादव ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया और चाणक्य की तरह पर्दे के पीछे रहकर चुनाव की रूपरेखा तैयार किया गया । नगर काउंसिल नयागांव के हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज कर राजनीतिक गलियारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि नयागांव क्षेत्र में भाजपा का संगठन पहले की अपेक्षा अधिक मजबूत हुआ है। उल्लेखनीय है कि जिन सीटों पर भाजपा को जीत नहीं मिली, वहां भी पार्टी के उम्मीदवार कड़े मुकाबले में दूसरे स्थान पर रहे। राजनीतिक विश्लेषकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुसार इस जीत के पीछे भाजपा मंडल नयागांव के महामंत्री सुरेश यादव की महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका रही है। चौथी बार मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे सुरेश यादव ने टिकट वितरण से लेकर उम्मीदवारों के नामांकन, चुनावी प्रबंधन, संगठनात्मक समन्वय तथा चुनाव प्रचार की रणनीति तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई जिसे उच्च पदाधिकारियो ने सराहा । चुनाव प्रक्रिया के दौरान भाजपा के सभी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सफलतापूर्वक दाखिल हुए और किसी भी उम्मीदवार का नामांकन रद्द नहीं हुआ। इसे भी संगठन महामंत्री सुरेश यादव की बेहतर तैयारी और सुरेश यादव के अनुभव का परिणाम माना जा रहा है। चुनाव अभियान के दौरान जिस भी उम्मीदवार को संगठनात्मक सहयोग, कार्यकर्ताओं के समन्वय, जनसंपर्क अभियान, बैठकों के आयोजन या चुनावी रणनीति को लेकर सहायता की आवश्यकता पड़ी, वहां संगठन महामंत्री सुरेश यादव ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन महामंत्री सुरेश यादव की सबसे बड़ी विशेषता उनका जमीनी स्तर पर निरंतर सक्रिय रहना और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत संवाद बनाए रखना है। यही कारण है कि चुनाव के दौरान बूथ स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक संगठन पूरी मजबूती के साथ सक्रिय दिखाई दिया और उसका सीधा लाभ भाजपा उम्मीदवारों को मिला। गौरतलब है कि सुरेश यादव इससे पहले भी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। चुनावी प्रबंधन और संगठन निर्माण के क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ भाजपा पार्टी को लगातार मिलता रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, मेहनत और समर्पण ने भाजपा को नयागांव में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन महामंत्री सुरेश यादव ने बताया कि मुख्य काम पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और चाणक्य की तरह पर्दे के पीछे रहकर चुनाव की रूपरेखा तैयार करना होता है।

**पार्टी संगठन को मजबूत करने वाली रणनीतियाँ**

भाजपा के सांगठनिक रणनीतिकार चुनाव जीतने के लिए निम्नलिखित 'चाणक्य नीतियों' का मुख्य रूप से प्रयोग करते हैं-

पन्ना प्रमुख और बूथ प्रबंधन: हर मतदाता सूची के एक पेज (पन्ना) के लिए एक 'पन्ना प्रमुख' की नियुक्ति की जाती है। यह सूक्ष्म स्तर का प्रबंधन पार्टी को सीधे मतदाताओं के घर तक पहुंचाता है।

विस्तारक योजना: जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा का प्रसार करने और कमज़ोर सीटों पर विशेष ध्यान देने के लिए पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं (विस्तारकों) को मैदान में उतारा जाता है।

सामाजिक समीकरण और माइक्रो-टारगेटिंग: जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को साधते हुए हर वर्ग के वोट बैंक को सुरक्षित करने के लिए विशेष रणनीति बनाई जाती है

सोशल मीडिया और डिजिटल पहुंच: सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सीधा जन-जन तक पहुँचाया जाता है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि भारतीय जनता पार्टी भविष्य में भी सुरेश यादव जैसे अनुभवी संगठनकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपती रही तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में नयागांव क्षेत्र भाजपा के लिए और अधिक मजबूत गढ़ बन सकता है। क्षेत्र के अधिकांश कार्यकर्ताओं के साथ उनके सकारात्मक संबंध और संगठन पर मजबूत पकड़ उन्हें पार्टी



के प्रभावशाली नेताओं में शामिल करती है। नगर काउंसिल चुनाव में मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह जीत केवल उम्मीदवारों की नहीं बल्कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के भाजपा की नीतियों एवं विकास कार्यों पर बढ़ते विश्वास की जीत है। आने वाले समय में भी भाजपा इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास तथा जनसेवा के लिए कार्य करती रहेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तिमय वातावरण में गूंजे राधे-कृष्ण के जयकारे



अर्थ प्रकाश/ रोहतक, सुकरमपाल 5 जून : पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहीद मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आई.टी.आई. ग्राउंड, रोहतक में 1 जून से 7 जून 2026 तक प्रतिदिन सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित इस दिव्य कथा में हजारों श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कथा के प्रति श्रद्धालुओं में दिन-प्रतिदिन उत्साह एवं आस्था निरंतर बढ़ रही है। कथा व्यास पूज्य **डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज** ने श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान करवाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति की महिमा तथा मानव जीवन में सत्संग के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को आध्यात्मिक उन्नति, नैतिक मूल्यों एवं सेवा भाव की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के अंतःकरण का शुद्धिकरण होता है तथा जीवन में सकारात्मकता, श्रद्धा, करुणा और आत्मिक शांति का संचार होता है।इस अवसर पर कथा के मुख्य आयोजक **राजेश जैन एवं उनकी धर्मपत्नी संध्या जैन** तथा **मनमोहन गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी निर्मला गोयल** ने नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों की सेवा हेतु ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर एवं पूर्व में पंजीकृत लाभार्थियों को कृत्रिम अंग वितरित किए। इस सेवा कार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मानव सेवा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में **सचिन गुप्ता, उपायुक्त रोहतक** ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कथा श्रवण किया तथा आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सेवा आधारित आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता ,भाजपा नेता **राज कमल सहगल**, **सुभाष तायल **, **आशीष**, **राजीव जैन**, **सनी निझावन**, **योगेश अरोड़ा**, **विजय खुराना, चेतना अरोड़ा, हरीश दुआ, सुभाष भल्ला, मदन लाल हरजाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, संकीर्तन एवं भगवान श्री राधा-कृष्ण के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते रहे तथा भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। आयोजन समिति ने रोहतक एवं आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से आगामी दो दिनों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने तथा धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। यह कथा संसकर टीवी चैनल पर भी लाइव प्रसारित की जाती है।

## प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का होगा समाधानः गौरव गुप्ता

### -विश्व पर्यावरण दिवस पर सीटीएम गौरव गुप्ता ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### -अधिकाधिक पौधारोपण और पौधों के संरक्षण का लें संकल्प : सीटीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता/ फतेहाबाद, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 की थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए वर्तमान समय की आवश्यकता को दर्शाती है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। एसडीएम एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित एडीआर सेंटर परिसर में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। एसडीएम एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से वैश्विक स्तर पर अनेक चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देना होगा। सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर तथा प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करके ही जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने नागरिकों से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने और संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। एसडीएम एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी हम सभी को निभानी होगी। सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि जिले के नागरिक अपने सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही वे समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने में योगदान दें। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी राजेश लीलड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## न्यूज़ ब्रीफ

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा और होमी भाभा टाटा स्मारक केंद्र के मध्य करार



अर्थ प्रकाश/फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ/ हरियाणा क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा निरंतर प्रयासरत है। अति विशिष्ट उपचार करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा ने करार किया है। इसी कड़ी में सरकार के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के साथ भी करार किए जा रहे हैं, जिससे श्रमिकों को उच्चतम कोटि का इलाज प्राप्त हो सके। इस कड़ी में समस्त प्रकार के कैंसर इलाज के लिए टाटा स्मारक केंद्र की इकाई होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के साथ करार किया गया है। पंजाब स्थित इस केंद्र के दो अस्पतालों होमी भाभा कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान केंद्र न्यू चंडीगढ़ तथा होमी भाभा कैंसर अस्पताल संगरूर के माध्यम से बीमाकृत व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज मिल पाएगा। न्यू चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में 300 बिस्तर की क्षमता है वहीं संगरूर स्थित अस्पताल में 125 बिस्तर की क्षमता है। बीमाकृत व्यक्तियों को यहाँ परामर्श, जाँच, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी तथा सर्जरी की सुविधा देने के लिए अनुबंध किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के निदेशक डॉ आशीष गुलिया ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा के साथ पेनल में आने से समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल देने के हमारे लक्ष्य में एक और महत्त्वपूर्ण नाम जुड़ गया है। यह संस्थान मरीजों के लिए उच्चतम कोटि का इलाज देने तथा आर्थिक कारणों से उपचार के लिए किसी को वंचित न रहने देने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा के राज्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक राय ने इस करार को करने में अहम भूमिका निभाई है, उनका कहना है कि यह करार हरियाणा के बीमाकृत व्यक्तियों और विशेषकर हरियाणा के उत्तरी भाग में निवास कर रहे बीमाकृत व्यक्तियों के लिए एक वरदान की तरह साबित होगा। अभी तक इस प्रकार की व्यवस्था से वे वंचित थे लेकिन अब टाटा स्मारक केंद्र जैसे विश्व विख्यात संस्थानों से भी बीमाकृत व्यक्ति इलाज प्राप्त कर सकेंगे, यह बहुत खुशी की बात है। श्री हरि ओम प्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा ने इस अवसर पर होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के निदेशक डॉ आशीष गुलिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम बीमाकृत व्यक्तियों के हर संभव उपचार के लिए प्रयासरत है। टाटा स्मारक अस्पताल मुंबई 1941 में स्थापित हुआ। आज देश भर से कैंसर मरीज इलाज के लिए वहाँ जाते हैं, जिसमें उच्चतम कोटि का कैंसर इलाज मिलता है और इलाज की लागत भी बहुत कम आती है। उत्तर भारत के मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जाने में आ रही कठिनाइयों को समझते हुए पंजाब में वर्ष 2022 से टाटा स्मारक केंद्र ने इन दो अस्पतालों को स्थापित किया गया है। तब से यहाँ हज़ारों मरीज़ अपना इलाज करवा चुके हैं।

### हरियाणा पर्यावरण आयोग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पौधा देश के नाम' अभियान के तहत 350 प्लांटर वितरित। पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव - उमेश भाटी।

अर्थ प्रकाश/फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ/ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा पर्यावरण आयोग द्वारा बी.के. अस्पताल, फरीदाबाद में 'एक पौधा देश के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों को 350 प्लांटर वितरित किए गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में हरियाणा पर्यावरण आयोग के चेयरमैन ठाकुर उमेश भाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. जयंत आहुजा, सीएमओ, बी.के. अस्पताल की अनुपस्थिति में डॉ. विकास, डॉ. हेमंत अग्रवाल, डॉ. तान्वी एवं डॉ. महेश भाटी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। हॉस्पिटल में मरीजों , स्टाफ को प्लांटर वितरण करने के बाद मुख्य अतिथि ठाकुर उमेश भाटी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि 'एक पौधा देश के नाम卐 केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज हमने प्लांटर मरीजों और परिजनों को इसलिए दिया है कि जब वह स्वास्थ्य होकर यहां से जाए तो साथ प्लांटर ले जाए । जैसे हम अपने शरीर का ख्याल रखते है वैसे ही इन पौधों का भी ख्याल रखना है। डॉ. विकास ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने की भी अपील की। उन्होंने हरियाणा पर्यावरण आयोग की पूरी टीम को इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

## सीएम ने पटका पहना कर इंजीनियर ऋषिपाल को करवाई बीजेपी ज्वाइन

**रेणु बाला ने कार्यक्रम से रखी दूरी ।**

अर्थ प्रकाश संवाददाता /संजीव कुमार



**व्यासपुर 5 जून।** कांग्रेस से निलंबीत साढौरा विधायक रेनू बाला के पति इंजीनियर ऋषिपाल ने शुक्रवार को व्यासपुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा की मौजूदगी में भाजपा पार्टी में शामलि हो गए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऋषिपाल को भाजपा का पटका पहना कर दर्जनों कार्यकर्ताओं सहित पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हल्का के विकास के लिए पांच करोड रूपये दिए व इंजीनियर ऋषिपाल के द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सरपंचों, व ग्रामीणों समर्थकों के कारण आयोजन स्थल खचाखच भरा रहा। भाजपा नेताओं ने इसे संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। इंजीनियर ऋषिपाल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को स्मृति चिह्न व शाल ओड़ा कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री को पौधा भेंट किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऋषिपाल व समर्थकों का पार्टी में आने पर स्वागत किया है। नायब सैनी ने विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही विकास कार्य मे तेजी आई है। हल्का साढौरा से मेरा पुराना जुड़ाव रहा है। साढौरा मेरा अपना घर है। यहां के लोगों के साथ मिल कर पार्टी के लिए कार्य किया है। प्रदेश में पिछले 19 महीने पहले बनी भाजपा सरकार बिना रूके तेज गति से विकास कार्य करवा रही है। चुनावों के समय भाजपा ने प्रदेश की जनता के साथ 217 संकल्प लिए थे जिसमें से 63 पूरे कर लिए गए है बाकि पर कार्य चल रहा है उन्हें पूरा कर दिया जाएगा। नारायणगढ में पच्चीस सौ एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा जिससे क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। चुनावों के समय युवाओं के किया गया रोजगार देने का वायदा के तहत सरकार बनते ही 25000 युवाओं को रोजगार दिया गया। सरकार बिना रूके लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने प्रदेश को आगे ले जाने का कार्य किया है। किसानों की फसलो को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। प्रदेश में किडनी के मरीजों के डाइलिसिस के लिए निशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है जिसका प्रदेश के दो लाख से अधिक मरीजों ने लाभ लिया है। बेटियों की शिक्षाओं के लिए महाविद्यालय व स्कूल खोले गए है। किसानों की फसल खराबे के लिए साढे सोलह सौ करोड़ की राशि मुआवाजे के रूप में वितरित की गई है। विकास को लेकर धन की कमी नही है। प्रदेश में जब से भाजपा आई है बिना खर्ची पर्ची के युवाओ को नौकरियां देकर नई व्यवस्था को कायम किया गया है। इंजीनियर ऋषिपाल ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टिसे साढौरा हरियाणा के बडे हल्कों में आता है जहां विकास की अधिक जरूरत है। भाजपा के समय में रेनू बाला को जिला परिषद का चेयरपर्सन बनाया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा क्षेत्र में लोगों की जरूरतों व विकास को लेकर 48 करोड की लगात से बनने वाले तीन पुल मंजूर किए गए है। जिनका सीधा लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। पूरे क्षेत्र के विकास के लिए बीस करोड मंजूर किए जाए, वेदव्यास की तपोस्थली व्यासपुर के विकास लिए दो करोड रूपये ,साढौरा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय खेल स्टेडयिम का निर्माण किया जाए ताकि खिलाडियों को खेलों के अभ्यास के लिए अन्य जगहों पर न जाना पड़े। कालाआंब से व्यासपुर तक सडक़ को फोर लेन किया जाए ताकि क्षेत्र की अन्य राज्यों व जिलों से सम्पर्कता बढ़ जाए। व्यासपुर में छछरौली मोड़ से गणपति स्कूल तक पानी निकासी को लेकर आरसीसी पाइन लाइन का निर्माण, साढौरा में बन रहा सामुदायिक स्वास्थ्या केंद्र में चिकित्सकों के रहने के लिए आवासीय भवन बनाए जाए, साढौरा से रसूलपुर के मध्य में युवाओ के रोगजार के लिए एसएसआईटी के तहत आधोगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। व्यासपुर में खेल मैदान के समीप पंचायती तालाब के सौंदर्यकरण किया जाए, व्यासपुर में रिंग रोड, साढौरा में लाइब्रेरी , संधाए में सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य पूरा करवाने बारे, कालाआंब से रणजीत पुर पहाडों की तलहटी के साथ सडक़ का निर्माण करवाया जाए। हल्के प्रत्येक गांव में खेल नर्सरी बनाई जाए। बीआर अंबेडकर के नाम पर शिक्षण संस्थान बनाए जाने की मांग,सडक़ों की दशा सुधारने व कच्चे रास्तो को पक्का करने, इंजीनियर ऋषिपाल के द्वारा रखी गई मांगों को मुख्यमंत्री के द्वारा मान लिया गया व जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मंत्री श्याम सिंह राणा, मेयर सुमन बहमनी, जिला प्रधान राजेश सपरा, विधायक धनश्याम दास अरोड़ा, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, मदन चौहान, सरपंच कीर्ति खुराना, इश्वर सिंह पलाका, जोनी सिंगला, संदीप कुमार, सरपंच मुकेश शर्मा, बबलू मास्टर , संदीप नंबरदार ,राजेश कुमार ,भारत सिंह, बलदेव सिंह, अमरदीप राणा, सतबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मनीष कुमार, करमजीत सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## ABTA और ब्लैक कोट टेक्नोलॉजीज के बीच ऐतिहासिक समझौता, देशभर के 20 लाख ट्रकों को मिलेगा कानूनी और RTO सहायता



अर्थ प्रकाश/फतेहाबाद,गुरुग्राम, 5 जून। Dainik Arth Prakash ke jila Fatehabad ke buro chief आत्मा राम कसाना केसाथ ख़ास बातचीत के दौरान सीईओ डॉ अरविंद और राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के शर्मा ने बताया कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए Akhil Bhartiya Transport Association (ABTA) और Black Coat Technologies Private Limited के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (MoU) संपन्न हुआ। यह समझौता गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित एक विशेष 'वर्कशॉप एवं फ्लीट ओनर्स मीट' के दौरान किया गया। ABTA से जुड़े देशभर के 20 लाख से अधिक ट्रकों और ट्रांसपोर्टरों को तकनीक आधारित कानूनी सलाह, अनुपालन (Compliance), चालान निपटान और RTO सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समझौते के अनुसार, ChallanWala प्लेटफॉर्म ट्रांसपोर्टरों को लंबित ट्रैफिक चालानों की जानकारी, उनके समाधान, ऑनलाइन एवं कोर्ट चालानों के निपटारे तथा देशभर में ऋश्वह्र से जुड़ी सेवाओं में सहायता प्रदान करेगा। साथ ही फ्लीट मैनेजमेंट डैशबोर्ड के माध्यम से वाहन मालिक अपने वाहनों की अनुपालन स्थिति और दस्तावेजों की निगरानी कर सकेंगे। वहीं LegalKart के माध्यम से ट्रांसपोर्टरों को अनुबंध, रिकवरी, विवाद, नियामकीय और कानूनी मामलों में विशेषज्ञ कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें समय पर और सुलभ कानूनी सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम में बोलते हुए ChallanWala एवं LegalKart के संस्थापक एवं ष्टश्वह्र डॉ. अरविंद सिंहाटिया ने कहा कि भारत के ट्रांसपोर्टर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें चालान, RTO औपचारिकताओं और कानूनी प्रक्रियाओं में काफी समय और धन खर्च करना पड़ता है। यह साझेदारी उनकी इन समस्याओं को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ABTA के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. के. शर्मा ने कहा कि यह समझौता देशभर के ट्रांसपोर्टरों को कानूनी और अनुपालन सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करेगा तथा परिवहन उद्योग को नई मजबूती देगा यह साझेदारी देश के सड़क परिवहन क्षेत्र में तकनीक आधारित सेवाओं के विस्तार और ट्रांसपोर्टरों की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ एवं संरक्षित पर्यावरण के संकल्प के साथ हिन्दुस्तान ज़िंक में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन, सघन वृक्षारोपण का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता/

वेदांता समूह की कंपनी और भारत में जिंक, लेड और सिल्वर के सबसे बड़े और एकमात्र एकीकृत उत्पादक हिंदुस्तान जिंक ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सघन वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कंपनी ने अपनी सभी परिचालन इकाइयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये पहल सस्टेनेबिलिटी और कार्यस्थल पर जिम्मेदारी से काम करने की कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

उदयपुर स्थित प्रधान कार्यालय में कर्मचारियों ने ग्रीन वर्कप्लेस इनिशिएटिव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने रोजमर्रा के जीवन में संसाधनों के सही और कम उपयोग से जुड़े आसान लेकिन प्रभावी तौर-तरीकों को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता और हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।

जिंक स्मेल्टर देबारी में विभिन्न टीमों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। कार्यक्रम में यूनियन प्रमुखों और वरिष्ठ नेताओं ने पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी पर अपने विचार और मार्गदर्शन साझा किए। ईएसजी टीम ने इस वर्ष की थीम, मुख्य प्राथमिकताओं और पर्यावरणीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शॉप फ्लोर से जुड़े बिजनेस पार्टनर कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर लागू की जा रही व्यावहारिक पहलों की जानकारी साझा की। जावर माइंस में भी मुख्यालय के नेतृत्व में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। यहाँ वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता, अखबार से बैग बनाना, पोस्टर मेकिंग और वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इन सभी पहलों ने न केवल कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचार को भी प्रेरित किया। यह आयोजन



हिंदुस्तान जिंक के उस निरंतर प्रयास को रेखांकित करता है जिसके तहत कंपनी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को अपनी कार्य संस्कृति और संचालन का एक अहम हिस्सा मानती है।

## मेयर को ईमेल से बम की धमकी, एमसीडी मुख्यालय में मचा हड़कंप ; तलाशी में नहीं मिला कुछ संदिग्ध

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम धमाकों की धमकी मिलने के बाद प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। धमकी भरे ईमेल में दिल्ली और उसके आसपास के कुछ क्षेत्रों में विस्फोट होने का दावा किया था, इसके बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की टीमों को मौके पर भेजा गया। सुरक्षा बलों ने एमसीडी मुख्यालय, मेयर कार्यालय, भवन के कॉमन एरिया, पार्किंग परिसर और अन्य संवेदनशील स्थानों की व्यापक तलाशी ली। कई घंटों तक चले सघन सर्च अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, विस्फोटक सामग्री या खतरे से जुड़ा कोई संकेत नहीं मिला। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर परिसर में आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई और सुरक्षा व्यवस्था को अस्थायी रूप से और कड़ा किया गया। जांच पूरी होने के बाद स्थिति को सामान्य घोषित कर दिया गया, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां सतर्क बनी हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखकर पुलिस ने तकनीकी और साइबर जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञ ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने और उसके स्रोत का पता लगाने में जुटे हैं। जांच एजेंसियां खंगाल रही हैं कि धमकी भरा संदेश देश के भीतर से भेजा गया या इसके लिए किसी विदेशी सर्वर का इस्तेमाल हुआ। प्रारंभिक जांच में किसी वास्तविक खतरे के संकेत नहीं मिले हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह शरारत, अफवाह फैलाने या सुरक्षा एजेंसियों को भ्रमित करने की कोशिश हो सकती है। हालांकि, जांच पूरी होने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचा जा रहा है।

## अमेरिका में नीलाम हुआ चंडीगढ़ की विरासत से जुड़ा दुर्लभ फर्नीचर

चंडीगढ़ (एजेंसी)। चंडीगढ़ की विश्वप्रसिद्ध वास्तु और डिजाइन विरासत से जुड़ी मूल फर्नीचर वस्तुओं की अमेरिका में हुई नीलामी ने फिर संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। विरासत संरक्षण के लिए सक्रिय एडवोकेट अजय जग्गा ने मामले में केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने विदेश मंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर नीलाम की गई वस्तुओं की जांच कराने का आग्रह किया है। जग्गा के अनुसार, अमेरिका के राइट ऑक्शन हाउस में आयोजित नीलामी की जानकारी उन्होंने पहले ही संबंधित मंत्रालयों को दे दी थी। इसके बावजूद चंडीगढ़ की विरासत से जुड़ी सात दुर्लभ फर्नीचर वस्तुएं नीलाम कर दी गईं। ये सभी वस्तुएं प्रसिद्ध वास्तुकार और डिजाइनर पियरे जेनरे द्वारा डिजाइन की गई थीं, जिनका चंडीगढ़ के निर्माण और डिजाइन इतिहास में विशेष महत्व माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, नीलामी में इन वस्तुओं की कुल बिक्री करीब 1.16 करोड़ रुपये में हुई। इनमें सबसे अधिक कीमत एक जोड़ी लाउंज चेयर को मिली, जो लगभग 37.80 लाख रुपये में बिकी। इन वस्तुओं को चंडीगढ़ की आधुनिक वास्तुकला और डिजाइन विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। जग्गा ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक परिसरों से विरासत फर्नीचर गायब होकर विदेशी नीलामी घरों और निजी संग्रहकर्ताओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने मांग की है कि नीलाम की गई वस्तुओं के स्रोत और स्वामित्व की विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय दूतावासों को सतर्क किया जाए और चंडीगढ़ में मौजूद विरासत फर्नीचर को 'आर्ट ट्रेजर' घोषित कर विशेष कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। इस घटनाक्रम ने देश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

## मथुरा में आईआईटी गुरु गिरफ्तार, महिलाओं के शोषण और ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप

मथुरा (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मथुरा में धर्म और अध्यात्म की आड़ में महिलाओं के कथित शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने ओडिशा निवासी 29 वर्षीय अभिषेक मिश्रा को गिरफ्तार किया है, जो खुद को 卐आदिकर्ता नारायण दास卐 नाम से धार्मिक गुरु और कथावाचक के रूप में दिखाता था। उस पर महिलाओं को अपने प्रभाव में लेकर उनका यौन शोषण करने, आपत्तिजनक सामग्री के जरिए ब्लैकमेल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मिश्रा ने आईआईटी रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद आरोपी ने मथुरा के राधाकुंज क्षेत्र में रहकर धार्मिक प्रवचन देना शुरू। आरोपी सोशल मीडिया और 'राधा कृपा अमृत' नामक यूट्यूब चैनल के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच बनाई और खुद को आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित किया। लेकिन पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए युवतियों से संपर्क करता था। पुलिस का आरोप है कि वह धीरे-धीरे उन्हें अपने प्रभाव में लेकर परिवार से दूरी बनाने के लिए प्रेरित करता और फिर अपने साथ रहने के लिए तैयार कर लेता था। बताया जा रहा है कि उसके ठिकाने पर एक समय कई युवक और युवतियां साथ रह रहे थे।

## लखनऊ गैंगरेप का मुख्य आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पुलिस कार्रवाई में पैर में लगी गोली

लखनऊ (एजेंसी)। ,उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मॉल कर्मचारी युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी उपदेश लोधी उर्फ गहना को देर रात हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान निगोहां क्षेत्र में उसकी घेराबंदी की गई, जहां आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हुआ और गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, रामादेई खेड़ा मार्ग पर चेकिंग अभियान के दौरान सर्विलांस टीम और पुलिस को आरोपी के आने की सूचना मिली थी। बताया गया कि उपदेश लोधी ऑटो से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को देखकर लोधी ने ऑटो भागने का प्रयास किया, लेकिन वाहन असंतुलित होकर पलट गया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान उसके पैर में गोली लगी और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया।

# पीएम मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर सुर्खियों में आए खेड़ा को मिला राज्यसभा का टिकट

### सीएम सरमा की पत्नी को लेकर विवादों में रहे



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित उम्मीदवारों की सूची में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा का नाम शामिल हो गया है। जिसकी राजनैतिक गलियारों में खूब चर्चा है। कर्नाटक से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए गए खेड़ा का संसद के उच्च सदन में पहुंचना लगभग तय है। पार्टी के इस फैसले को कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने सबसे सक्रिय, मुखर और संघर्षशील नेता को दिया गया महत्वपूर्ण राजनीतिक सम्मान बताया जा रहा है।

पवन खेड़ा बीते कई वर्षों से कांग्रेस की ओर से भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ सबसे प्रमुख आवाजों में शामिल रहे हैं। टीवी बहसों, प्रेस कॉन्फ्रेंसों और सार्वजनिक मंचों पर उन्होंने लगातार पार्टी का पक्ष मजबूती से रखा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के वर्षों में उन्होंने खुद को कांग्रेस के प्रमुख प्रवक्ताओं में स्थापित किया है, जिसके चलते संगठन में उनका कद लगातार बढ़ा है।

वर्ष 2022 के राज्यसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद खेड़ा ने सोशल मीडिया पर निराशा जाहिर कर लिखा था कि शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रही। उस समय उन्हें राज्यसभा नहीं भेजने को लेकर पार्टी के भीतर भी चर्चाएं हुई थीं। हालांकि, इसके बाद उन्होंने संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर अपनी सक्रियता को और बढ़ाया तथा कांग्रेस नेतृत्व के भरोसेमंद चेहरों में अपनी जगह मजबूत की।

बीते कुछ वर्षों में खेड़ा कई राजनीतिक और कानूनी विवादों के केंद्र में भी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े बयान को लेकर उनकी गिरफ्तारी राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही थी। इसके अलावा असम में दर्ज विभिन्न मामलों और कानूनी चुनौतियों के दौरान भी कांग्रेस नेतृत्व उनके समर्थन में खुलकर खड़ा दिखाई दिया। पार्टी के भीतर धारणा बनी कि खेड़ा ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन का पक्ष मजबूती से रखा और राजनीतिक दबावों का सामना किया।

कांग्रेस के लिए राज्यसभा में प्रभावी वक्ताओं की जरूरत भी इस फैसले की एक महत्वपूर्ण वजह मानी जा रही है। खेड़ा अपनी तार्किक शैली, राजनीतिक मुद्दों पर पकड़ और आक्रामक प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं। माना जा रहा है कि संसद में वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश जैसे नेताओं के साथ मिलकर विपक्ष की आवाज को और मजबूत किया जाएगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के करीबी माने जाने वाले खेड़ा लंबे समय से कांग्रेस संगठन का हिस्सा हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल से सक्रिय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खेड़ा ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी है। कर्नाटक जैसी सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाए जाने को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका देना चाहता है। राज्यसभा का यह टिकट न केवल उनकी राजनीतिक यात्रा का अहम पड़ाव है, बल्कि कांग्रेस की संगठनात्मक प्राथमिकताओं और नेतृत्व की रणनीति को भी दर्शाता है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने क्यों कहा... इस तरह से हाईकोर्ट की इमारत भी सुरक्षित नहीं रहेगी

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में पुलिस विभाग के आवासीय क्वार्टरों की जमीन पर निजी मालिकाना हक के दावे और कथित बिक्री से जुड़े मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने कड़ा रुख दिखाया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर तीखी टिप्पणी कर कहा कि यदि इसतरह के दावों को स्वीकार किया, तब भविष्य में सार्वजनिक संस्थानों की संपत्तियां भी सुरक्षित नहीं रहेगी। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि जिस जमीन पर वर्षों से पुलिस विभाग का कब्जा है और जहां पुलिसकर्मी रह रहे हैं, उस जमीन को बेचने का दावा करना गंभीर मामला है। अदालत ने कहा, 卐अगर इस तरह की चीजों की अनुमति दी गई, तब आगे चलकर हाईकोर्ट की इमारत भी सुरक्षित नहीं रहेगी। यह मामला शिवमोगा निवासी श्रीनाथ नगरगद्दे से जुड़ा है, जो पुलिस क्वार्टर की जमीन के कथित बिक्री प्रकरण में आरोपी हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकील ने तर्क दिया कि जमीन पर उनके मुवक्किल का वैध मालिकाना हक है और पुलिस का वहां रहना पूरी तरह से अनधिकृत है। इस पर अदालत ने नाराजगी जताकर कहा कि मामले की जांच जारी है और न्यायालय तथ्यों के आधार पर निर्णय लेगा। आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एम. अरुण श्याम ने दावा किया कि जमीन वास्तव में एक अन्य आरोपी एम.आर. महालक्ष्मी की है। उनके अनुसार, महालक्ष्मी ने स्वयं को वैध मालिक बताकर कुछ लोगों के साथ बिक्री समझौते किए थे, जिन्हें बाद में आपराधिक मामले में आरोपी बनाया गया। वकील ने कहा कि सरकारी रिकॉर्ड और एन्कम्ब्रेन्स सर्टिफिकेट में भी संपत्ति का नाम कथित मालिकों के पक्ष में दर्ज है। बचाव पक्ष का कहना है कि 1950 से जमीन के रिकॉर्ड आरोपियों और उनके पूर्वजों के नाम पर दर्ज हैं। उन्होंने अदालत में चुनौती देकर कहा कि यदि राज्य सरकार जमीन पर अपने स्वामित्व का एक भी ठोस दस्तावेज पेश कर दे, तब उनके मुवक्किल मुकदमा वापस लेने को तैयार हैं। साथ ही, इस भूमि विवाद से जुड़े दो दीवानी मामले पहले से अदालतों में लंबित हैं।

## लाखों अमरनाथ यात्रियों को मिलेगा डिजिटल सुरक्षा कवच

### -जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लांच किया 'पहचान एप

जम्मू (एजेंसी)। आगामी अमरनाथ यात्रा को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 'पहचान' नामक विशेष मोबाइल एप लांच किया है। क्यूआर कोड आधारित डिजिटल पहल का उद्देश्य यात्रा मार्ग पर सेवाएं प्रदान करने वाले लोगों की पहचान और सत्यापन को आसान बनाना है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और भरोसेमंद सेवाएं मिल सकें।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एप के तहत घोड़े वाले, पिट्ठू, पालकी संचालक, दुकानदार, स्थानीय सेवा प्रदाता और यात्रा से जुड़े अन्य लोगों का पंजीकरण होगा। पंजीकरण के बाद प्रत्येक व्यक्ति को एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया जाएगा। श्रद्धालु या अधिकारी इस कोड को स्कैन कर संबंधित व्यक्ति की पहचान, पंजीकरण स्थिति और अन्य आवश्यक जानकारियों का तुरंत सत्यापन कर सकते है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर वर्ष अमरनाथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं, जिसके चलते सुरक्षा और प्रबंधन की चुनौतियां भी बढ़ जाती हैं। इसतरह 'पहचान' एप फर्जी पहचान वाले लोगों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे यात्रियों को केवल सत्यापित और अधिकृत सेवा प्रदाताओं से ही सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे उनकी सुरक्षा और विश्वास दोनों मजबूत होगा।

जम्मू-कश्मीर पुलिस का मानना है कि यह व्यवस्था यात्रियों से अधिक शुल्क वसूलने, सेवा संबंधी विवादों और पहचान से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करेगी। इसके अलावा प्रशासन को सेवा प्रदाताओं की निगरानी, भीड़ प्रबंधन और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने में सुविधा मिलेगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यात्रा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 'पहचान' एप इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि नई डिजिटल प्रणाली से अमरनाथ यात्रा पहले से अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बनेगी तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रदर्शन पर हाईकोर्ट की तत्काल सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर भीड़ नियंत्रण संबंधी निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इंकार किया है। याचिका में पुलिस को प्रदर्शन स्थल और आसपास के प्रवेश मार्गों पर विशेष सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।




यह मामला तब चर्चा में आया है जब व्यंग्यात्मक संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके भारत पहुंचने वाले हैं। बताया जा रहा है कि वह शनिवार को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए अमेरिका से रवाना हुए हैं। हालांकि, प्रदर्शन के लिए औपचारिक अनुमति लिए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

सेव इंडिया फाउंडेशन की ओर से दायर याचिका का उल्लेख अवकाशकालीन पीठ के समक्ष किया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। इसके बाद प्रदर्शन और उससे जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दिपके ने मई में ऑनलाइन अभियान की शुरुआत की थी, जिसने सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रियता हासिल की। यह अभियान न्यायपालिका से जुड़ी टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था और देखते ही देखते बड़ी संख्या में युवाओं का ध्यान आकर्षित करने लगा। संगठन ने हाल ही में अपने प्रवक्ताओं की भी नियुक्ति की है और राजधानी में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर अपनी गतिविधियों को सार्वजनिक रूप से सामने रखा।

दिपके ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने समर्थकों से अपील की है कि वे दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए एकत्रित न हों। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखना है। उन्होंने संकेत दिया कि वह संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर प्रदर्शन के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने का प्रयास करने वाले है। इस बीच, प्रशासन संभावित भीड़ को देखते हुए स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पुलिस और अन्य एजेंसियां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों का आकलन कर रही हैं। फिलहाल सभी की निगाहें शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रम और उससे जुड़े घटनाक्रम पर टिकी हुई हैं।

## उमर की गोपनीय बैठक से बढ़ीं राजनीतिक चर्चाएं, विधायकों संग तय की आगे की रणनीति

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित की गई विशेष बैठक ने प्रदेश की राजनीति में नई सुगबुगाहट पैदा कर दी है। श्रीनगर से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित क्षेत्र को बैठक के लिए चुनने और वहां सीमित संचार सुविधा होने के कारण राजनीतिक हलकों में कई तरह के कयास लग रहे हैं। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों, मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बैठक को सरकार और संगठन के कामकाज की समीक्षा के लिए आयोजित बताया। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल प्रशासनिक समीक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि राज्य का दर्जा बहाल करने, पार्टी के राजनीतिक एजेंडे और संगठन के भीतर उभर रही चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिलाने के मुद्दे पर विशेष जोर दिया गया। पार्टी नेताओं ने माना कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ नेशनल कॉन्फ्रेंस को समर्थन दिया था, उन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य के अधिकारों की बहाली को लेकर और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की जरुरत है।

## दीदी के नाम पर मलाई चाटने वाले नेता धोखेबाज निकले: महुआ

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की सत्ता हाथ से निकलने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर छिड़ा आंतरिक कलह अब एक बड़े राजनीतिक संकट में तब्दील हो चुका है। पार्टी के बागी विधायकों के खेमे ने ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुन लिया है। इस बीच ममता बनर्जी को उस समय एक बड़ा झटका लगा, जब विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ बोस ने पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बंदोपाध्याय के नेतृत्व वाले 58 विधायकों के गुट को मुख्य विपक्षी दल के रूप में मान्यता दे दी। इस पूरे घटनाक्रम पर अब टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा का तीखा बयान सामने आया है, जिन्होंने बागी विधायकों पर बेहद कड़ा प्रहार किया है।सांसद महुआ मोइत्रा ने बागी गुट के नेताओं और ऋतब्रत बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन नेताओं ने सालों तक ममता बनर्जी के नाम पर मलाई खाई, वही आज पार्टी की पीठ में छुरा घोंप रहे हैं।



महुआ ने साफ शब्दों में कहा कि इन नेताओं को सिर्फ सत्ता में बने रहने की आदत हो चुकी है, यही वजह है कि ये लोग विपक्ष में रहकर संघर्ष करने के बजाय अपने लिए एक सेफ रूट तलाश रहे हैं। बागी विधायकों को खरी-खोटी सुनाते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग किसी काम के नहीं हैं और पार्टी में रहकर सिर्फ ममता दीदी के करिश्मे के भरोसे आगे बढ़ते रहे। उन्होंने बागियों को चुनौती देते हुए कहा, जाना है तो आज ही जाइए। ऋतब्रत कांग्रेस में शामिल हो जाइए या जो मन आए वो करिए, लेकिन खुद को तृणमूल कांग्रेस कहने का अधिकार आपको बिल्कुल नहीं है। इस दौरान महुआ मोइत्रा ने भाजपा पर पार्टी को तोड़ने की बड़ी साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि वे कभी तृणमूल के सिपाही हुआ करते थे, इसलिए उन्हें हर एक विधायक की कमजोरी अच्छी तरह पता है और भाजपा इसी का फायदा उठा रही है।

मोइत्रा ने दावा किया कि सबीना यास्मिन और जावेद खान जैसे नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों और गिरफ्तारी की धमकियां देकर डराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सबीना यास्मिन को मोताबारी हिंसा के मामले में एनआईए द्वारा पकड़े जाने का डर दिखाया गया, जबकि जावेद खान को इलाके में अवैध निर्माण के मामले में उनके बेटे सहित गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि इन नेताओं में 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद विपक्ष में बैठने की हिम्मत नहीं बची है।पार्टी के भीतर मचे इस भारी घमासान के बावजूद महुआ मोइत्रा ने भरोसा जताया कि टीएमसी बिखरने वाली नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ममता बनर्जी और उनका कोर ग्रुप ही असली पार्टी है और वे सभी मिलकर नए सिरे से शुरुआत करेंगे। चुनाव आयोग द्वारा बागी गुट को मान्यता दिए जाने और भविष्य में पार्टी सिंबल छिनने के खतरे पर मोइत्रा ने दृढ़ता से कहा, जब ममता बनर्जी ने कांग्रेस छोड़ी थी, तब उन्होंने सिर्फ एक पेन और कागज उठाकर खुद यह सिंबल बनाया था और जीत हासिल की थी। जो महिला खुद अपना सिंबल बनाकर चुनाव लड़ सकती है और तीन बार मुख्यमंत्री बन सकती है, वह दोबारा लड़कर नया सिंबल भी बना लेगी। हमें इसकी कोई परवाह नहीं है, वे कोई भी तस्वीर या सिंबल ले लें, लेकिन वे कभी भी असली तृणमूल कांग्रेस नहीं बन पाएंगे।

## गडकरी के हाथों होगा एशिया की सबसे लंबी जोजिला सुरंग का शिलान्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 9 जून को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सीमा पर स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के शिलान्यास समारोह में शामिल हो रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोजिला दर्रे को काटकर बनाई जाने वाली यह सुरंग कश्मीर के गांदरबल जिले के बाल्टल को लद्दाख के कारगिल जिले के मीनामर्ग से जोड़ेगी।



यह 13.15 किलोमीटर लंबी सुरंग तीन घंटे से अधिक के सफर को घटाकर मात्र 15 मिनट का करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 6,808.69 करोड़ है। पूरा होने पर, यह भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग होने के साथ-साथ 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित एशिया की सबसे लंबी द्विदिशात्मक सुरंग भी बनेगी। यह परियोजना श्रीनगर और लेह के बीच सर्व-मौसम संपर्क स्थापित करने की भारत की योजना के लिए केंद्रीय महत्व रखती है। इस सुरंग से लद्दाख क्षेत्र में तैनात बलों के लिए सैन्य गतिशीलता और रसद सहायता में उल्लेखनीय सुधार होगा, साथ ही यह क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। रणनीतिक दृष्टि से, यह नियंत्रण रेखा और वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट स्थित सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों और आपूर्ति की आवाजाही को भी तेज करेगी।

हालांकि, परियोजना ने अतीत में कई बाधाओं का सामना किया है। मई 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी आधारशिला रखी थी, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएल एंड एफएस) को मिला ठेका जनवरी 2019 में कंपनी के वित्तीय संकट के कारण रद्द हुआ था। इसके बाद, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने परियोजना को विशेषज्ञ समूह द्वारा समीक्षा के लिए भेजा, और रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद, जून 2020 में नए सिरे से बोलियां आमंत्रित की गईं। महामारी, पास के सोनमर्ग सुरंग परियोजना पर हुए आतंकवादी हमले और खराब मौसम जैसी चुनौतियों के कारण भी परियोजना की प्रगति प्रभावित हुई है। हालांकि, अधिकारी ने फरवरी 2028 की समय सीमा से पहले पहुंच मार्ग और वेंटिलेशन सिस्टम सहित पूरी सड़क परियोजना के चालू होने पर कोई अतिरिक्त जानकारी देने से इंकार किया।

# बंगाल की बगावत से गदगद भाजपा, बदलेंगे संसद में समीकरण

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष इस कदर बढ़ गया है कि पार्टी अब टूटने की कगार पर पहुंच गई है। टीएमसी के इस उभरते आंतरिक संकट ने न केवल राज्य की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी भी इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि यदि टीएमसी में विभाजन होता है, तो इसका सबसे बड़ा राजनीतिक लाभ केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को संसद में मिल सकता है, जहां कई महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन विधेयकों को पारित कराने के लिए अतिरिक्त संख्या बल की आवश्यकता है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करना ही एकमात्र लक्ष्य नहीं है, बल्कि असली ध्यान संसद में अपनी स्थिति को मजबूत करने पर है। यदि टीएमसी का असंतुष्ट गुट अलग होकर नया समूह बनाता है, तो उसके सांसद राष्ट्रीय हितों से जुड़े मसलों पर एनडीए सरकार का समर्थन कर सकते हैं। टीएमसी के भीतर मतभेद उस समय खुलकर सामने आए जब कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किए गए नेता रितब्रत बनर्जी ने पार्टी के 80 में से 58 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए विपक्ष के नेता पद पर अपना दावा ठोक दिया। बाद में उन्होंने इस संख्या के 60 तक होने की बात कही, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए एक गंभीर राजनीतिक चुनौती है।

बीजेपी इस स्थिति की तुलना महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विभाजन से कर रही है, जिसने वहां राजनीतिक समीकरण बदल दिए थे। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) में हुए हालिया घटनाक्रम का भी हवाला दिया जा रहा है, जहां राज्यसभा के कई सांसद अलग होकर सरकार के करीब आए। संसद में संख्या बल बढ़ाने की यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अप्रैल में लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण और सदन की सदस्य संख्या 545 से बढ़ाकर 850 करने से संबंधित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक आवश्यक दो-तिहाई बहुमत न मिलने के कारण पारित नहीं हो सका था। इसके अलावा सरकार वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक को भी आगे बढ़ाने की तैयारी में है।

इसी रणनीति के तहत भाजपा दक्षिण भारत में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के साथ भी संपर्क बढ़ाने की कोशिशों में जुटी है। गृह मंत्रालय परिसीमन विधेयक का ऐसा नया मसौदा तैयार कर रहा है, जिससे दक्षिणी राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सके। पूर्व में कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके समेत पूरे विपक्षी गठबंधन ने एकजुट होकर इस विधेयक का विरोध किया था। वर्तमान में टीएमसी के 28 और डीएमके के 22 सांसद हैं। यदि विपक्षी दलों में मतभेद उभरते हैं और टीएमसी का असंतुष्ट गुट एनडीए के पक्ष में आता है, तो सरकार के लिए संवैधानिक संशोधनों के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य हासिल करना बेहद आसान हो जाएगा।



## मोदी-ट्रंप की मुलाकात से बनेगी व्यापार समझौते पर बात

**जी-7 देशों की बैठक में मिल सकते हैं दोनों**

**नई दिल्ली ।**

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रहे व्यापारिक मतभेदों के बीच समझौते की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र कर विश्वास जताया है कि दोनों देश जल्द ही एक व्यापक व्यापार समझौते पर सहमति बनने वाले है। उनके इस बयान को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और दोनों देशों के रिश्ते बेहद मजबूत हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ताएं सफल होंगी और निकट भविष्य में एक लाभकारी समझौते का रास्ता साफ होगा। हालांकि, ट्रंप ने कहा कि भारत ने लंबे समय तक अमेरिकी उत्पादों और कंपनियों पर ऊंचे आयात शुल्क लगाए, जिससे अमेरिकी कारोबारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ट्रंप ने विशेष रूप से अमेरिकी मोटरसाइकिल निर्माता हार्ले-डेविडसन का उदाहरण देकर कहा कि भारी आयात शुल्क के कारण कंपनी के लिए भारतीय बाजार में कारोबार करना चुनौतीपूर्ण हो गया था। उनके अनुसार, इसी वजह से कंपनी को भारत में उत्पादन इकाइयां स्थापित करनी पड़ीं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजार में अपेक्षाकृत कम बाधाओं का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा हैं कि जी-7 देशों की बैठक में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच मुलाकात हो सकती है। इस बीच, हाल ही में भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच चार दिनों तक चली व्यापार वार्ता संपन्न हुई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई और दोनों पक्षों ने व्यापार तथा आर्थिक सहयोग को नई गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्रालय का कहना है कि दोनों देश इसतरह के समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सके। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई अपनी हालिया टेलीफोन वार्ता का उल्लेख किया, जिसमें व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और लंबित मुद्दों के समाधान पर चर्चा हुई थी। इसके बाद दोनों देशों ने अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर काम तेज किया। हालांकि अमेरिकी न्यायालय के कुछ फैसलों और शुल्क नीति में हुए बदलावों के कारण वार्ताओं की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और विशेषज्ञों का मानना है कि रणनीतिक साझेदारी, निवेश और बढ़ते आर्थिक सहयोग को देखते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की संभावनाएं पहले से अधिक मजबूत हुई हैं। यदि टैरिफ और बाजार पहुंच जैसे प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनती है तो यह समझौता दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

## भारतीय कंपनियां अमेरिका में बड़े ब्रांड की मालिक बनने की ओर अग्रसर

**न्यूयॉर्क ।**




ओयो की मूल कंपनी प्रिज़्म के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय कंपनियां अब अमेरिका में बड़े ब्रांडों की मालिक बनने की ओर अग्रसर हैं जिससे भारतीय सॉफ्ट पावर बॉलीवुड और आईटी से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत एफएएएनजी यानी मेटा, अमेजन, एप्पल, नेटफ्लिक्स और गूगल जैसी प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय केंद्र है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से विस्तार किया है और अब अमेरिका में उसकी सबसे अधिक बिक्री होती है। हम यहां मोटेल सिक्स के अधिग्रहण के साथ अमेरिका में सबसे बड़े इकोनॉमी होटल ब्रांड मालिक भी हैं। साल 2024 में ओयो ने 52.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में जी6 हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण पूरा किया था, जो अमेरिका के होटल ब्रांड मोटेल 6 की मूल कंपनी है और उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी स्वामित्व एवं संचालित होटल श्रृंखला है। उन्होंने कहा` कि मुझे लगता है कि बहुत जल्द भारतीय कंपनियां अमेरिका में बड़ी ब्रांड मालिक बनेंगी। इसका मतलब है कि पहली बार अमेरिकी उपभोक्ता भारतीय ब्रांड का उपयोग करेंगे और हमारे देश की 'सॉफ्ट पावर' को बॉलीवुड और सॉफ्टवेयर सेवाओं से आगे समझेंगे। यह सब प्रौद्योगिकी के कारण संभव होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 116, निफ्टी 49 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजार से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसकी कारण दिन भर कर के कारोबार के बाद 30शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 116.67 अंक नीचे आकर 74243.34 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 49.85 अंकों की गिरावट के साथ ही 23366.7 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स करीब 355 अंक उछलकर 74,717.57 के स्तर पर पहुंच गया था पर इसके बाद अचानक ही इसमें गिरावट आने लगी। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में अच्छी खरीदारी रही। वे हैं अडानी पोर्ट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एमएंडएम। वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील, टीसीएस और एचसीएल टेक के शेयरों मे गिरावट रही जबकि निफ्टी के साथ ही मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। इस कारण निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.37 फीसदी नीचे आ गयाजबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.13 फीसदी गिरा।

आज कारोबार के दौरान अधिकतर इंडेक्स लाभ के साथ बंद हुए। आज सबसे ज्यादा खरीदारी निफ्टी मीडिया में रही और यह करीब 3.50 फीसदी तक ऊपर आया। इसके अलावा निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, पीएसयू बैंक, निजी बैंक, रियल्टी, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। दूसरी ओर निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 1.50 फीसदी और निफ्टी आईटी करीब एक फीसदी गिरा। बाजार जानकारों के अनुसार ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत को लेकर संशय के बची ही विदेशी निवेशकों के बाजार से दूरी बनाने के अलावा आरबीआई के आर्थिक विकास दर के कम होने और महंगाई बढ़ने की आशंका से भी बाजार गिरा है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को 77 अंकों की गिरावट के साथ ही 94.97 पर बंद हुआ। आज सुबह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति निर्णय से पहले रुपया शुरुआती कारोबार में 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.63 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 95.63 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की मजबूती दिखाता है। रुपया गुरुवार को दो पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 99.41 पर रहा।

## घाटे के बाद भी 39 लिस्टेड कंपनियों ने बांटा डिविडेंड

**शेयर बाजार के चल रहे घोटाले से विदेशी निवेशक गायब**



**मुंबई ।**

शेयर बाजार में एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। वित्त वर्ष 2025-26 में घाटे में चल रही 39 सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने निवेशकों को 450 फीसदी तक डिविडेंड वितरित किया। इनमें कई ऐसी कंपनियां शामिल हैं, जिनका सालाना प्रदर्शन कमजोर रहा, फिर भी उन्होंने भारी लाभांश देकर बाजार को हैरान कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि घाटे में रहने के बावजूद ऊंचा डिविडेंड देना कंपनी की वित्तीय स्थिति पर सवाल खड़े करता है। आलोचकों का आरोप है कि बाजार नियामक सेबी ऐसे मामलों पर प्रभावी निगरानी नहीं रख पा रहा है। लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़े मामलों ने निवेशकों का भरोसा कमजोर किया है। इसका असर विदेशी निवेश पर भी दिखाई दे रहा है, जहां विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पारदर्शिता और कड़ी निगरानी के बिना बाजार में निवेशकों का विश्वास बहाल करना मुश्किल होगा। ऐसे मामलों की गहन जांच और सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो रही है।

# अमेरिकी कोयला उद्योग को बड़ा सहारा, ट्रंप ने 6700 करोड़ रुपये निवेश का ऐलान किया

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के कोयला उद्योग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से 700 मिलियन डॉलर (करीब 6700 करोड़ रुपये) के निवेश पैकेज की घोषणा की है। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने कहा कि यह पहल ऊर्जा लागत कम करने, बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि नए निवेश के जरिए 14 कोयला आधारित बिजलीघरों और 42 कोयला खदानों को संरक्षण मिलेगा। इसके अलावा दो नए कोयला बिजलीघर और एक बड़े निर्यात टर्मिनल का निर्माण होगा। उनके अनुसार इस परियोजना से कोयला उत्पादक क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और करीब 14 हजार नौकरियों को समर्थन मिलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस योजना से अमेरिकी उपभोक्ताओं के बिजली खर्च में करीब 50 अरब डॉलर तक की बचत संभव होगी। उन्होंने घोषणा की कि कई कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को चालू रखने के लिए सरकार आपातकालीन अधिकारों का उपयोग करेगी। ट्रंप के मुताबिक वेस्ट वर्जीनिया, केंटकी, नॉर्थ कैरोलाइना, इंडियाना, टेनेसी, एरिजोना, अर्कांसस, ओक्लाहोमा, नॉर्थ डकोटा और विस्कॉन्सिन सहित कई राज्यों के 13 कोयला बिजलीघरों को फैसले से राहत मिलेगी।

ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इन बिजलीघरों के आधुनिकीकरण से उनकी संचालन क्षमता कई दशकों तक बनी रहेगी और देश के बिजली ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ेगी। ट्रंप ने एक बड़े निर्यात



कार्यक्रम की भी घोषणा करते हुए कहा कि वेस्ट गेटवे प्रोजेक्ट का निर्माण इस वर्ष गर्मियों में शुरू होगा। परियोजना के पूरा होने के बाद 2028 से प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ टन उच्च गुणवत्ता वाला अमेरिकी कोयला वैश्विक बाजारों में निर्यात किया जाएगा। अमेरिकी गृह मंत्री डग बर्गम ने कहा कि सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी मंजूरी प्रक्रियाओं को तेज किया है और कई नियामकीय बाधाओं को कम किया गया है। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में कोई नया कोयला पट्टा जारी नहीं हुआ था, जबकि वर्तमान प्रशासन ने 76 परमिट और लीज को मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भी कोयले को आधुनिक औद्योगिक विकास और बिजली उत्पादन का अहम आधार बताया। ट्रंप ने कहा कि विनिर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और घरेलू उद्योगों के विस्तार के लिए विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति आवश्यक है और कोयला इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 682 अरब डॉलर पर, 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त आरबीआई

## दो जनवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 686.801 अरब डॉलर था

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर है जो लगभग 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो जनवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 686.801 अरब डॉलर था।उन्होंने बताया कि इन उपायों में प्रमुख व्यापार साझेदारों के साथ हाल के समझौते, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति, एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम, ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा, सीमावर्ती देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील, बाह्य यानी विदेशों से वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) ढांचे का उदारीकरण और अन्य कदम शामिल हैं। उन्होंने कहा` कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मई 2026 तक 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर था, जो लगभग 11 महीने के आयात और विदेशी ऋण (89.1 प्रतिशत) जैसे भंडार पर्याप्तता के मानकों के हिसाब से पर्याप्त है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न नीतिगत पहल भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेंगी। गवर्नर ने कहा` कि हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। हमारे पास नियामकीय तथा बाजार-आधारित कई साधन हैं जिनसे आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। इस संदर्भ में हम सतर्क हैं और व्यवस्थित बाजार स्थिति बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रहा।इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद कई सप्ताह तक इसमें गिरावट आई। इसका कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और भारतीय रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।

## चांदी के गहनों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य



**नई दिल्ली ।**

देश में चांदी के गहनों और कलाकृतियों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य करने की तैयारी शुरू हो गई है। उपभोक्ताओं को शुद्धता की गारंटी देने और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इसके लिए नियामकीय और तकनीकी ढांचे का अध्ययन शुरू कर दिया है। बीआईएस के अनुसार, व्यवस्था को पूरी तरह तैयार करने और संभावित कमियों को दूर करने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। वर्तमान में सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य है, जबकि चांदी पर यह व्यवस्था लंबे समय से स्वैच्छिक रूप में लागू है। प्रस्तावित नियम लागू होने के बाद चांदी के गहनों की शुद्धता की प्रमाणिकता सुनिश्चित होगी और ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ेगा।

# सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात घटाने बनाए छह क्षेत्रीय समूह

**समूहों की अध्यक्षता डीपीआईआईटी के सचिव करेंगे**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता घटाने के लिए कम से कम 100 उत्पादों की पहचान करने हेतु छह क्षेत्र-विशेष कार्य समूहों का गठन किया है। एक अधिकारी ने कहा` कि इसका उद्देश्य इन उत्पादों के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना है। ये समूह संबंधित वस्तुओं की सूची पर चर्चा करेंगे और उनके द्वारा तैयार अंतिम सूची तीन सप्ताह के भीतर मंत्रिमंडल सचिवालय को सौंपी जाएगी। ये छह समूह औषधि, जैव-प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा उपकरण, रसायन व पेट्रो-रसायन, वस्त्र व जूते चप्पल, पूंजीगत वस्तुएं, मोटर वाहन व इलेक्ट्रिक वाहन, उन्नत पूंजीगत वस्तुएं, ऊर्जा, निर्माण उपकरण व अवसंरचना तथा रक्षा व वैमानिकी (केवल नागरिक उपयोग वाले उत्पादों के लिए) और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। इन समूहों में वाणिज्य, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), नीति आयोग, औषधि, आर्थिक मामलों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रसायन, वस्त्र, भारी उद्योग, बंदरगाह एवं नौवहन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, सड़क परिवहन, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और तेल मंत्रालयों/विभागों के सदस्य शामिल हैं। इन समूहों की अध्यक्षता डीपीआईआईटी के सचिव करेंगे। ये समूह ऐसे उत्पादों की पहचान करेंगे जो या तो भारत में निर्मित नहीं होते या देश की जरूरतों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उत्पादित नहीं हो रहे हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का आयात 7.5 प्रतिशत बढ़कर 775 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# 10 महीनों में लागू होंगे 9 मुक्त व्यापार समझौते

## भारत बनेगा दुनिया का भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग हब

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार अगले 10 महीनों में पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को लागू करने की तैयारी में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इन समझौतों से भारत की वैश्विक व्यापारिक पहुंच बढ़ेगी और देश दुनिया के सबसे भरोसेमंद विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरेगा। मुंबई में आयोजित सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि ओमान के साथ एफटीए 1 जून से लागू होने के बाद अगले छह महीनों में दो से तीन और महत्वपूर्ण व्यापार समझौते प्रभावी हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में जिन नौ एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं, उनमें 38 विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं।

ये देश भारत के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि उसकी आर्थिक वृद्धि के सहयोगी और पूरक हैं। गोयल ने कहा कि वैश्विक कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन कर रही हैं और इस प्रक्रिया में भारत सबसे विश्वसनीय विकल्प बनकर उभरा है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी चर्चा हुई, जिनमें से अधिकांश ने भारत को सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद निवेश गंतव्य बताया। उनके अनुसार दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं बल्कि वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में देख रही है। इसी दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने 3.5 अरब डॉलर की लागत से 100 औद्योगिक पार्क विकसित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

इन पार्कों में उद्योगों को भूमि, बिजली-पानी, श्रमिक आवास, पर्यावरणीय मंजूरियां और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।गोयल ने कहा कि सरकार अब केवल नियामक की भूमिका तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्योगों और निवेशकों के लिए सुविधाप्रदाता की भूमिका निभा रही है। इससे भारत में निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयर में भारी गिरावट

**सेबी ने लगाया कारोबार पर प्रतिबंध**



**15 लाख करोड़ से ज्यादा का घपला घोटाला**

**मुंबई ।**

स्वर्ण आभूषण एवं बुलियन कारोबार से जुड़ी राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में सेबी की कड़ी कार्रवाई के बाद भारी गिरावट देखने को मिली है। 2023 में इस कंपनी का शेयर 1,028 रुपये पर पहुंच चुका था। कंपनी का शेयर लगातार दबाव में रहा और अब इस कंपनी का शेयर 103 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। निवेशकों को 12000 करोड रुपए से ज्यादा का घाटा हुआ है। इसमें केनरा बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम को भी भारी नुकसान हुआ है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने इसकी शेयर खरीद रखे हैं वही लगभग 600 करोड रुपए का कर्ज केनरा बैंक का है।

हालिया घटनाक्रम के बाद शेयर में बिकवाली और तेज हो गई। स्टॉक लोअर सर्किट पर पहुंच गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कंपनी और उसके प्रबंधन पर वित्तीय खुलासों में कथित अनियमितताओं के आरोपों की जांच शुरू करते हुए कई प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। नियामक की कार्रवाई से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। जिसका असर सीधे कंपनी के बाजार पूंजीकरण और शेयर मूल्य पर दिखाई दे रहा है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है, किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के लिए पारदर्शिता और नियामकीय अनुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करने वाली कंपनी का यह घपला घोटाला सभी को चौंका रहा है। सेबी की जांच पूरी होने और तथ्यों के स्पष्ट होने तक निवेशकों में असमंजस की स्थिति बन गई है। फिलहाल बाजार की नजर सेबी की आगे की कार्रवाई और कंपनी के स्पष्टीकरण के इंतजार पर टिकी हुई है। शेयर बाजार के घपले-घोटाले अब एक-एक करके सामने आ रहे हैं। राजेश एक्सपोर्ट के सामने सेबी जैसी संस्था भी बौनी साबित हो रही है। बार-बार जानकारी मांगने के बाद भी यदि उसके द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है।

## आरबीआई ने खुदरा महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत किया

**इसके पहले 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था**

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ईंधन की बढ़ती कीमतों से कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी होने से शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। पहले इसके 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 प्रतिशत और डीजल में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आरबीआई ने मौद्रिक नीति बयान में कहा कि इस बढ़ोतरी का कुल महंगाई पर करीब 0.36 प्रतिशत का सीधा असर पड़ेगा। इसके साथ दूसरे दौर के प्रभाव आने वाले महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में दिखाई देंगे। इसमें कहा गया कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी का असर वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक कच्चे माल, रसायन, रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों जैसे अन्य कच्चे माल पर भी दिख रहा है। कच्चे माल की लागत बढ़ने के दूसरे चरण के प्रभाव आगे चलकर महंगाई पर दबाव डाल सकते हैं।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने जून मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जिंस कीमतों में झटके, मानसून को लेकर अनिश्चितता और अल नीनो जैसी परिस्थितियों के कारण महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। फरवरी में 3.2 प्रतिशत से थोड़ा बढ़ने के बावजूद मार्च और अप्रैल 2026 में कुल खुदरा महंगाई लक्ष्य से नीचे (क्रमशः 3.4 प्रतिशत और 3.5 प्रतिशत) रही। खाद्य महंगाई में कुछ बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च और अप्रैल में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहने से ईंधन की महंगाई दर नियंत्रित रही। मुख्य महंगाई मार्च-अप्रैल के दौरान 3.7 प्रतिशत पर स्थिर रही। कीमती धातुओं को छोड़कर मुख्य महंगाई इसी अवधि में और कम होकर 2.1-2.2 प्रतिशत रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें (भारत पर भार) अप्रैल-मई, 2026 के दौरान औसतन लगभग 110 डॉलर प्रति बैरल रही हैं।

ऐसे संकेत हैं कि 2026-27 में औसत कीमतें पिछली नीति में अनुमानित स्तर से काफी अधिक रहेंगी।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और कई कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के कारण अप्रैल, 2026 में थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) में तेज उछाल देखा गया।

# माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने तिलक ब्रिज-शकूरबस्ती सेक्शन का किया निरीक्षण; शकूरबस्ती डिपो में हाइड्रोजन ट्रेन और अत्याधुनिक मेंटेनेंस सुविधाओं का लिया जायजा

- रेल मंत्री ने शकूरबस्ती डिपो में हाइड्रोजन ट्रेन का निरीक्षण किया
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधरोपण; शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर तेजी से अग्रसर है भारतीय रेल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

**शकूरबस्ती डिपो में अत्याधुनिक तकनीकों और मेंटेनेंस सुविधाओं का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री शकूरबस्ती स्टेशन पहुंचे, जहाँ उन्होंने अत्याधुनिक 'रिट्रैक्टेबल ओएचई' (Retractable OHE) प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। यह तकनीक शेड के भीतर इंजनों और ट्रेनों के सुरक्षित व त्वरित रखरखाव में बेहद कारगर है। इसके साथ ही उन्होंने बोगी-पिट (Bogie Pit) और बोगी लिफ्टिंग फैसिलिटीज (Bogie Lifting Facilities) का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर कार्य कुशलता बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरे का मुख्य आकर्षण हाइड्रोजन ट्रेन (Hydrogen Train) का निरीक्षण रहा। रेल मंत्री ने भविष्य की इस पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन टेक्नोलॉजी की प्रगति की समीक्षा की, जो भारतीय रेल को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

**विश्व पर्यावरण दिवस और 'ग्रीन रेलवे' का संकल्प**

आज 'विश्व पर्यावरण दिवस' के विशेष अवसर पर माननीय रेलमंत्री ने डिपो परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारतीय रेल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

उत्तर रेलवे और संपूर्ण भारतीय रेल वर्तमान में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण (100% Electrification) की ओर तेजी से अग्रसर है, जो देश को 'नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जक' (Net-Zero Carbon Emitter) बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



इस निरीक्षण के दौरान उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक (GM), दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक (DRM) और रेलवे बोर्ड व उत्तर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है



अर्थ प्रकाश/ अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली/ संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने 11 दिन की अपहृत नवजात बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। आरोपियों के पास से 2.90 लाख रुपये के नकली नोट भी बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि पूजा नाम की महिला नवजात को उसके घर से लेकर गई थी। गिरोह बच्चों को चोरी कर आंध्र प्रदेश समेत अन्य राज्यों में बेचता था। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील, संजय, राजेंद्र, पवन, मनोज, रबिया, विनीत, कृष्णा, फरमीना, ज्योति, पूजा और कुमकुम शामिल हैं। घटना का खुलासा तब हुआ जब 26 मई को बच्ची की मां हिना ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महिला उसे बहला-फुसलाकर उनकी नवजात बेटी को घर से लेकर चली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बच्ची की तलाश के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद ली। कई दिनों तक चली गहन जांच और लगातार छापेमारी के बाद 2 जून को पुलिस ने गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि गिरोह नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त करता था। आरोपी बच्चों को दूसरे राज्यों, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में बेचने की तैयारी में थे। गिरोह गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पैसों का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने शकूरबस्ती डिपो के कर्मचारियों और तकनीकी स्टाफ से किया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीधा संवाद



अर्थ प्रकाश/माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज उत्तर रेलवे के तिलक ब्रिज से शकूरबस्ती रेल सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री अश्विनी वैष्णव ने शकूरबस्ती डिपो में कार्यरत कर्मचारियों, मेंटेनेंस स्टाफ और अन्य रेलकर्मियों से सीधे तौर पर संवाद स्थापित किया। एक बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रेल मंत्री ने कर्मचारियों के अनुभवों को सुना, उनकी पीठ थपथपाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके दैनिक कार्य में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों व समस्याओं को गहराई से जाना। कर्मचारियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए माननीय मंत्री ने बिना किसी प्रशासनिक विलंब के, मौके पर ही मौजूद वरिष्ठ रेल अधिकारियों को उनकी समस्याओं पर गंभीरता से गौर करने तथा उनके त्वरित और समयबद्ध निवारण (On-the-spot resolution) के लिए कड़े प्रशासनिक आदेश जारी किए।

### युवा खिलाड़ियों पर भरोसा, डब्ल्यूटीसी जीतने को तैयार टीम इंडिया: कोच गंभीर

**-साई सुदर्शन को मिलेगा लंबा मौका, हर टेस्ट को बताया अहम**

अर्थ प्रकाश/ न्यू चंडीगढ़ 5 जून अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ संकेत दिए हैं कि टीम मैनेजमेंट युवा खिलाड़ियों को लंबा मौका देने के पक्ष में है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में खिताब जीतने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। 'साई को 4-5 टेस्ट में जज करना गलत' नंबर-3 पर साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल की रेस पर गंभीर ने साफ किया कि साई को अभी तक फेयर चांस नहीं मिला। उन्होंने कहा, 'साई ने सिर्फ चंद टेस्ट खेले हैं और करियर की शुरुआत इंग्लैंड में की, जो सबसे मुश्किल जगह है। आईपीएल में 700 रन बनाने वाले साई को हम पूरा मौका देंगे। अगर 4-5 टेस्ट से ही खिलाड़ी को जज करेंगे तो टीम नहीं बना पाएंगे।' गंभीर ने माना कि देव का मौका आएगा तो उसे भी उतना ही लंबा रन मिलेगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल को लेकर आश्वस्त डब्ल्यूटीसी साइकिल पर गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का हर खिलाड़ी खिताब जीतने को लेकर आश्वस्त है। 'जब तक क्वालीफाई करने का मौका है, हम ऑप्टिमिस्टिक हैं। एक-आध सीरीज खराब हो सकती है, लेकिन हमारे पास क्वालिटी और भूख दोनों है।' श्रीलंका के लिए चौथे स्पिनर की तलाश गंभीर ने बताया कि अफगानिस्तान टेस्ट चौथे स्पिनर को आजमाने का सही मौका है। मैनव सुथार और हर्ष दुबे में से किसी को मौका मिल सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जडेजा, कुलदीप और वॉशिंगटन सुंदर टॉप-3 स्पिनर हैं। जडेजा टीम का अहम हिस्सा बने रहेंगे। 'पंत अपनी नेचुरल गेम खेलें' रिषभ पंत की अटैकिंग अप्रोच पर गंभीर ने कहा कि उनसे गेम कर्ब करने को नहीं कहा जाएगा। 'कप्तानी, वाइस-कैप्टेनी सब बायप्रोडक्ट है। असली जिम्मेदारी इंडिया के लिए खेलना है। पंत से उम्मीद है कि वो वैसे ही खेलें जैसे खेलते हैं, लेकिन सिचुएशन रीड करना भी जरूरी है।' हर टेस्ट अहम, ट्रांजिशन लंबा नहीं टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर गंभीर ने कहा कि हर टेस्ट मैच जरूरी है, चाहे डब्ल्यूटीसी का हिस्सा हो या न हो। ट्रांजिशन पर उन्होंने कहा कि असली ट्रांजिशन इंग्लैंड के बाद हुआ है। 'सिर्फ 9 टेस्ट हुए हैं। इंग्लैंड में युवा टीम शानदार खेली, वेस्टइंडीज को हराया। ज्यादातर लड़कों ने 30 से कम टेस्ट खेले हैं, अनुभव की कमी है लेकिन टैलेंट काफी है।' पिंक बॉल को बताया पॉजिटिव आईसीसी के पिंक बॉल सुझाव का समर्थन करते हुए गंभीर बोले कि अगर रिजल्ट निकलने का मौका मिले तो उसे लेना चाहिए। 'सोचिए डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले आखिरी टेस्ट में खराब रोशनी से मैच ड्रॉ हो जाए, तो दो साल की मेहनत बेकार जाएगी। ये प्रैक्टिकल और पॉजिटिव मूव है।' गंभीर ने यह भी माना कि टेस्ट टीम चुनना हमेशा मुश्किल होता है क्योंकि भारत में टैलेंट बहुत है। उन्होंने कहा कि टेस्ट में सिर्फ स्किल नहीं, दबाव झेलना, त्याग करना और टीम की पहचान बनाना भी जरूरी है।

### कलानौर से गांव जिदरान तक 3 किलोमीटर लंबी नई बिजली लाइन का हुआ शुभारंभ

***ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई, बिजली विभाग एवं डॉ अशोक कुमार रंगा का किया आभार व्यक्त**

अर्थ प्रकाश/ रोहतक, सुकरमपाल 5 जून - कलानौर क्षेत्र के गांव जिदरान के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी बिजली समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कलानौर से गांव जिदरान तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी नई बिजली लाइन का शुभारंभ किया गया। नई लाइन शुरू होने से गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू, स्थिर और गुणवत्तापूर्ण होगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच धर्मवीर चौहान ने कहा कि गांव के लोग लंबे समय से बिजली संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। पहले गांव को बिजली आपूर्ति निगाना की तरफ से आने वाली लाइन के माध्यम से होती थी, जिसके कारण अक्सर लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति में व्यवधान की समस्या बनी रहती थी। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से गांव को कलानौर की तरफ से सीधी बिजली लाइन से जोड़ने की मांग की जा रही थी। अब नई लाइन शुरू होने से ग्रामीणों की यह मांग पूरी हो गई है और गांव को बेहतर बिजली सुविधा प्राप्त होगी। सरपंच धर्मवीर चौहान ने कहा कि नई बिजली लाइन की मांग को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने इस कार्य के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों तथा डॉ अशोक कुमार रंगा, जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) भाजपा रोहतक एवं सदस्य जिला ग्रीवेंस कमेटी रोहतक का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करवाने में सहयोग दिया। नई बिजली लाइन के शुभारंभ के अवसर पर ग्रामीणों ने लड्डू बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर बोलते हुए डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करवाना सरकार की प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी जनहित के कार्यों को इसी प्रकार आगे बढ़ाया जाता रहेगा।

# माननीय रेल मंत्री ने किया गुड़गांव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कामगार दशरथ कुमार को दिलाया अमृत भारत एक्सप्रेस का टिकट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**दिल्ली।** आज माननीय रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय पुनर्विकास (Redevelopment) कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 300 करोड़ की लागत से किया जा रहा हैं।

निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने हमेशा की तरह जमीन से जुड़े नेतृत्व का परिचय देते हुए स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से रेलवे की सेवाओं, उनके अनुभवों और यात्रा के दौरान आने वाली परेशानियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।



**कामगार की इच्छा पर रेल मंत्री का त्वरित एक्शन**

इस दौरे का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल तब आया जब रेल मंत्री ने स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में दिन-रात जुटे निर्माण कामगारों (Workers) से बातचीत की। संवाद के दौरान वहां काम कर रहे कामगार श्री दशरथ कुमार और उनके साथियों ने रेल मंत्री से देश की आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस में सफर करने की अपनी तीव्र इच्छा व्यक्त की।

कामगारों की इस सरल और निश्छल इच्छा को सुनकर माननीय रेल मंत्री ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई। उन्होंने बिना एक पल गंवाए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए और श्री दशरथ कुमार की इच्छा पूरी करते हुए उन्हें नई दिल्ली-पटना अमृत भारत एक्सप्रेस का कन्फर्म टिकट तुरंत उपलब्ध कराया।

टिकट हाथ में आते ही दशरथ कुमार और उनके साथियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने माननीय रेल मंत्री के इस सहृदय व्यवहार के लिए उनका सहर्ष आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने युवा खिलाड़ियों के लिए स्टेज-1 टैलेंट हंट सफलतापूर्वक संपन्न किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता /अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली / नई दिल्ली। दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी (ष्ठस्) ने भविष्य के खेल सितारों की पहचान और उन्हें तराशने के उद्देश्य से स्टेज-1 टैलेंट स्काउटिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह आयोजन Thyagraj Stadium में आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 6 में प्रवेश के इच्छुक युवा खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस टैलेंट हंट के तहत लेवल-1 और लेवल-2 ट्रायल्स आयोजित किए गए, जहां बच्चों की खेल प्रतिभा का व्यापक और वैज्ञानिक तरीके से मूल्यांकन किया गया। ष्ठस् द्वारा उन्नत तकनीक और आधुनिक उपकरणों की मदद से मोटर स्किल्स की सटीक जांच की गई, साथ ही खेल-विशेष परीक्षण भी कराए गए। पूरे चयन प्रक्रिया की निगरानी विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अनुभवी कोचों और तकनीकी विशेषज्ञों ने की, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में शामिल खिलाड़ियों के अभिभावकों ने भी आयोजन की सराहना की। उन्होंने बेहतर प्रबंधन, सुव्यवस्थित व्यवस्था और बच्चों के लिए बनाए गए सकारात्मक माहौल की प्रशंसा की। यह टैलेंट हंट Delhi Sports School में प्रवेश का प्रमुख माध्यम है। यह संस्थान छात्र-खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ-साथ पेशेवर खेल प्रशिक्षण, स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट और आधुनिक आवासीय सुविधाएं प्रदान करता है। प्रारंभिक चरण की सफलता के बाद, चयनित खिलाड़ियों के लिए लेवल-3 परीक्षण जून के दूसरे सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी इस तरह के ग्रासरूट स्तर के प्रयासों के माध्यम से वैज्ञानिक प्रशिक्षण और समग्र विकास को बढ़ावा देते हुए देश के भविष्य के खेल चैंपियंस तैयार करने के अपने लक्ष्य की ओर लगातार अग्रसर है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा और होमी भाभा टाटा स्मारक केंद्र के मध्य करार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हरियाणा क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा निरंतर प्रयासरत है। अति विशिष्ट उपचार करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा ने करार किया है। इसी कड़ी में सरकार के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के साथ भी करार किए जा रहे हैं, जिससे श्रमिकों को उच्चतम कोटि का इलाज प्राप्त हो सके।

इस कड़ी में समस्त प्रकार के कैंसर इलाज के लिए टाटा स्मारक केंद्र की इकाई होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के साथ करार किया गया है। पंजाब स्थित इस केंद्र के दो अस्पतालों होमी भाभा कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान केंद्र न्यू चंडीगढ़ तथा होमी भाभा कैंसर अस्पताल संगरूर के माध्यम से बीमाकृत व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज मिल पाएगा। न्यू चंडीगढ़ स्थित अस्पताल में 300 बिस्तर की क्षमता है वहीं संगरूर स्थित अस्पताल में 125 बिस्तर की क्षमता है। बीमाकृत व्यक्तियों को यहाँ परामर्श, जाँच, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी तथा सर्जरी की सुविधा देने के लिए अनुबंध किया गया है।

इस अवसर पर बोलते हुए होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के निदेशक डॉ आशीष गुलिया ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा के साथ पेनल में आने से समाज के सभी वर्गों को गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल देने के हमारे लक्ष्य में एक और महत्त्वपूर्ण नाम जुड़ गया है। यह संस्थान मरीजों के लिए उच्चतम कोटि का इलाज देने तथा आर्थिक कारणों से उपचार के लिए किसी को वंचित न रहने देने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा के राज्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक राय ने इस करार को करने में अहम भूमिका निभाई है, उनका कहना है कि यह करार हरियाणा के बीमाकृत व्यक्तियों और विशेषकर हरियाणा के उत्तरी भाग में निवास कर रहे बीमाकृत व्यक्तियों के लिए एक वरदान की तरह साबित होगा। अभी तक इस प्रकार की व्यवस्था से वे वंचित थे लेकिन अब टाटा स्मारक केंद्र जैसे विश्व विख्यात संस्थानों से भी बीमाकृत व्यक्ति इलाज प्राप्त कर सकेंगे, यह बहुत खुशी की बात है। श्री हरि ओम प्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय हरियाणा ने इस अवसर पर होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पंजाब के निदेशक डॉ आशीष गुलिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम बीमाकृत व्यक्तियों के हर संभव उपचार के लिए प्रयासरत है। टाटा स्मारक अस्पताल मुंबई 1941 में स्थापित हुआ। आज देश भर से कैंसर मरीज इलाज के लिए वहाँ जाते हैं, जिसमें उच्चतम कोटि का कैंसर इलाज मिलता है और इलाज की लागत भी बहुत कम आती है। उत्तर भारत के मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जाने में आ रही कठिनाइयों को समझते हुए पंजाब में वर्ष 2022 से टाटा स्मारक केंद्र ने इन दो अस्पतालों को स्थापित किया गया है। तब से यहाँ हज़ारों मरीज़ अपना इलाज करवा चुके हैं।

## सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और जागरूकता रैली आयोजित



अर्थ प्रकाश/डेराबस्सी, 5 जून। सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में प्रिंसिपल श्रीमती विनीता राव के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनसीसी, एनएसएस और इको क्लब के संयुक्त प्रयास से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एनसीसी, एनएसएस और इको क्लब के स्वयंसेवकों तथा विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली भी निकाली। रैली के दौरान छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारे लगाकर लोगों को वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। रैली ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती विनीता राव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण की रक्षा करना मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर राजबीर कौर, सविता गुप्ता, डॉ. नवदीप काहोल, बोमिंदर कौर, श्वेता खरबंदा, मोहनीश आर्या, अवतार सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों और आम लोगों तक पहुंचाया गया।

## मुबारिकपुर-पंडवाला रोड पर ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अर्थ प्रकाश/डेराबस्सी/ मुबारिकपुर-पंडवाला रोड पर स्थित एक बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रांसफार्मर से अचानक चिंगारियां निकलने लगीं, जिसके बाद उसमें से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए अपने स्तर पर आग बुझाने के काफी प्रयास किए, लेकिन तेल और बिजली से संबंधित आग होने के कारण उस पर काबू नहीं पाया जा सका। आग को बढ़ता देख तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर इसका कारण शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग माना जा रहा है। इस घटना के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए प्रभावित रही।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा शाहदरा जिला के विज्ञान लोक कार्यालय में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता/अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

**दिल्ली, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला द्वारा विज्ञान लोक स्थित जिला कार्यालय में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, जिला सह-प्रभारी किशन शर्मा, जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, विधायक डॉ. अनिल गोयल, जिला महामंत्री गीता शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जिला, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर आम, जामुन, अमरूद, नीम तथा अन्य फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विश्व आज जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का समाधान केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सबसे सरल, प्रभावी और स्थायी उपाय है।

प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति और पर्यावरण को सदैव पूजनीय माना गया है। आज आवश्यकता है कि हम आधुनिक विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इन अभियानों को जन-जन तक पहुंचाए।

जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। यदि आज हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य दे पाएंगे।

विधायक डॉ अनिल गोयल ने कहा कि वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। पर्यावरण संरक्षण भी राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान चलाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

जिला सह-प्रभारी किशन शर्मा ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देना चाहिए तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण कर हरित और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।



कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित दिल्ली के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का भी प्रण लिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## अश्विन को उम्मीद, अफगानिस्तान के खिलाफ हर्ष को मिलेगा डेब्यू का अवसर

**चेन्नई ।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से मुल्लांपुर में शुरू हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में बाएं हाथ के युवा स्पिनर हर्ष दुबे को अंतिम ग्यारह में जगह मिलेगी। अश्विन के अनुसार पिछले कुछ समय में हर्ष ने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। इसके अलावा अश्विन को उम्मीद है कि शुभमन गिल की कप्तानी में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। अश्विन के अनुसार जिस प्रकार से शुभमन ने अब तक बल्लेबाजी की है उससे मुझे उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अश्विन ने कहा, हालांकि मेरी नजरें हर्ष पर टिकी हुई हैं और मैं यह जानने के लिए बेहद उत्सुक हूँ कि उन्हें इस बड़े प्रारूप में अवसर मिलता है या नहीं। गौरतलब है कि टीम प्रबंधन को मानव सुथार और हर्ष दुबे के बीच किसी एक को चुनना होगा पर हर्ष ने जिस प्रकार से पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उससे मेरा मानना है कि उसे ही अवसर मिलना चाहिये। अश्विन ने इस स्पिनर के आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन को भी एक कारण बताया है। अश्विन के अनुसार वह हर्ष को भारतीय टेस्ट कैप पहने देखना चाहते हैं। साथ ही कहा ये स्पिनर टीम में जगह का अधिकारी है।

# लॉर्ड्स टेस्ट- ओली रॉबिन्सन ने इंग्लैंड को पहली पारी में दिलाई बढ़त, न्यूजीलैंड पिछड़ी

**लॉर्ड्स।**

लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की पहली पारी 113 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 27 रन की अहम बढ़त मिली है। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 113 रन पर समेटने में इंग्लैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन का अहम योगदान रहा। रॉबिन्सन ने 10.5 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके अलावा, जोश टंग ने 10 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। गस एटकिंसन को 5 ओवर में 9 रन खर्च कर 2 विकेट मिले। न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी पर गौर करें तो कीवी टीम पहली पारी में इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना मात्र 29.5 ओवर कर सकी और 113 रन पर सिमट गई। कीवी टीम के लिए नौवें नंबर पर आए काइल जैमिसन ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। इसके अलावा ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन बनाए। नाथन स्मिथ ने 15 रन बनाए। न्यूजीलैंड के शीर्ष 6 बल्लेबाज सिर्फ 20 रन का योगदान दे सके। इसके पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम टेस्ट के पहले दिन की 140 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने सर्वाधिक 56 रन बनाए थे। बेन डकेट 19 रन बनाकर दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। इंग्लैंड के भी 6 बल्लेबाज 2 अंकों में नहीं पहुंच सके थे। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमिसन ने शानदार गेंदबाजी की थी और 14 ओवर में 62 रन देकर 5 विकेट झटके थे।

नाथन स्मिथ ने 3 और विल ओरूर्के ने 2 विकेट लिए थे। टेस्ट मैच के पहले दिन (गुरुवार) और दूसरे दिन (शुक्रवार) के पहले सत्र में विकेटों का पतझड़ देखने को मिला है। दूसरे दिन के बचे दो सत्र में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के प्रदर्शन पर नजर रहेगी।



## एशिया कप अंडर-18 हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम के जीतने की अधिक संभावना पाक अधिकारी

**लाहौर।**

पाकिस्तान टीम के एक अधिकारी का मानना है कि एशिया अंडर-19 हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। दोनो देशों के बीच होने वाले सेमीफाइनल से पहले पाक अधिकारी ने ये बात कही है। इस अधिकारी का कहना है कि भारतीय टीम की तैयारियों उससे बेहतर हैं। इसके अलावा भारतीय टीम के पास उसने कही बेहतर सुविधाएं हैं। इस टूर्नामेंट पाक टीम ने अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में चीन को 5-2 से जबकि भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को 13-0 से हराया। इससे अंदाज होता है कि भारतीय टीम कितनी अधिक हावी है। इसके अलावा भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम को भी 4-1 से हराया था। टूर्नामेंट में मेजबान जापान ने भी दमदार प्रदर्शन किया है। जापान ने भारत, चीनी

इस पाक अधिकारी का मानना है कि टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की तैयारी काफी अधिक अच्छी थी, क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलियनई जूनियर टीम से हाल में पांच मैच खेले थे और इसके बाद यूरोप का भी दौरा किया था। वहीं हमारी टीम के खिलाड़ी पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतरे हैं। इसके अलावा दोनो की ट्रेनिंग के स्तर में भी अंतर हैं।




## सूर्यकुमार की जगह श्रेयर अय्यर बनेंगे भारतीय टी20 टीम के कप्तान

### तिलक को मिलेगी उपकप्तानी

**मुम्बई।**



बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार गत दिवस भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एपेक्स कमेटी की बैठक में श्रेयस को कप्तान बनाने पर अंतिम फैसला हो गया। श्रेयस को शनिवार को सूर्यकुमार यादव की जगह पर कप्तान बनाये जाने की घोषणा होगी। अय्यर शनिवार को बीसीसीआई की चयन बैठक में शामिल होंगे। इसमें आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम के साथ-साथ एशियाई खेलों के लिए भी टीम चयन होगा। ध्यान रहे कि श्रेयस ने अंतिम बार दिसंबर 2023 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की ओर से 498 रन बनाये थे। भारतीय टीम का लक्ष्य अब आयरलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उसे आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलने हैं। इसके बाद टीम इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। आयरलैंड के खिलाफ पहला टी20 मैच 26 जून को और दूसरा 28 जून को खेला जाएगा.एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई चयन समिति के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाने तैयार है।

# पोलैंड की माजा च्वालिंस्का फ्रेंच ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंची

### खिताबी मुकाबले में एंड्रीवा का सामना करेंगी

**पेरिस ।**

पोलैंड की माजा च्वालिंस्का ने फ्रेंच ओपन टेनिस 2026 के फाइनल में पहुंच गयी हैं। च्वालिंस्का ने इसी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही वह किसी ग्रैंड स्लैम के खिताब मुकाबले में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बन गयी हैं। च्वालिंस्का ने महिला एकल सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर को दो घंटे से अधिक समय तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में सीधे सेटों में 7-6(4), 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। च्वालिंस्का ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल नौ मैच जीते हैं। इनमें तीन मैच क्वालिफाइंग और छह मैच मुख्य ड्रॉ के हैं।

इस प्रकार वह ओपन युग में किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली केवल दूसरी क्वालिफायर बनी हैं। इससे पहले, यह रिकार्ड ब्रिटेन की महिला टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू ने साल 2021 अमेरिकी ओपन में किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में च्वालिंस्का ने अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

जीत के बाद च्वालिंस्का बेहद उत्साहित दिखीं। अब फाइनल में



च्वालिंस्का का मुकाबला 8वीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा से होगी।

### संक्षिप्त समाचार

## ऋषभ का ध्यान अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना

### उपकप्तानी से हटाये जाने से नाराज नहीं - टेन डोशेट

**मोहाली ।**



पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का ध्यान अब शनिवार से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरु हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना है। ऋषभ इस मैच में लय हासिल कर आने आने वाली सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे। इससे पहले आईपीएल में वह कप्तानी और बल्लेबाजी दोनो में असफल रहे थे जिसके बाद उनको लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद उन्हें टेस्ट टीम की उपकप्तानी से भी बाहर कर दिया गया है हालांकि वह इससे निराश नहीं हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट टीम में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ही उतरेंगे। वहीं इस मैच से पहले भारत के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि 28 साल के इस बल्लेबाज से चयनकर्ताओं से कोई समस्या नहीं है पर टीम प्रबंधन चाहता है कि वह अपनी बल्लेबाजी में पुरानी लय हासिल करें। डोशेट ने कहा, ÷लीडर बनने के लिए औपचारिक पद की जरूरत नहीं होती। हमें उनसे उम्मीद है कि वह अपनी बल्लेबाजी को हालातों के अनुसार ढालेंगे। उन्होंने उपकप्तानी से हटाए जाने पर कोई शिकायत भी नहीं की है।÷इस क्रिकेटर ने टेस्ट उपकप्तानी के साथ-साथ लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी भी छोड़ दी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में चोटिल शुभमन गिल के नहीं होने पर कप्तानी की थी। इस टेस्ट में भारतीय टीम को 408 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं हाल ही में खत्म हुए आईपीएल में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी भी छोड़ दी थी क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10 वें स्थान पर रही थी। टेस्ट क्रिकेट में हालांकि उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के अंत में इस बल्लेबाज ने कुछ जबरदस्त पारियां खेलीं. इसमें सिडनी में अर्धशतक भी शामिल है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में उन्होंने लीड्स टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाये थे।

## वैभव का आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चयन तय

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनेंगे

**मुम्बई ।**

15 साल के भारते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुना जाना तय नजर आ रहा है। वैभव ने पिछले कुछ समय में जैसी बल्लेबाजी की है। उससे उनको टीम से बाहर रखना संभव नजर नहीं आता। इंडियन प्रीमियर लीग वैभव ने सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतकर अपने को साबित कर दिया है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई) चयनकर्ता शनिवार शनिवार को मुंबई में होने वाली बैठक में टीम चयन के दौरान ही उनके नाम पर भी मोहर लगा सकते हैं। माना जा रहा है कि उन्हें इन दोनों टीमों के लिए शामिल किया जाएगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, ÷वैभव को पहली बार टीम इंडिया में मौका मिलने जा रहा है। चयनकर्ता 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए टीम तैयार कर रहे हैं।÷वैभव ने आईपीएल से पहले अंडर 19 विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# वैभव बन सकते हैं सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय

**मुम्बई।**

15 साल के वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम से डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी जाने वाली टी20 टीम में उन्हें शामिल कर सकती है। वैभव की उम्र 15 साल और 70 दिन है। वहीं भारतीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी तेंदुलकर हैं। उन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ 1989 में डेब्यू किया था। इस रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई अब सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बना रहा है। वैभव ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 776 रन बनाए जिसमें स्ट्राइक रेट 237.30 का रहा था। जिसके बाद से ही उन्हें टी20 प्रारुप के लिए टीम में शामिल किये जाने की मांग तेज होने लगी थी। भारत 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगा, फिर 1 से 11 जुलाई तक इंग्लैंड में पांच टी20 मैच होंगे। वैभव को आयरलैंड सीरीज के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। वहीं सबसे कम उम्र में अपने देश की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पाकिस्तान के हसन रजा नंबर एक पर हैं।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में केवल 14 साल और 227 दिन में जिम्बाब्वे के खिलाफ 1996 में डेब्यू किया था।



## इंग्लैंड न्यूजीलैंड पहले टेस्ट में गेंदबाज रहे हावी, दिन भर में गिरे 16 विकेट

### मेजबान टीम के 140 रनों के जवाब में कीवी टीम ने 61 रनों पर गंवाये 6 विकेट

**लॉर्ड्स ।**

यहां इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच लॉर्ड्स में शुरु हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन गेंदबाज हावी रहे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिन भर में कुल 16 विके गिरे। मैच में मेहमान न्यूजीलैंड टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम का पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंग्लैंड के बल्लेबाज कीवी टीम के तेज गेंदबाजों विशेषरुप से काइल जैमिसन के सामने टिक नहीं पाये और पूरी टीम अपनी पहली पारी मे 140 रन पर ही पेवेलियन लौट गयी। जैमिसन ने पांच विकेट लेकर इंग्लैंड की बल्लेबाजी ढ़हा दी। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी कीवी टीम का हाल तो इससे भी खराब रहा।

ओली रॉबिन्सन के सामने कीवी बल्लेबाज टिक नहीं पाये और दिन का खेल समाप्त होने के समय तक टीम ने पहली पारी में 61 रनों पर ही छह विकेट खो दिये। रॉबिन्सन ने शुरुआती ओवर में तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जिससे टीम स्टंप्स तक भी उबर नहीं सकी. न्यूजीलैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 61 रन पर 6 विकेट गंवा दिए हैं। इस प्रकार मेजबान इंग्लैंड टीम अभी भी पहली पारी के आधार पर 79 रन आगे है। अब देखना है कि कीवी बल्लेबाज दूसरे दिन रन बना पाते हैं या नहीं

कीवी कप्तान टॉम लैथम का पहले गेंदबाजी करने का फैसला बिल्कुल सही था। कीवी टीम के चारों तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को कोई अवसर नहीं दिया। . जैमिसन ने पिच से मिल रही अतिरिक्त उछाल और सीम का पूरा फायदा उठाया। . इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति पूरी तरह से विफल रही। टीम पहले 10 ओवरों में केवल 24 रन ही बना पायी। बेन डकेट ने 19, जैकब बेथेल ने 6 और जो रूट ने केवल 1 रन बनाया। मैच में बारिश से भी बाधा आई। इंग्लैंड की ओर से केवल हैरी ब्रूक ही टिक पाये। ब्रूक ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाये।

## 2007 टी20 विश्वकप खेलने से सचिन, द्रविड और गांगुली ने इंकार कर दिया था - ललित मोदी

**मुम्बई ।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने खुलासा किया है कि साल 2007 में जब पहली बार आईपीएल शुरु हुआ था तो सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने उसमें खेलने से इंकार कर दिया था। इन लोगों ने इस प्रारुप को बेवकूफी बताया था। वहीं आज टी20 क्रिकेट इतना बड़ा खेल बन गया है कि इसके आगे टेस्ट और वनडे की चमक फीकी पड़ गई है।ललित मोदी के अनुसार टी20 विश्व कप 2007 से पहले भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर थी, जहां उन्हें तीन टेस्ट मैच और 7 एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलनी थी। इसके बाद टी20 विश्वकप शुरु होना था। तब इंग्लैंड दौरे के लिए राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसे सीनियर स्टार टीम का हिस्सा थे।

## फीफा विश्वकप के अभ्यास मुकाबले में कोटे डी आइवर ने फ्रांस को हराकर किया उलटफेर

### इराक और स्पेन का मुकाबला बराबरी पर रहा

**मैड्रिड ।**

11 जून से शुरु हो रहे फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के अभ्यास मुकाबले जारी हैं। पूर्व चैम्पियन फ्रांस को 2-1 से हराकर सनसनी फैला दी। वहीं इराक ने अपने से कही बेहतर टीम स्पेन को 1-1 की बराबरी पर रोककर सभी को हैरान कर दिया। वहीं स्वीडन और यूनान का मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा। में स्पेन और इराक के मुकाबले की बात करें तो जहां स्पेनिश टीम कई बदलावों के साथ उतरी। वहीं इराक ने अपनी अनुभवी टीम उतारी। मैच की शुरुआत से ही स्पेन ने हमले शुरु कर दिये। 16वें मिनट में ही फेरान टोरेस ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। वहीं 27वें मिनट में इराक ने एक गोली कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। ये गोल मर्चास डोस्की ने दागा। इसके बाद दोनो ही टीमों ने कई प्रयास किये पर गोल करने में सफल नहीं हुईं। वहीं स्वीडन और यूनान के बीच खेला गया दूसरा अभ्यास मैच भी 2-2 से बराबरी पर रहा। दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। यूनान की ओर से कोस्टास सिमि कास ने 10वें मिनट में ही एक गोल कर पहला गोल दागा। इसके बाद स्वीडन की ओर से आर्सेनल के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस ने डिफ्लेक्टेड फ्री-किक पर गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। स्वीडन की ओर से गुस्ताफ निल्सन ने मैच के 69वें मिनट में दूसरा गोल किया। वहीं इंजरी टाइम में जॉर्जोस मासौरास ने गोलदागकर यूनान को बराबरी पर ला दिया। वहीं ।



## राहुल को व्यस्त कार्यक्रम के कारण किसी टीम ने नहीं खरीदा

**मुम्बई ।**



बल्लेबाज केएल राहुल को व्यस्त कार्यक्रम होने से किसी भी टीम ने महाराजा टी20 ट्रॉपी (केएससीए) टी20 लीग के लिए शामिल नहीं किया है। ये लीग , 20 जून से शुरु होने जा रही है। इस लीग के लिए राहुल पर भी सभी की नजरें लगीं थीं पर उन्हें किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। इसका कारण उनका उनकी बल्लेबाजी या फॉर्म नहीं बल्कि व्यस्त कार्यक्रम है। राहुल को शनिवार से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरु हो रहे टेस्ट मैच में खेलना है। इसके लिए उन्हें टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं टेस्ट मैच के बाद राहुल को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज भी खेलनी है। इसके बाद भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरे पर जाना है। ऐसें लगातार खेलने जा रहे राहुल के पास किसी भी लीग में खेलने का समय नहीं है। इस कारण से वह केएससीए लीग से बाहर हैं और किसी टीम ने उनपर बोली नहीं लगायी। लीग के लिए राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा दोनों के नाम सामने रखे गये थे। इसमें कृष्णा को मैसूर वॉरियर्स ने 2.6 लाख रुपये में खरीदा। राहुल ने हाल ही में हुए आईपीएल 2026 में काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 14 मैचों में उन्होंने 45 से अधिक की औसत के साथ 593 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट काफी अच्छा रहा था। इस कारण केएससीए लीग के लिए उनकी अच्छी मांग थी।